# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बोकारो, सोमवार, 27 अक्टूबर 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 160 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


**शुभकामनाएं**

लोक आस्था का महापर्व छठ व्रत के अवसर पर नवविहार टाइम्स के पाठकों, विज्ञापनदाताओं एवं सहयोगियों को हार्दिक शुभकामनाएं

कमल किशोर
संपादक/प्रकाशक

**सूचना**

लोक आस्था का महापर्व छठ व्रत के अवसर पर 27 अक्टूबर 2025 को नवबिहार टाइम्स कार्यालय एवं प्रेस बंद रहेगा। अतः अगला अंक 29 अक्टूबर को प्रकाशित होगा।

संपादक

## सीएम हेमंत सोरेन ने सिविल सर्जन सहित कई अधिकारियों को किया निलंबित

### चाईबासा सदर अस्पताल में मासूम को एचआइवी संक्रमित रक्त चढ़ाने का मामला



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चाइबासा**। झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले से एक भयावह लापरवाही का मामला सामने आया है। चाईबासा सदर अस्पताल में थैलेसीमिया से पीड़ित एक मासूम को एचआईवी संक्रमित रक्त चढ़ाए जाने की पुष्टि हुई है। इस गंभीर प्रकरण पर राज्य सरकार ने तुरंत एक्शन लेते हुए चाईबासा के सिविल सर्जन डॉ. सुशांतो कुमार मांझी समेत कई जिम्मेदार अधिकारियों को निलंबित करने का आदेश दिया है।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने घटना को अमानवीय करार देते हुए कहा कि ऐसी लापरवाही किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने पीड़ित बच्चों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों से कहा कि दोषियों पर कठोर से कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों। जानकारी के अनुसार, मंझारी क्षेत्र के एक थैलेसीमिया पीड़ित बच्चे को ब्लड बैंक से एचआईवी पॉजिटिव रक्त चढ़ाया गया था।

मामले के उजागर होते ही परिवार ने जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग से शिकायत की। स्थानीय जिला परिषद सदस्य माधव चंद्र कुंकल ने आरोप लगाया कि बच्चे को बदले की भावना से संक्रमित रक्त चढ़ाया गया, क्योंकि करीब एक वर्ष पूर्व बच्चे की बुआ ने ब्लड बैंक के कर्मचारी मनोज कुमार पर दुर्व्यवहार का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया था, जो वर्तमान में अदालत में लंबित है। इस पूरे मामले पर झारखंड हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए जांच समिति गठित की। जांच रिपोर्ट में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि चार और बच्चों को भी संक्रमित रक्त चढ़ाया गया है। राज्य सरकार ने इस घटना को गंभीर लापरवाही और मानवीय संवेदनहीनता का मामला बताते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी प्रशासनिक कार्रवाई के संकेत दिए हैं। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि "स्वास्थ्य सेवाओं से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी सूरत में छोड़ा नहीं जाएगा।"

## वंदे भारत में गूंजे छठ के गीत



दिल्ली/नबिटा सं। भारतीय रेल की सेमी हाई-स्पीड और आधुनिक सुविधाओं से लैस वंदे भारत एक्सप्रेस सेवा ने एक बार फिर देशवासियों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है। छठ के पावन अवसर पर नई दिल्ली और पटना के बीच चलाई जा रही अनेक विशेष गाड़ियों में एक वंदे भारत एक्सप्रेस भी शामिल है, जिसने यात्रियों को छठ पर्व की भावना में डुबो दिया। शनिवार को विशेष वंदे भारत एक्सप्रेस में यात्रा कर रहे यात्रियों के लिए सफर का अनुभव और भी खास बन गया, जब ट्रेन में छठ के पारंपरिक गीतों की मधुर धुनें गूंज उठीं। भारतीय रेल की इस पहल ने छठ पूजा के अवसर पर पारंपरिक लोकगीतों की मनमोहक धुनें बजाकर यात्रियों को अपने घर-परिवार और संस्कृति से भावनात्मक रूप से जोड़ दिया।

छठ पर्व पर घर लौट रहे यात्रियों का उत्साह और आनंद इस दौरान कई गुना बढ़ गया।

वंदे भारत एक्सप्रेस अपनी रफ्तार के साथ-साथ अपनी आधुनिक सुविधाओं के लिए भी जानी जाती है। इसके कोच यात्रियों को एयरलाइंस जैसी सुविधा और आराम का अनुभव कराते हैं। ट्रेन में ऑटोमेटिक स्लाइडिंग दरवाजे, आरामदायक सीटें, फोल्डेबल स्नैक टेबल, प्रत्येक सीट पर चार्जिंग प्वाइंट, आधुनिक बायो-टॉयलेट, इंफोटेनमेंट सिस्टम और GPS आधारित रियल-टाइम सूचना जैसी सुविधाएँ उपलब्ध हैं। सुरक्षा के लिए इसमें स्वदेशी 'कवच' प्रणाली भी लगाई गई है, जिससे यह यात्रा को और सुरक्षित बनाती है।

वर्तमान में देशभर में 156 वंदे भारत एक्सप्रेस सेवाएं परिचालित हैं। वहीं, पटना और नई दिल्ली के बीच चलाई जा रही यह विशेष वंदे भारत एक्सप्रेस नियमित सेवाओं के अतिरिक्त है, जिसे विशेष रूप से त्योहारों के अवसर पर संचालित किया जा रहा है।

## चलती बस में लगी आग, 45 यात्रियों की जान बची

### बाइक सवार की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची**। झारखंड की राजधानी रांची में शनिवार शाम एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। मांडर बाजारटांड़ के पास चलती यात्री बस में अचानक आग लग गई, लेकिन एक बाइक सवार राहगीर की तत्परता से बस में सफर कर रहे लगभग 45 यात्रियों की जान बच गई। हालांकि बस से उतरने की अफरा-तफरी में कुछ यात्रियों को हल्की चोटें आईं। जानकारी के अनुसार, मोना नामक यात्री बस रांची से चतरा जा रही थी। शाम करीब 5:30 बजे जब बस मांडर बाजारटांड़ के समीप पहुंची, तो एक बाइक सवार ने बस के पिछले हिस्से से धुआं उठते देखा। उसने तुरंत ड्राइवर को इशारा कर आग की जानकारी दी। ड्राइवर ने तत्परता दिखाते हुए बस को सड़क किनारे रोक दिया। तभी बस के पिछले हिस्से में लपटें उठने लगीं, जिससे यात्रियों में हड़कंप मच गया। बस में केवल एक ही दरवाजा होने के कारण यात्रियों में भगदड़ मच गई। धक्का-मुक्की के दौरान कई यात्री एक-दूसरे पर गिर पड़े और कुछ को मामूली चोटें आईं। इस बीच स्थानीय ग्रामीणों ने सूझबूझ दिखाते हुए पानी और बालू की मदद से आग पर काबू पा लिया। सूचना मिलते ही मांडर थाना प्रभारी मनोज करमाली पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और यात्रियों को सुरक्षित स्थान पर ले जाकर राहत कार्य में सहयोग किया। बस चालक ने बताया कि घटना बैटरी में शॉर्ट सर्किट के कारण हुई। बैटरी के ऊपर बने बॉक्स में यात्रियों का सामान रखा हुआ था, जिसमें टायर रिसोलिंग का सामान भी था। अगर आग उस हिस्से तक पहुंच जाती, तो एक भीषण विस्फोट हो सकता था। स्थानीय लोगों की तत्परता और पुलिस की समय पर कार्रवाई से एक बड़ा हादसा टल गया, लेकिन इस घटना ने फिर एक बार सार्वजनिक वाहनों में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## जेडीयू में गोपाल मंडल समेत पांच नेता पार्टी से निष्कासित

### बागियों पर नीतीश कुमार की सर्जिकल स्ट्राइक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना**। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के पहले चरण के मतदान से ठीक पहले जेडीयू ने बागी नेताओं पर ताबड़तोड़ कार्रवाई शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निर्देश पर पार्टी ने महज दो दिनों में दो विधायकों समेत कुल 16 नेताओं को बाहर का रास्ता दिखा दिया है। इनमें पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक और पूर्व विधान पार्षद तक शामिल हैं। टिकट नहीं मिलने से नाराज़ कई नेताओं ने पार्टी विरोधी रुख अपना लिया था और निर्दलीय रूप से चुनाव मैदान में उतर गए थे।

**दो दिनों में 16 नेताओं पर गिरी गाजः** 25 अक्टूबर को जेडीयू ने एक विधायक समेत 11 नेताओं को पार्टी से निष्कासित किया था। वहीं, शनिवार को पार्टी ने एक बार फिर कठोर कदम उठाते हुए बड़बोले विधायक गोपाल मंडल सहित पांच और नेताओं की सदस्यता समाप्त कर दी। इस बार गोपालपुर सीट से गोपाल मंडल का टिकट काटकर बुलो मंडल को प्रत्याशी बनाया गया था, जिसके बाद गोपाल मंडल निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं।

**धरना से लेकर निर्दलीय मैदान तक गोपाल मंडलः** टिकट नहीं मिलने के बाद गोपाल मंडल ने मुख्यमंत्री आवास के बाहर धरना दिया था। अब वे बागी तेवर अपनाते हुए निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। प्रचार के दौरान वे यह कहते भी नजर आ रहे हैं कि "जीतकर नीतीश कुमार का ही हाथ मजबूत करेंगे।" हालांकि, उनके इस रुख से जेडीयू के लिए अंदरूनी संकट खड़ा हो गया है, जिसके चलते नीतीश कुमार ने उन्हें पार्टी से बाहर कर दिया।

**महेश्वर यादव और बेटा प्रभात किरण भी बाहरः** गोपाल मंडल के साथ-साथ गायघाट के पूर्व विधायक महेश्वर प्रसाद यादव और उनके बेटे प्रभात किरण को भी जेडीयू से निष्कासित कर दिया गया है। इसके अलावा गया से पूर्व विधान पार्षद संजीव श्याम सिंह और कटिहार कदवा से पूर्व मंत्री हिमराज सिंह पर भी अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए पार्टी से बाहर कर दिया गया है।

**जेडीयू ने बनाई जंबो जेट अभियान समितिः** बागियों पर एक ओर सख्त कार्रवाई के बीच नीतीश कुमार ने चुनावी रणनीति को धार देने के लिए 197 सदस्यीय 'जंबो जेट चुनाव अभियान समिति' का गठन किया है। इसकी अध्यक्षता जननायक कर्पूरी ठाकुर के पुत्र एवं केंद्रीय मंत्री रामनाथ ठाकुर करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा को संयोजक तथा रंजू गीता को सहसंयोजक बनाया गया है। जिन नेताओं को टिकट नहीं मिला है, उन्हें भी समिति में स्थान दिया गया है।

**चार सदस्यीय मॉनिटरिंग सेल भी बनीः** पटना स्थित पार्टी मुख्यालय में चार सदस्यीय मॉनिटरिंग सेल का गठन किया गया है, जो चुनाव प्रचार की गति और अनुशासन दोनों पर नजर रखेगा।

**लोजपा प्रकरण से सबकः** गौरतलब है कि वर्ष 2020 के विधानसभा चुनाव में लोजपा और बीजेपी के बागियों के कारण जेडीयू को भारी नुकसान उठाना पड़ा था। इस बार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार किसी भी तरह की अंदरूनी कलह से पार्टी को बचाने के लिए पहले से ही मोर्चाबंदी में जुट गए हैं।

## चिराग पासवान के घर पहुंचे सीएम नीतीश कुमार, लिया खरना प्रसाद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना**। बिहार में जहां एक ओर चुनावी सरगर्मी अपने चरम पर है, वहीं दूसरी ओर लोक आस्था का महापर्व छठ पूरे उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। रविवार को छठ पर्व के दूसरे दिन खरना के अवसर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के आवास पर पहुंचकर खरना का प्रसाद ग्रहण किया और उन्हें छठ पर्व की शुभकामनाएं दीं। बताया गया कि चिराग की बुआ इस बार छठ व्रत कर रही हैं। नीतीश कुमार का यह दौरा सिर्फ धार्मिक नहीं बल्कि राजनीतिक संदेश भी देता नजर आया। चुनावी मौसम में चिराग पासवान के घर जाकर प्रसाद ग्रहण करना एनडीए में एकजुटता का संकेत माना जा रहा है। हाल के दिनों में चिराग और नीतीश के बीच राजनीतिक रिश्तों में आई नरमी भी इस मुलाकात से साफ झलक रही है। गौरतलब है कि कुछ समय पहले चिराग पासवान ने बिहार सरकार की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा था कि "बिहार में पुलिस अपराधियों के आगे नतमस्तक है, मुझे दुख है कि मैं ऐसी सरकार का समर्थन कर रहा हूं।"

## 89 दिनों तक बंद रहेगी गरीबों की 'हमसफर' झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस, 1 दिसंबर से 28 फरवरी तक रहेगा परिचालन स्थगित



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पलामू**। झारखंड से दिल्ली जाने वाले यात्रियों के लिए एक बड़ी खबर सामने आई है। हटिया से आनंद विहार (दिल्ली) के बीच चलने वाली झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस का परिचालन 1 दिसंबर से 28 फरवरी तक के लिए बंद कर दिया गया है। रेलवे के हाजीपुर जोन की ओर से जारी नोटिफिकेशन में बताया गया है कि कोहरे के प्रभाव को देखते हुए कुल 28 ट्रेनों का संचालन अस्थायी रूप से रद्द किया गया है, जिसमें यह ट्रेन भी शामिल है। यह ट्रेन झारखंड के रांची, लोहरदगा, लातेहार, पलामू और गढ़वा जिलों से होकर गुजरती है और इन इलाकों के यात्रियों के लिए गरीबों की लाइफलाइन मानी जाती है। हजारों श्रमिक और आम नागरिक इसी ट्रेन से दिल्ली आते-जाते हैं। फिलहाल ट्रेन के बंद रहने से यात्रियों को केवल राजधानी एक्सप्रेस और गरीब रथ जैसी सीमित विकल्पों पर निर्भर रहना पड़ेगा। जानकारों का कहना है कि पिछले कुछ वर्षों से हर साल कोहरे का हवाला देकर इस ट्रेन को बंद किया जा रहा है। 2024 में भी यही स्थिति बनी थी, लेकिन पलामू के सांसद विष्णुदयाल राम के हस्तक्षेप के बाद इसका परिचालन पुनः शुरू किया गया था। रेलवे पदाधिकारी श्यामदेव सिंह ने बताया कि पलामू इलाके से मालगाड़ी के जरिए बड़े पैमाने पर कोयला की ढुलाई होती है, लेकिन इसके अनुपात में यात्रियों को पर्याप्त सुविधा नहीं दी जाती। वहीं स्थानीय रेल यात्री रोहित शुक्ला ने नाराजगी जताते हुए कहा कि "हर साल झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस को बंद करना दुर्भाग्यपूर्ण है। यह गरीबों की ट्रेन है, जिससे लोग सस्ते किराए में दिल्ली तक का सफर करते हैं।"

लोगों की मांग है कि रेलवे इस फैसले पर पुनर्विचार करे, ताकि ठंड के मौसम में दिल्ली और झारखंड के बीच यात्रा करने वाले हजारों गरीब यात्रियों को राहत मिल सके।

## सोन नदी में डूबे तीन युवक, नहाने के दौरान हुआ हादसा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर**। जिला के हुसैनाबाद थाना अंतर्गत पोखराही गांव के पास तीन युवक सोन नदी में डूब गए हैं। ग्रामीणों के मुताबिक कुछ युवक सोन नदी में नहाने के लिए गए थे। उनमें तीन युवक ज्यादा पानी की वजह नदी में डूब गए। इस घटना को लेकर गांव और आसपास के इलाके में मातम का माहौल है जबकि पोखराही गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। डूबने वालों में अंकुश पासवान उम्र (22 वर्ष, शेरघाटी, बिहार) यह अपने ससुराल पोखराही गांव आये हुए थे। ससुराल में छठ महापर्व हो रहा है। दूसरा आदर्श चंद्रवंशी (22 साल इटवा, नबीनगर, बिहार) और तीसरा रजनीश चंद्रवंशी (23 साल) पोखराही का रहने वाले हैं।

## तेज रफ्तार बस ने बाइक सवार चाचा-भतीजे को रौंदा, दोनों की मौत




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोपालगंज**। बिहार-उत्तर प्रदेश की सीमा पर सलेमगढ़ टोल प्लाजा के समीप शनिवार को एक भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार चाचा-भतीजे की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार, यह हादसा यूपी के तरेया सुजान थाना क्षेत्र के अंतर्गत एनएच-27 पर हुआ। गोपालगंज जिले के गोपालपुर थाना क्षेत्र के सुखदेव पट्टी गांव निवासी अली मियां और उनके 21 वर्षीय भतीजे अब्बास अंसारी बाइक से अपने रिश्तेदारी से लौट रहे थे। इसी दौरान दिल्ली से मुजफ्फरपुर जा रही एक तेज रफ्तार बस ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद बस अनियंत्रित होकर सामने खड़ी एक ट्रक से जा भिड़ी, जिससे बस का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया, जबकि पुलिस ने बस को जब्त कर लिया है। सूचना मिलते ही तरेया सुजान थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, कुशीनगर भेज दिया। इस दर्दनाक हादसे की खबर मिलते ही मृतकों के गांव सुखदेव पट्टी में मातम छा गया। परिजन रोते-बिलखते घटनास्थल की ओर रवाना हो गए। पूरे गांव में शोक और आक्रोश का माहौल व्याप्त है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को मुआवजा और दोषी चालक की गिरफ्तारी की मांग की है।

## सीएम हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन ने जताई संवेदना, विनोद पांडेय के घर पहुंचकर दी श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची**। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रविवार को अपनी पत्नी एवं विधायक कल्पना सोरेन के साथ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय महासचिव एवं राज्य समन्वय समिति के सदस्य विनोद कुमार पांडेय के आवास पहुंचे। दोनों नेताओं ने हरमू हाउसिंग कॉलोनी स्थित निवास पर आयोजित स्वर्गीय जलेश्वरी देवी के "ब्राह्मण भोज" सह "कुटुंब भोज" कार्यक्रम में भाग लिया।

मुख्यमंत्री और विधायक कल्पना सोरेन ने दिवंगत जलेश्वरी देवी की आत्मा के प्रति पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और परिवार के सदस्यों से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि "दिवंगत आत्मा को ईश्वर शांति प्रदान करें और शोकाकुल परिवार को इस कठिन समय में धैर्य व शक्ति दें।" सीएम सोरेन और कल्पना सोरेन ने विनोद पांडेय सहित परिवार के अन्य सदस्यों को ढांढस बंधाया और कहा कि पार्टी हमेशा उनके साथ खड़ी है। उन्होंने परिवार के प्रति सहानुभूति और एकजुटता का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान झामुमो के कई वरिष्ठ नेता और स्थानीय कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

### अफीम तस्करी का बरेली कनेक्शन ! पलामू में यूपी के चार तस्कर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर**। झारखंड में अफीम तस्करी का एक बड़ा नेटवर्क उत्तर प्रदेश के बरेली से जुड़ा पाया गया है। पलामू पुलिस ने चार तस्करों को गिरफ्तार किया है, जिनके पास अफीम की तस्करी से जुड़े ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के सबूत भी मिले हैं। जानकारी के अनुसार, लेस्लीगंज थाना क्षेत्र में पुलिस नियमित चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान एक कार को रोका गया, जिसमें सवार लोगों ने अपना पता उत्तर प्रदेश के बरेली के रूप में बताया, जबकि कार की नंबर प्लेट झारखंड के रांची की थी। पूछताछ में पता चला कि यह कार फर्जी नंबर प्लेट का इस्तेमाल कर रही थी और इसके सवार अफीम तस्करी नेटवर्क से जुड़े हुए थे। लेस्लीगंज थाना पुलिस ने इस मामले में फिरोज अंसारी, शाहनवाज, इरफान और अभय प्रताप सिंह को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी बरेली और बदायूं जिले के निवासी हैं और इनका अफीम तस्करी का नेटवर्क बरेली इलाके में सक्रिय है।

## भागलपुर रेलवे स्टेशन पर छठ पूजा को लेकर यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा के व्यापक इंतजाम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर**। पूर्व रेलवे के मालदा मंडल के रेल प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में छठ पूजा के अवसर पर यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए व्यापक तैयारियाँ की गई हैं। इन्हीं तैयारियों को मीडिया प्रतिनिधियों के सामने प्रस्तुत करने के लिए शनिवार को भागलपुर रेलवे स्टेशन पर एक भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक मिस अंजन ने किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए दो अस्थायी होल्डिंग एरिया बनाए गए हैं। पहला स्टेशन सर्कुलेटिंग एरिया, जिसमें लगभग 1200 यात्रियों के ठहरने की व्यवस्था है, जबकि दूसरा प्लेटफॉर्म संख्या-1 में लगभग 500 यात्री रह सकते हैं। इन दोनों स्थानों पर पंखे, लाइट, बैठने की सुविधा और सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली की व्यवस्था की गई है। मिस अंजन ने कहा कि भीड़ कम करने के लिए सभी टिकट काउंटरों पर M-UTS मोबाइल टिकटिंग सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इसके अलावा एटीवीएम मशीनों और नजदीकी काउंटरों से भी टिकट आसानी से प्राप्त किए जा सकते हैं। स्टेशन पर 84 सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निरंतर निगरानी की जा रही है, ताकि यात्रियों की सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सके। त्योहार की भावना को बनाए रखने के लिए स्टेशन पर छठ गीतों का प्रसारण किया जा रहा है और एक सांस्कृतिक मंच भी तैयार किया गया है, जहाँ भजन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ आयोजित की जा रही हैं। यात्रियों के लिए स्वच्छ पेयजल, डस्टबिन, मोबाइल टिकटिंग सेवा, विशेष ट्रेन टाइम टेबल और आरामदायक बैठने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

## जामताड़ा के नाला विधानसभा क्षेत्र में विकास की नई राह, 17 सड़कों के निर्माण का शिलान्यास

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जामताड़ा**। नाला विधानसभा के विधायक और विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो ने अपने क्षेत्रवासियों को विकास की बड़ी सौगात दी है। उन्होंने करीब 12 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली 17 सड़कों के निर्माण और मजबूतीकरण का शिलान्यास किया। कुल 35 किलोमीटर लंबी इन सड़कों के बनने से नाला विधानसभा क्षेत्र में आवागमन और विकास की दिशा में नई गति आने की उम्मीद है।

शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान विधायक महतो ने कहा कि सड़कों का निर्माण किसी भी क्षेत्र के विकास की रीढ़ है। पक्की सड़कों के निर्माण से ग्रामीण इलाकों में संपर्क सुविधा बढ़ेगी, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापार के क्षेत्र में भी तेजी आएगी। उन्होंने बताया कि यह परियोजना जनता से किए गए वादों को पूरा करने की दिशा में एक ठोस कदम है। विधायक ने भरोसा दिलाया कि आने वाले समय में हर पंचायत में विकास की गूंज सुनाई देगी। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई, बिजली और रोजगार जैसी बुनियादी सुविधाएं हर घर तक पहुंचें। इसके लिए क्षेत्र में कई योजनाओं पर काम चल रहा है और जल्द ही इसके सकारात्मक परिणाम दिखाई देंगे। शिलान्यास कार्यक्रम में स्थानीय लोगों और कार्यकर्ताओं ने विधायक का माल्यार्पण कर स्वागत किया। मौके पर झामुमो के कई कार्यकर्ता, ग्रामीण और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। इस पहल से क्षेत्रवासियों में उत्साह का माहौल देखने को मिला और नाला विधानसभा क्षेत्र के विकास को लेकर नई उम्मीदें जगी हैं।

### 28 से 31 अक्टूबर तक भारी बारिश का अलर्ट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची**। दक्षिण पूर्वी बंगाल की खाड़ी में बना दवाब क्षेत्र वाला एक सिस्टम पश्चिम उत्तर पश्चिम की ओर लगातार बढ़ रहा है। 28 अक्टूबर की शाम या रात तक काकीनाडा के पास समुद्रतट से टकराएगा और भीषण चक्रवाती तूफान में तब्दील हो जाने की पूरी उम्मीद है। इस चक्रवातीय तूफान का नाम मोंथा दिया गया है, जो थाईलैंड का दिया हुआ नाम है। इस चक्रवातीय तूफान मोंथा का असर झारखंड के ऊपर भी दिखेगा। रांची स्थित मौसम केंद्र ने मोंथा के प्रभाव से राज्य में 28 अक्टूबर से 31अक्टूबर तक अलग अलग जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। इसके साथ साथ मौसम केंद्र ने 28 अक्टूबर से 1 नवंबर तक राज्य भर में 30-40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा के झोंके, मेघगर्जन और वज्रपात का भी येलो अलर्ट जारी किया है।

## हजारीबाग पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# कोर्रा थाना क्षेत्र में जुआ खेलते 9 गिरफ्तार, ताश की गड्डी, नकदी और मोबाइल बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** पुलिस अधीक्षक हजारीबाग के निर्देश पर अवैध जुआ खेलने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत हजारीबाग पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। कोर्रा थाना पुलिस ने विकास नगर सारले स्थित एक मकान में छापेमारी कर जुआ खेलते 9 लोगों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया।

गुप्त सूचना पर थाना प्रभारी कोर्रा अजीत कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी की। मौके से ताश की गड्डी, ?18,600 नकद और 9 मोबाइल फोन बरामद किए गए। कुछ लोग अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए।

गिरफ्तार सभी अभियुक्तों के विरुद्ध कोर्रा थाना कांड संख्या 190/25 दिनांक 24.10.25, धारा 292/3(5) भारतीय न्याय संहिता एवं 11 बंगाल जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

विदित हो कि हजारीबाग पुलिस द्वारा जिले में अवैध जुआ एवं अन्य गैरकानूनी गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

बरामद सामग्रीः

ताश की गड्डी झ 01 पैकेट

नकद राशि-18,600

मोबाइल फोन-09

**गिरफ्तार अभियुक्त**

अभय कुमार, अंशु राज, विपुल नारायण, सुधांशु राज, विवेक मेहता, शेखर कुमार, दिलीप कुमार, ऋषि कुमार और राम प्रवेश कुमार — सभी हजारीबाग जिले के विभिन्न इलाकों से संबंधित हैं।

**छापेमारी दल**

पु०अ०नि० अजीत कुमार (थाना प्रभारी, कोर्रा)

पु०अ०नि० राहुल कुमार

पु०अ०नि० पुन्नु कुमार यादव

कोर्रा थाना का सशस्त्र बल

## छठव्रतियों के लिए छठ घाटों पर हो समुचित व्यवस्था : सुनील

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटिहार नगर।** कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सुनील कुमार यादव ने अपने समर्थकों के साथ शहर के विभिन्न छठ पूजा घाटों का सघन भ्रमण किया और वहां चल रही तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने जहां भी कमियाँ पाईं। उसे लेकर संबंधित पदाधिकारियों से बात कर तत्काल समाधान करने का निर्देश दिया।?कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुनील कुमार यादव ने कहा कि लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा श्रद्धालुओं के लिए सबसे बड़ा पर्व है। उन्होंने नगर निगम द्वारा छठ घाटों पर की जा रही तैयारियों की धीमी गति पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि अगर युद्ध स्तर पर कार्य करवाया जाएगा, तभी छठव्रतियों और श्रद्धालुओं को सुविधा मिल पाएगी। जिलाध्यक्ष ने बल देते हुए कहा कि अभी भी कई ऐसे छठ पूजा घाट हैं जहां पर समुचित व्यवस्था नजर नहीं आ रही है। इसलिए संबंधित पदाधिकारी से बात कर सभी घाटों पर छठव्रतियों और श्रद्धालुओं के लिए चेंजिंग रूम, अस्थाई शौचालय के साथ-साथ विशेष साफ-सफाई सुनिश्चित की जानी चाहिए। जिलाध्यक्ष ने सभी जिलावासियों से लोक आस्था के इस महापर्व को उत्साह और शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। इस मौके पर दिलीप विश्वास,सउद मुखिया, अखिलेश पोद्दार, रामानंद यादव, चंदन यादव, प्रीतम चक्रवर्ती, रामप्रकाश यादव,भीम यादव सहित कई स्थानीय जन प्रतिनिधि और बुद्धिजीवी लोग भी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## रेलवे जंक्शन पर लगाया निःशुल्क पेयजल और शर्बत शिविर

**कटिहार नगर।** लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के अवसर पर यात्रा करने वाले व्रतियों और उनके परिजनों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कटिहार जंक्शन के प्रांगण में 'राम-रहीम सेवा समिति' द्वारा एक निःशुल्क पेयजल और शरबत शिविर का आयोजन किया गया है। समिति की इस पहल की क्षेत्र में सराहना की जा रही है। क्योंकि छठ के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु ट्रेन से यात्रा करते हैं। ?समिति के सदस्यों ने बताया कि छठ पर्व के दौरान दूर-दराज से आने वाले या अपने गंतव्य की ओर जाने वाले व्रतियों को अक्सर शुद्ध पेयजल की समस्या का सामना करना पड़ता है। इसी परेशानी को देखते हुए और अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए राम-रहीम सेवा समिति ने यह शिविर लगाया है। शिविर में छठ व्रत करने वाली महिलाओं और उनके साथ सफर कर रहे अन्य लोगों को शीतल जल के साथ-साथ तरोताजा करने वाला शरबत भी निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है।

# नहाय-खाय के साथ शुरू हुआ लोक आस्था का महापर्व छठ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटिहार नगर।** लोक आस्था का महापर्व छठ नहाय-खाय' की परंपरा के साथ शुरू हो गया। सूर्य देव और छठी मैया की आराधना का यह चार दिवसीय अनुष्ठान पूरे जिले में श्रद्धा, पवित्रता और भक्तिमय माहौल के बीच आरंभ हुआ।

पर्व के पहले दिन व्रती महिलाओं और पुरुषों ने पवित्र नदी व जलाशयों में स्नान किया और इसके बाद शुद्ध, सात्विक भोजन ग्रहण कर व्रत का संकल्प लिया। नहाय-खाय के दिन विशेष रूप से कद्दू का बना प्रसाद कद्दू-भात ग्रहण करने की परंपरा है। लहसुन-प्याज रहित, शुद्ध घी, सरसों तेल और सेंधा नमक में बने इस प्रसाद को व्रती और परिवार के सदस्यों ने ग्रहण किया। मान्यता है कि यह सात्विक भोजन व्रती को आने वाले 36 घंटे के निर्जला व्रत के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से तैयार करता है। वही ?छठ महापर्व का दूसरा दिन आज रविवार को 'खरना' है। इस दिन व्रती पूरे दिन उपवास रखेंगे और शाम को गुड़ की खीर और रोटी का महाप्रसाद बनाएंगे। सूर्य देव और छठी मैया को भोग लगाने के बाद व्रती इस प्रसाद को ग्रहण करेंगे। खरना का प्रसाद ग्रहण करने के साथ ही व्रतियों का 36 घंटे का कठिन निर्जला व्रत शुरू हो जाएगा। ?छठ को लेकर विभिन्न घाट पर लगभग तैयारी पूरी कर ली गई है। जिला प्रशासन भी इसको लेकर काफी मुस्तैद है। लगातार वरीय अधिकारियों के द्वारा छठ घाटों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं। जबकि कुछ घाट पर स्थानीय पूजा समिति के लोग भी व्रतियों को यथासंभव सुविधा पहुंचाने के लिए अपने - अपने स्तर से तैयारी कर रहे है।

# छठ पर महिला आरपीएफ अधिकारी बनीं भीड़ नियंत्रण की मिसाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटिहार।** छठ महापर्व के अवसर पर कटिहार स्टेशन पर अपार भीड़ उमड़ी, लेकिन रेल प्रशासन द्वारा सुरक्षा की बेहतरीन व्यवस्था से पूरा माहौल शांतिपूर्ण बना रहा। भीड़ नियंत्रण में कटिहार ईस्ट पोस्ट में पदस्थापित आरपीएफ की एक महिला अधिकारी मुक्ति शील ने लेडी सिंघम के रूप में अद्भुत साहस और संयम का परिचय देते हुए अकेले ही स्थिति को संभाल लिया।

जहां कई पुरुष अधिकारी और जवान ड्यूटी पर मौजूद थे। वही आरपीएफ की उस जांबाज महिला अधिकारी ने श्रद्धालुओं को सुरक्षित ट्रेन में बैठाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने किसी भी महिला यात्री को परेशान नहीं होने दिया और पूरे समय मुस्तैदी से ड्यूटी निभाई। उनके कार्य की यात्रियों और स्थानीय लोगों ने खूब सराहना की। वहीं रेल प्रशासन ने भी उनकी तत्परता और जिम्मेदारी की प्रशंसा की। जिससे छठ पर्व के दौरान रेल परिचालन पूर्णतः सामान्य और शांतिपूर्ण बना रहा। वही




कटिहार में महापर्व के मौके पर गंगा स्नान हेतु उमरी भीड़ नियंत्रण में रेल प्रशासन के अलावा आरपीएफ और जीआरपी के अधिकारियों और जवानों के साथ जिला प्रशासन की भी अहम भूमिका रही।

# डीसीएम ने किया औचक निरीक्षण

## सफाई सुपरवाइजर को लगाई फटकार, दिए कई निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटिहार।** कटिहार रेल मंडल की डीसीएम संगीता मीणा ने रविवार को कटिहार स्टेशन का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान रेलवे ट्रैक पर फैली गंदगी देखकर उन्होंने नाराजगी जताई और मौके पर ही सफाई सुपरवाइजर की जमकर क्लास लगाई। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी कि स्वच्छता में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

साथ ही स्टेशन परिसर की सफाई व्यवस्था में तुरंत सुधार के निर्देश दिए। डीसीएम संगीता मीणा ने स्टेशन और होल्डिंग एरिया में यात्रियों की समुचित सुविधा,अनाउंसमेंट सिस्टम, टिकट काउंटर की स्थिति तथा रिटायरिंग रूम की सफाई की भी जांच की।निरीक्षण के क्रम में डीसीएम ने सफाई विभाग को निर्देश दिया कि स्टेशन की छवि बनाए रखने के लिए नियमित मॉनिटरिंग करे और रेल और स्टेशन में सफाई व्यवस्था को बनाएं रखे। डीसीएम स्टेशन पर श्रद्धालुओं की समुचित व्यवस्था का जायजा लेने के लिए नियमित रूप में लगातार स्टेशन का निरक्षण कर रही है ताकि किसी भी श्रद्धालुओं को यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की दिक्कत का सामना नहीं करना पड़े।मौके पर एसीएम कुमार जितेंद्र सिंह, सीएमआई पुष्पेंद्र कुमार सहित कई वाणिज्य कर्मी आदि मौजूद रहे ।



# अवैध हथियार व आधा दर्जन चोरी की बाइक के साथ एक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मनसाही/कटिहार।** मनसाही थाना क्षेत्र के मीरकहा गांव से एक व्यक्ति को अवैध हथियार अपने घर में छिपा कर रखने का मामला प्रकाश में आया हैं। इस बाबत मनसाही थानाध्यक्ष नरेंद्र कुमार प्रसाद ने बताया कि गुप्त सूचना मिला कि मीरकहा गांव में एक व्यक्ति के घर में अवैध रूप से देसी कट्टा सहित घर में अन्य समान छुपा कर रखा हैं । थानाध्यक्ष ने बताया कि एक टीम का गठन किया गया एवं छापामारी की गई। इस दौरान एक व्यक्ति मोहम्मद आरिफ (30) पिता मोहम्मद इजरायल को अपने घर में दो देशी कट्टा,14 तलवार,6 चोरी की मोटरसाइकिल एवं एक फाइटर बरामद किया एवं मनसाही थाने लाई।अवैध रूप से हथियार, तलवार,चोरी की मोटरसाइकिल, फाइटर आदि रखने के जुर्म में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी हैं।



## दारू प्रखंड के जिनगा में पहली बार वाराणसी की तर्ज पर भव्य गंगा आरती का आयोजन, होगा ऐतिहासिक दृश्य

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दारू (हजारीबाग)।** छठ महापर्व के पावन अवसर पर दारू प्रखंड के ग्राम जिनगा में इस वर्ष एक ऐतिहासिक और भव्य आयोजन होने जा रहा है। पहली बार वाराणसी की तर्ज पर जिनगा तालाब (शिव मंदिर के बगल में) में गंगा आरती का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

इस आयोजन में वाराणसी की प्रसिद्ध श्री नारायण गंगा आरती टीम विशेष रूप से भाग लेगी, जो दशाश्वमेध घाट की तर्ज पर देशभर में अपने दिव्य आरती कार्यक्रमों के लिए प्रसिद्ध है। इस बार वही अद्भुत और आध्यात्मिक अनुभव ग्राम जिनगा में भी देखने को मिलेगा।

कार्यक्रम के आयोजक राजेंद्र राणा एवं उदय कुमार ने बताया कि आरती 28 अक्टूबर 2025 (मंगलवार) को संध्या 6 बजे से प्रारंभ होगी। सूर्यास्त के समय आरती गंगा के पवित्र जल में एक अलौकिक और मनमोहक दृश्य प्रस्तुत करेगी, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठेगा।

ग्राम जिनगा के निवासियों ने प्रखंड के सभी गांवों के श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि वे इस ऐतिहासिक अवसर में सम्मिलित होकर आरती के दिव्य अनुभव के साक्षी बनें और कार्यक्रम को सफल बनाएं।

## मुखिया देवकी महतो ने निभाया सामाजिक सरोकार, छठ घाट का निर्माण व सड़क मरम्मती करायी

**चरही (हजारीबाग)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सामाजिक सरोकार और जनसेवा की मिसाल पेश करते हुए हजारीबाग जिला मुखिया संघ के उपाध्यक्ष एवं चुरचू प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष, बहेरा पंचायत के लोकप्रिय मुखिया श्री देवकी महतो ने छठ महापर्व को देखते हुए फुसरी पुल के समीप स्थित छठ घाट का निर्माण कराया तथा तत्काल प्रभाव से घाट तक जाने वाली सड़क की मरम्मती एवं साफ-सफाई का कार्य पूरा करवाया। मुखिया श्री महतो ने बताया कि छठ पर्व बिहार-झारखंड की आस्था का सबसे बड़ा पर्व है, ऐसे में श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, यह सुनिश्चित करना जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी है।

## बरकट्ठा के डाकडीह छठ घाट पर शुरू हुई भव्य छठ पूजा की तैयारी, समिति के युवाओं ने संभाली जिम्मेदारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बरकट्ठा (हजारीबाग)।** छठ महापर्व को लेकर बरकट्ठा प्रखंड के डाकडीह छठ घाट पर तैयारी जोर-शोर से चल रही है। सार्वजनिक छठ पूजा समिति के सदस्यों और युवाओं ने घाट तथा मार्ग की साफ-सफाई का कार्य आपसी सहयोग से पूरा किया। साथ ही पंडाल निर्माण, झंडा लगाने और लाइटिंग की व्यवस्था भी की जा रही है।

समिति के अध्यक्ष बजरंग साव ने बताया कि इस वर्ष छठ घाट को भव्य रूप से सजाया जाएगा। घाट और मार्ग की पूरी साफ-सफाई के साथ-साथ आकर्षक लाइटिंग, लाउडस्पीकर सिस्टम, प्रवेश द्वार (गेट) की साज-सज्जा की विशेष व्यवस्था की जा रही है। साथ ही, श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद में खीर वितरण की योजना पर भी विचार किया जा रहा है। इस अवसर पर समिति के संरक्षक बसंत साव, अध्यक्ष बजरंग साव, सचिव मिठू यादव, कोषाध्यक्ष अमर कुमार, कार्यकारिणी सदस्य विजय यादव, बसंत राम, छत्रु प्रसाद, सुरेश राम, बाबू यादव, कुंदन कुमार, संतोष कुमार, मनु कुमार, लक्ष्मण प्रसाद, अविनाश कुमार, अनिल राम, जागेश्वर साव, टिंकू कुमार सहित बड़ी संख्या में छठ पूजा सहयोगी टीम के युवा उपस्थित थे।

# नहाय-खाय के साथ शुरू हुआ लोक आस्था का महापर्व छठ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डंडखोरा/कटिहार।** प्रखंड क्षेत्र में चार दिवसीय महापर्व छठ को लेकर उत्साहित का माहौल देखा जा रहा है।व्रतियो के परिजन और सहयोगी तैयारियों में जुटे है।आवश्यक खरीदारी पूरी कर स्थानीयस्तर की व्यवस्था में जुट गये हैं ।इस दौरान लोगों को चुनाव प्रचार में आये प्रत्याशियों एवं उनके समर्थकों से भी निपटना पड़ता है।चुनाव के कारण सरकारी मिशनरी चुनाव कार्यों को अंजाम देने में हीं व्यस्त हैं।

इसलिए घाटों की साफ-सफाई,गहरे पानी को चिह्नित कर बेरिकेटिंग करने की जिम्मेवारी भी व्रतियों के परिजन या स्वयंसेवी युवक हीं निभा रहे हैं।पर्व को शांतिपूर्वक संपन्न कराने को लेकर थानाध्यक्ष विजय महतो की अध्यक्षता में आयोजित शांति समिति की बैठक में भी प्रशासनिक पदाधिकारियों की उपस्थिति नहीं रही,वहीं जनप्रतिनिधि की संख्या भी काफी कम थी।थानाध्यक्ष ने उपस्थित लोगों को गहरे पानी वाले घाटों में विशेष सतर्कता अपनाने,घाटों पर पटाखा नहीं फोड़ने,सोशल मिडिया के भड़काऊ तथा सांप्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने वाले पोस्ट से परहेज करने की नसीहत देते हुए थाना को सूचित करने की बात कही।इस बार पर्व को लेकर आमजनों में प्रशासन के प्रति काफी आक्रोश देखा जा रहा है।व्रतियों के परिजनों द्वारा घाटों की सफाई की गई है,लेकिन घाट के आसपास गंदगी का अंबार लगा है।इस बाबत पूछने पर प्रशासनिक पदाधिकारी चुनाव कार्य में लगे होने की बात बताकर पीछा छुड़ा लेते हैं।



# रुपौली में सेविका व आशा कार्यकताओं ने निकाली प्रभात फेरी, मतदाता जागरूकता का दिया संदेश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रूपौली/पूर्णिया।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी अंशुल कुमार के दिशा-निर्देश एवं मार्गदर्शन में रुपौली विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न बूथों पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस क्रम में बूथ संख्या 92, 267, 342 और 352 पर सेविका एवं आशा कार्यकताओं ने प्रभात फेरी, रैली और चुनावी पाठशाला का आयोजन किया।



कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने जन-जन तक मतदान के महत्व का संदेश पहुंचाया और लोगों से आगामी विधानसभा चुनाव में बढ़-चढ़कर मतदान करने की अपील की। रैली के दौरान 'पहले मतदान, फिर जलपान' और 'मतदान है लोकतंत्र की पहचान' जैसे नारे लगाए गए, जिससे स्थानीय लोगों में जागरूकता का उत्साह देखा गया। निर्वाचन पदाधिकारियों ने बताया कि ऐसे कार्यक्रमों का उद्देश्य क्षेत्र में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करना और लोकतंत्र को सशक्त बनाना है। ग्रामीणों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए यह संकल्प लिया कि वे स्वयं मतदान करेंगे और दूसरों को भी मतदान के लिए प्रेरित करेंगे।

# लोक आस्था का महापर्व छठ धैर्य रखने की देती है शिक्षा : अविनाश देव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** लोक आस्था के चार दिवसीय महापर्व छठ का रविवार खरना या खीर भोजन का दिन है। यह दिन शुद्धता, सफाई व सामूहिकता के भाव से भगवान सूर्य को सर्वमनोकामना पूर्ति के लिए गोहराने का प्रतीक है। रविवार की शाम व्रतियों ने नदी में स्नान कर डूबते हुए सूर्य को व्रतियों ने प्रथम अर्घ्य दिया। इसके पश्चात खरना किया।

इसके पूर्व झारखंड माटीकला बोर्ड के प्रमंडलीय कार्यालय मेदिनीनगर में छठ व्रत के लिए आवश्यक मिट्टी निर्मित ढकना व दीया का वितरण किया। कार्यक्रम बोर्ड के सहयोगियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान अविनाश देव ने कहा कि जिस तरह भगवान सूर्य किसी के साथ भेदभाव नहीं करते, उसी प्रकार हमें भी सभी के साथ समन्वय व सद्भाव बनाए रखते हुए निरंतर आगे बढ़ना चाहिए। हमारा देश भारत अद्वितीय है। जहां डूबते सूर्य को भी अर्घ्य दिया जाता है। यह हमें सिखाता है कि कठिन समय में भी धैर्य व सहयोग नहीं छोड़ना चाहिए। छठ में डूबते सूर्य का अर्घ्य जीवन के संघर्षों में धैर्य रखने व बुरे वक्त में भी साथ निभाने की प्रेरणा देता है। हर छठव्रती पारंपरिक गीतों के माध्यम से सबके कल्याण की कामना करती हैं। अन्हरा के आंखी दिह, कोढ़िया के काया भांजी के दिहा तू बलकवा। सूर्य में वह सम्मोहन शक्ति है जिससे धरती आकर्षित होती है। हरियाली बिखरती है। प्रसाद में कंदमूल, फल-फूल रखना प्रकृति के प्रति आभार व संतुलन का प्रतीक है। कहा कि भगवान भास्कर ब्रह्मांड को सदा आबाद रखें, चलायमान रखें, यही कामना है। कार्यक्रम में त्रिपुरारी गुरुजी, राहुल, राजू, भुनेश, सतीश व कार्यालय प्रभारी शोभा प्रजापति सहित अन्य सदस्यों का योगदान सराहनीय रहा।




## सुआ मध्य विद्यालय की प्रधानाध्यापिका का इलाज के दौरान सर गंगाराम अस्पताल में निधन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** सदर प्रखंड के सुआ स्थित राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय की प्रधानाध्यापिका प्रियम कुमारी का आकस्मिक निधन ईलाज के दौरान दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में रविवार को हो गया। वे लंबे समय से अस्वस्थ्य चल रही थी। इनके निधन की खबर सुनते ही सुआ गांव में शोक की लहर दौड़ पड़ी। इस कारण लोक आस्था का महान पर्व छठ फीका पड़ गया। प्रधानाध्यापिका ने पति, एक बेटा व एक बेटी को छोड़ गई हैं। इनके निधन की खबर सुनकर कई लोगों ने शोक संवेदना प्रकट किया है। शोक व्यक्त करनेवालों में मुखिया कुमारी अंजना सिंह, पूर्व मुखिया सरिता देवी, समाजसेवी प्रेम प्रकाश ठाकुर, मुकेश कुमार गुप्ता, टाइगर कुमार, हृदया सिंह, उप प्रमुख शीतल सिंह, अक्षय सिंह, उपाध्या सिंह, राज दुलार सिंह, पूर्व जिला परिषद अर्जुन सिंह समेत विद्यालय परिवार व कई लोगों का नाम शामिल है। प्रधानाध्यापिका शिक्षक मुनेश्वर सिंह की बड़ी बहु थी। इनका पार्थिव दिल्ली से मेदिनीनगर लाया जा रहा है।

# पलामू में छठ पर भी नहीं मिली मइंया सम्मान राशि, महिलाओं में गहरी निराशा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने घोषणा की थी कि छठ महापर्व से पहले मइंया सम्मान योजना की राशि महिला लाभुकों के खातों में भेज दी जाएगी। लेकिन छठ पर्व आ जाने के बावजूद पलामू जिले की महिलाओं के खातों में अब तक यह राशि नहीं पहुंची है। जानकारी के अनुसार झारखंड के कई अन्य जिलों में मइंया सम्मान की राशि महिलाओं को मिल चुकी है। जबकि पलामू की महिलाओं को अब भी इंतजार करना पड़ रहा है। इससे महिलाओं में गहरी निराशा देखने को मिल रही है।

इस संबंध में पलामू जिला के एनडीसी नीरज कुमार से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि समय पर आवंटन नहीं आने के कारण लाभुकों के खाते में राशि नहीं भेजी जा सकी है। छठ महापर्व के बाद जैसे ही कार्यालय खुलेगा, भुगतान की प्रक्रिया पूरी कर दी जाएगी। हालांकि स्थानीय लोगों का कहना है कि मुख्यमंत्री की स्पष्ट घोषणा के बावजूद समय पर राशि नहीं भेजना प्रशासनिक लापरवाही का उदाहरण है। इससे यह प्रतीत होता है कि मुख्यमंत्री के निर्देश को संबंधित अधिकारियों ने गंभीरता से नहीं लिया। इसके कारण लाभुक महिलाओं को निर्धारित समय पर राशि नहीं मिल सकी।

New page 4_page 12 29.05.2025.qxd 26-10-2025 21:25 Page 1



# कपड़ा चोर पांच महिलाओं को ग्रामीणों ने पकड़ा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बक्सर।** त्योहारों के मौसम में भीड़भाड़ का फायदा उठाकर कपड़ा चोरी करने वाली महिला गिरोह को चौसा बाजार में ग्रामीणों की सतर्कता से पुलिस के हत्थे चढ़ना पड़ा। यह गिरोह पिछले एक सप्ताह से राजपुर, तियरा एवं चौसा क्षेत्र के विभिन्न दुकानों से लाखों रुपये के कपड़े चोरी कर रहा था। गिरोह की पांच महिलाएं चौसा बाजार स्थित एक दुकान से चोरी की फिराक में पहुंचीं, तभी अखौरीपुर गोला के कपड़ा व्यवसायी ने उन्हें पहचान लिया।

व्यवसायी के शोर मचाने पर मौके पर उपस्थित कुछ महिलाओं ने चोरों को पकड़ लिया और उनकी जमकर धुनाई भी की। इसके बाद सूचना मिलने पर पहुंची डायल 112 की पुलिस टीम ने सभी को हिरासत में ले लिया। घटना की जानकारी मिलते ही राजपुर के कपड़ा दुकानदार मनीष कुमार थाने पहुंचे और पुलिस को सीसी फुटेज दिखाकर पहले हुई चोरी की पुष्टि कराई। पुलिस ने बताया कि गिरोह की इन महिलाओं ने भीड़ वाले स्थानों पर दुकानों से कपड़े चुराए थे और चोरी के बाद विभिन्न जगहों पर उसे बेचने का प्रयास करती थीं।

थाना प्रभारी शंभु भगत ने जानकारी देते हुए कहा कि गिरफ्तार महिलाओं ने चोरी की बात स्वीकार कर ली है और उनके द्वारा चुराए गए कपड़ों की बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान मुन्नी देवी पत्नी स्व. कुमार, पुष्पा देवी पत्नी जितेंद्र बिंद, अंजली देवी पत्नी सिंटू बिंद, रचलि देवी पत्नी बिक्रमा बिंद, सभी उत्तर प्रदेश के चंदौली जिले के सकलडीहा थाना अंतर्गत नाई बाजार की रहने वाली हैं। वहीं रिंकू देवी एवं नखड़ू राजभर उत्तर प्रदेश के जमानिया थाना क्षेत्र के तियरी गांव की बताई गई है। पुलिस का कहना है कि यह गिरोह अक्सर बाजार के भीड़भाड़ वाले दिनों में सक्रिय रहता है तथा झुंड बनाकर दुकानदारों की नजर चकमा देकर कपड़े चोरी करता है।

# 5200 फ्लैटों को तोड़ा जायेगा

**हाउसिंग बोर्ड की कई बिल्डिंग जर्जर**

**आठ मंजिले भवनों का होगा निर्माण**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** रांची सहित जमशेदपुर, धनबाद, हजारीबाग और पलामू जिले में आवास बोर्ड के करीब 5200 फ्लैट तोड़े जाएंगे। इन फ्लैट को ध्वस्त करने के बाद इनकी जगह आठ मंजिला भवन बनाए जाएंगे। यह जानकारी आवास बोर्ड के अध्यक्ष संजय लाल पासवान ने विशेष बातचीत में दी।

उन्होंने बताया कि आठ मंजिला भवन की डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) शीघ्र तैयार करने के लिए इंजीनियरों को निर्देश दिए जा चुके हैं। छठ पूजा के बाद इसपर तेजी से काम शुरू कर दिया जाएगा। मालूम हो कि रांची शहर के बरियातू, हरमू और अरगोड़ा स्थित हाउसिंग बोर्ड की कई बिल्डिंग जर्जर अवस्था में हैं। इन जर्जर भवनों में लोग वैध और अवैध तरीके से रह रहे हैं।

हाउसिंग बोर्ड के भवनों को तोड़कर रांची शहर की तीनों साइट पर आठ मंजिले भवनों का निर्माण किया जाएगा।

कुछ माह पूर्व ही इंजीनियर ने बोर्ड को तीन मंजिला भवन का डीपीआर समर्पित किया था, लेकिन बोर्ड अध्यक्ष संजय लाल पासवान ने इस डीपीआर को खारिज करते हुए आठ मंजिला भवन निर्माण का डीपीआर तैयार करने का निर्देश दिया है ताकि कम जगह पर अधिक से अधिक निर्माण कार्य कर लोगों को सही तरीके से बसाया जा सके।

यही नहीं, पुरानी विधानसभा के पास बोर्ड की साढ़े पांच एकड़ जमीन की भी प्लाटिंग कर ली गई है। यहां भी निर्माण कार्य के साथ-साथ प्लाट बेचने की योजना है। इन प्रक्रियाओं में छठ पूजा के बाद गति लाई जाएगी।

तीनों साइट बरियातू में एक, हरमू में दो और अरगोड़ा स्थित एक साइट को डेवलप करने के साथ- साथ पुरानी विधानसभा के पास भी साइट को डेवलप किया जाएगा। साथ ही अतिक्रमणकारियों को हटाने और नई पालिसी तैयार करने की भी योजना है। सारी प्रक्रिया इस वर्ष के अंत तक पूरी कर ली जाएगी।



बता दें कि पिछले कुछ माह से बोर्ड, स्टेकहोल्डर और आवंटी के साथ ड्राफ्ट कमेटी की बैठक लंबित है। आवास बोर्ड सचिव ने बताया कि नए सिरे से तैयार की जा रही डीपीआर में इस बात का विशेष ध्यान रखा जा रहा है कि रांची जिले की विभिन्न साइट को विकसित कर इसे पूरे राज्य में एक माडल के तौर पर प्रदर्शित किया जाएगा।

वर्तमान में बरियातू स्थित एलएफबी बिल्डिंग की स्थिति अत्यधिक खराब हो चुकी है। इस बिल्डिंग में रहने वाले अधिकतर लोग अवैध तरीके से निवास कर रहे हैं। हाउसिंग बोर्ड की ओर से बार-बार नोटिस दिए जाने के बावजूद स्थिति पूर्ववत बनी हुई है। ड्राफ्ट कमेटी की बैठक में इसके बारे में निर्णय लिया जाएगा।

# शराब के साथ चार गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** उत्पाद टीम ने हिसुआ में गुरुवार की देर रात एक घर से 108 लीटर बियर बरामद की। गुप्त सूचना के आधार पर टिंकू कुमार उर्फ मोती कुमार के द्वारा होम डिलीवरी की जा रही थी। इस सूचना पर जब उसके घर पर उत्पाद टीम पहुंचकर तलाशी ली जिसमें खुला छत पर प्लास्टिक के तीन बोरों में बियर का केन छुपा कर रखा है। कुल 216 केन बरामद किया।

प्रत्येक बोरा में 72 केन बोतल मिले। बरामद कुल शराब की मात्रा 108 लीटर पाया गया। सभी बियर पर की बोतलों पर सेल इन वेस्ट बंगाल अंकित पाया। वहीं छापेमारी की भनक लगते ही टिंकू सिंह घर से पहले ही भाग चुका था, परंतु ग्रामीणों के सहयोग से उसे उत्पाद टीम द्वारा पकड़ लिया गया।

गिरफ्तार युवक से पूछताछ में नाम टिंकू कुमार उर्फ मोती कुमार उम्र करीब 36 वर्ष पिता स्वर्गीय भगवान दास ग्राम ब्रह्मस्थान थाना हिसुआ जिला नवादा बताया। यहां शराब की आपूर्ति मनीष भारती, पिता उदय सिंह, ग्राम हादसा थाना हिसुआ के द्वारा करने की बात भी बताई।

गिरफ्तार आरोपित के विरुद्ध प्राथमिकी संख्या 860/25 दर्ज कर करवाई करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। आरोपित टिंकू कुमार एवं शराब आपूर्तिकर्ता मनीष भारती के विरुद्ध पूर्व में भी कई मामले उत्पाद टीम द्वारा दर्ज किया जा चुका है।

वहीं इस छापामारी के ठीक पहले ब्रह्मस्थान के पास मछली मंडी में कुछ लोग बीयर बैठकर पीने और बिक्री करने की सूचना मिली थी। जहां मौजूद तीनों व्यक्ति द्वारा केन बियर की बोतलों को छिपाने का प्रयास किया। उत्पाद टीम ने यहां से भी एक बोतल बरामद करते हुए तीनों आरोपित को गिरफ्तार किया।

इनकी पहचान हिसुआ थाना क्षेत्र के जयप्रकाश नगर गांव निवासी अरविंद कुमार के 30 वर्षीय पुत्र अमित कुमार, तेली टोला निवासी हरिहर प्रसाद के 39 वर्षीय पुत्र पिंटू कुमार और हाल मुकाम गांव निवासी संजय कुमार के 30 वर्षीय पुत्र केशव कुणाल के रूप में हुई।

# राजद का किला तोड़ पायेगा एनडीए?

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** भोजपुर जिले की सात विधानसभा सीटों में संदेश पिछले दो चुनावों से राष्ट्रीय जनता दल का मजबूत गढ़ माना जाता रहा है। यहां का राजनीतिक गणित हर बार नए समीकरणों के साथ बदलने की कोशिश करता है, लेकिन नतीजा अब तक लगभग एकतरफा ही रहा है।

पिछले दो चुनावों में राजद ने कुल पड़े मतों में लगभग 50 प्रतिशत की हिस्सेदारी को अपने पक्ष में किया है। हालांकि, इस बार क्षेत्र का परिदृश्य थोड़ा बदला हुआ है। पिछले चुनाव में अलग रही लोजपा(रामविलास) समेत सभी घटक दल एकजुट हैं, जिससे एनडीए का गणित भी काफी मजबूत बताया जा रहा है, लेकिन पिछले दो चुनावों में मतों का बड़ा अंतर उसे चिंता दे रहा है ।

जमीनी हालात पर नजर डालें तो गांवों में विकास और रोजगार जैसे मुद्दों पर चर्चा जरूर है, पर जातीय समीकरण अभी भी निर्णायक भूमिका में हैं। आरा-सासाराम रोड पर कसाप गांव में सड़क किनारे पान दुकान पर चुनाव को लेकर हो रही गपशप में भी यही बात निकलती है।

सुरेश यादव कहते हैं, विधायक जी हमलोगों के सुखदुख में रहते हैं, हर रविवार को जनता दरबार लगा जरूरतमंदों की मदद भी करते हैं। पास खड़े मुन्नी यादव भी उनकी बातों पर हामी भरते हैं, लेकिन साथ ही ठेठ भोजपुरी में यह भी कहते हैं, 'मेहरारू सबन के 10 हजार रूपिया (महिला रोजगार सम्मान योजना की राशि) मिलल बा, ऊ केकरों कहे में नइखे बाड़े, आपन मने से वोट दीहें' ।वहीं पर खड़े युवा अमित कुमार मुन्ना ने अलग ही राय दी। उन्होंने कहा, रोजगार और विकास मुद्दा है और सरकार अच्छा काम कर रही है, उन्हें नीतीश कुमार और मोदी पर भरोसा है। क्षेत्र में स्थानीय मुद्दे भी हावी हैं। अजीमाबाद के रास्ते में मिले भोला शरण और अरुण सिंह ने कहा वे लोग बालू खनन वाले क्षेत्र में हैं और इससे सरकार को राजस्व मिलता है, लेकिन यहां रहने वाले लोगों का सुकून छिन गया है, बालू लदे ट्रकों से रोज जाम का सामना होता है, यह बड़ा मुद्दा है, इसी सरकार से बेहतर की उम्मीद है।

संदेश प्रखंड कार्यालय के पास मिले चंदेश्वर सिंह बताते हैं कि पिछले चुनावों की तरह इस बार राजग में मतों में बिखराव नहीं दिख रहा, हालांकि जनसुराज भी समीकरण भेदने के प्रयास में है। समीकरण बचाने की चुनौती राजद में भी है। अगिआंव के प्रखंड प्रमुख निर्दलीय मैदान में हैं। यदुवंशी समाज में उनकी गहरी पैठ है। 2015 में राजद ने भाजपा से यह सीट छीनी थी। तब राजद-जदयू साथ थे और राजद के अरुण यादव ने कुल पड़े मतों में 49.79 प्रतिशत वोट हासिल कर बड़े अंतर से जीत दर्ज की। 2020 के चुनाव में पार्टी ने उनकी पत्नी किरण देवी को उम्मीदवार बनाया और उन्हें कुल पड़े वोट में से 51.54 प्रतिशत वोट मिले।

इस चुनाव में एनडीए से जदयू प्रत्याशी पूर्व विधायक बिजेंद्र यादव थे और महज 18.77 प्रतिशत वोट हासिल कर सके। इतने ही वोट लोजपा(रा.) की प्रत्याशी को भी मिले। इस बार जदयू ने यहां से विधान पार्षद राधाचरण साह को मैदान में उतारा है, जबकि राजद की ओर से वर्तमान विधायक के पुत्र चुनाव लड़ रहे हैं।

# युवा मतदाताओं के दिल जीतने में जुटी पार्टियां

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार में चुनावी जंग का फैसला इस बार यंग करेंगे। ऐसा हम नहीं कह रहे। राज्य निर्वाचन आयोग के आंकड़े बोल रहे हैं। राज्य में कुल मतदाता 7 करोड़, 43 लाख 55 हजार 976 हैं।

इनमें 20-29 आयु वर्ग के मतदाता एक करोड़ 63 लाख 25 हजार 614 है। जबकि, 18 से 19 आयु वर्ग के मतदाता 14 लाख एक हजार 150 हैं। इसमें 18-19 आयु वर्ग की महिला मतदाता 5,84,115 हैं।

इस प्रकार युवा मतदाताओं की संख्या 1 करोड़ 77 लाख 26 हजार 879 है। युवा मतदाताओं की यह फौज अपना नेता चुनने को तैयार है। ऐसे में यूथ फैक्टर्स को नजरअंदाज कर पाना संभव नहीं होगा।

इस बार बिहार में विधानसभा चुनाव काफी अलग तरीके से लड़ा जा रहा है, क्योंकि राज्य की 58 प्रतिशत आबादी की आयु 25 साल से कम है। इस बार 14.84 लाख मतदाता पहली बार वोटिंग करेंगे। जाहिर है, इस बार बिहार चुनाव में यूथ फैक्टर जमकर अपना असर दिखाने वाला है।

इसकी वजह है- शिक्षा और रोजगार जैसे अहम मुद्दे, जो सभी राजनीतिक पार्टियों के केंद्र में है। युवा मतदाताओं के मूड को भांपते हुए पार्टियों ने भी जनसभाओं से लेकर सोशल मीडिया तक पर चहलकदमी तेज कर दी है।

सत्ता पक्ष यानी एनडीए (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) मौजूदा विकास कार्यों का आइना दिखा यूथ को साधने में जुटा है तो वहीं विपक्ष यानी महागठबंधन (आईएनडीआईए) युवाओं को बेहतर शिक्षा, रोजगार और नौकरी तथा काम के नये अवसर देने का वादा करने में पीछे नहीं है।

जनसभाओं में युवा मतदाताओं को अपने-अपने पाले में लाने के लिए नेताओं द्वारा वो तमाम वादे किए जा रहे हैं, नैरेटिव गढ़े जा रहे हैं।

# सड़क जाम करने के मामले में तीन गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चाईबासा।** चाईबासा-हाटगम्हरिया और चाईबासा-हाता सड़क मार्ग पर लगातार हो रही दुर्घटनाओं से नाराज ग्रामीणों ने 27 अक्टूबर को परिवहन मंत्री के आवास घेरने का निर्णय लिया था। इस योजना के मुख्य नेता रमेश बालमुचू, माधवचंद्र कुंकल, रेयांस सामड और सुरेश उर्फ सोना संवैया को मुफ्फसिल थाने की पुलिस ने दो दिन पहले गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

पुलिस ने बताया कि इनकी गिरफ्तारी सिंहपोखरिया में आयरन लदे ट्रक की चपेट में आने से एक बच्चे की मौत के बाद सड़क जाम करने के मामले में हुई। 28 सितंबर को मृतक के परिजन मुआवजा राशि की मांग को लेकर सड़क जाम किया गया था।

प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस के मार्ग संचालन में बाधा उत्पन्न होने पर रमेश बालमुचू ने भीड़ को उकसाया और जाम हटाने से इनकार किया। जांच में माधवचंद्र कुंकल, सुरेश संवैया और रेयांस सामड का नाम भी सामने आया। पुलिस ने बताया कि भीड़ ने सड़क को दोनों ओर लकड़ी और बांस की बल्ली रखकर मार्ग अवरुद्ध किया था। आरोपितों ने पुलिस बल को धमकियां दी और भीड़ को उकसाने का प्रयास किया। सदर एसडीपीओ बाहमन टुटी ने कहा कि चारों आरोपितों को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई का उद्देश्य कानून व्यवस्था बनाए रखना और भविष्य में सड़क हादसों या प्रदर्शन के दौरान किसी अप्रिय घटना को रोकना है। प्रशासन ने नागरिकों से भी सहयोग की अपील की है।

सड़क दुर्घटनाओं को रोकने की मांग को लेकर दर्जनों गांव के ग्रामीणों ने दिन में ह्यनो-एंट्रीह्न लागू किये जाने की मांग उठाई थी। इसी मुद्दे पर ग्रामीणों ने 27 अक्टूबर को सदर विधायक सह परिवहन मंत्री के आवास का अनिश्चितकालीन घेराव करने की घोषणा की थी। घोषणा के मद्देनजर जिला प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए मंत्री दीपक बिरूवा के आवास के समक्ष, सरकारी कार्यालय, सरकारी आवास एवं खुंटकाटी मैदान के 200 मीटर परिधि में भारतीय न्याय सुरक्षा संहिता-2023 की धारा-163 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी है।

## लोजपा जिलाध्यक्ष का निधन

नवगछिया। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के बीच एलजेपीआर प्रमुख चिराग पासवान को बड़ी क्षति हुई है। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के नवगछिया जिलाध्यक्ष सह अधिवक्ता अवधेश पासवान का निधन हृदय गति रुकने से हो गया। उनके निधन की खबर से हर तरफ शोक की लहर दौड़ गई। सरल स्वभाव और मिलनसार व्यक्तित्व के धनी रहे अवधेश पासवान के निधन से राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है। उनके निधन की सूचना मिलते ही विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने गहरी संवेदना व्यक्त की। एनडीए गठबंधन से भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नितेंद्र सिंह गुलाब सहित कई कार्यकर्ता उनके निवास स्थान पर पहुंचे और श्रद्धांजलि अर्पित की। नेताओं ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवार को इस कठिन समय में शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

# कैम्प लगाकर मैपिंग कार्य ससमय करने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने झारखंड में आगामी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण हेतु मतदाताओं की मैपिंग के कार्य में तेजी लाने के लिए पंचायत और वार्ड स्तर कैंप लगाकर कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी को अपने जिले के सभी ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में विशेष कैंप लगाकर पैतृक मैपिंग के कार्य में तेजी लाना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

श्री कुमार ने कहा कि पैतृक मैपिंग का प्राथमिक उद्देश्य वर्ष 2003 में प्रकाशित मतदाता सूची के साथ वर्तमान मतदाता सूची का त्रुटिरहित और शीघ्र मिलान सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि सूची के गहन पुनरीक्षण के क्रम में कम से कम मतदाताओं को दस्तावेज समर्पित करना पड़े इसके लिए 2003 के मतदाता सूची से मैपिंग आवश्यक है। मैपिंग के कार्य में तेजी लाने के लिए, ग्रामीण क्षेत्रों में सभी पंचायत स्तर पर और शहरी क्षेत्रों में सभी वार्ड स्तर पर ये विशेष कैंप आयोजित किए जाएंगे।

बीएलओ द्वारा की सूची से वर्तमान मतदाता सूची के मतदाताओं को श्रेणीवार अधिकतम भौतिक रूप से मैप करना। भौतिक रूप से सत्यापित किए गए सभी श्रेणी के मतदाताओं का विवरण बीएलओ ऐप पर शत-प्रतिशत दर्ज करना और डिजिटल मैपिंग सुनिश्चित करना। आयोग के निदेर्शानुसार, जिला प्रशासन को यह सुनिश्चित करने को कहा गया है कि कैंपों में हाई स्पीड इंटरनेट की पर्याप्त सुविधा और आवश्यकता अनुसार पर्याप्त संख्या में कंप्यूटर ऑपरेटर उपलब्ध हों। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था मैपिंग कार्य को न केवल तीव्र गति देगी, बल्कि डेटा की शुद्धता और त्रुटिरहित संपादन की भी गारंटी देगी। उन्होंने सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों को इस कार्य को 'सर्वोच्च प्राथमिकता' पर रखते हुए, तय समय सीमा में पूरा करने के लिए कहा।

# मनायी गयी स्व. जगन्नाथ सिंह की पुण्यतिथि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** रविवार को स्थानीय वृंदावन वृद्धा आश्रम, श्री कृष्ण नगर में महापरिवर्तन आंदोलन के जिलाध्यक्ष अजय कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में एक महान महापुरुष की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर जानकारी साझा कर रहे जिला संयोजक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि मनुष्य समाज में जन्म लेता है और समाज के कंधों पर विदा हो जाता है। परन्तु समाज और राष्ट्र के प्रति जो उसका समर्पण ,त्याग तथा कृति इस धरा पर छोड़ जाता है,वह मर कर भी अमर रहता है।

उन्होंने कहा कि सूर्य नगरी औरंगाबाद की धरा पर जन्मे एक ऐसे धरती पुत्र स्वर्गीय जगन्नाथ सिंह , बारुण प्रखण्ड के ग्राम - रसूलपुर की पुण्यतिथि मनाई गई। वे एक शिक्षक ही नहीं बल्कि समाज सुधारक के रूप में जाने जाते रहे हैं। उनकी विशेषताएं जनहित के रूप लोकार्पित है । वे लोक सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष, जिला पेंशनर समाज का जिलाध्यक्ष , नशा मुक्ति आंदोलन के प्रणेता और न जाने समाज के लिए कितनी अहम भूमिकाओं में अपने जीवन को समर्पित किया है।

बैठक में उपस्थित जिला उपाध्यक्ष अरुण कुमार यादव , डॉक्टर हरिलाल कुमार ,पूर्व मुखिया संजय कुमार सिंह, जिला प्रवक्ता रामजन्म सिंह, इंजीनियर दूधेश्वर प्रसाद, जिला उप संयोजक लव लेश कुमार एवं धर्मराज सिंह ने माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर भावभीनी नमन किया।



जिला अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव और जिला उपाध्यक्ष अरुण कुमार यादव ने अपने संयुक्त बयान में कहा कि परिवर्तन ,बदलाव या बगावत ईमानदार और स्वाभिमानी लोग ही कर सकते हैं । स्वर्गीय जगन्नाथ सिंह की द्वितीय पुण्यतिथि पर उपस्थित सभी लोगों ने कहा कि उनके आदर्श को एक समाज सुधारक के रूप में मनाते रहेंगे । इनके समकालीन रहे श्रीधर कुमार सिंह के पिता सुरेंद्र प्रसाद सिंह ग्राम - दधपी की आकस्मिक निधन हो गया। उनकी याद में उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रख उनकी आत्मा की शांति की कामना की ।पुण्यतिथि के अवसर पर सभी उपस्थित लोगों ने कहा कि ऐसे शिक्षाविद और राष्ट्र चेतना की भावना के साथ लोगों का जन्म हमारे यहां बार बार हो।

## राहुल गांधी की अनुपस्थिति बन रहा मुद्दा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

पटना। बिहार में विधानसभा चुनाव अपने चरम पर है। चाय की दुकानों, गुमटियों हर जगह चुनाव को लेकर चर्चा चल रही है। बिहार में वोटर अधिकार यात्रा के दौरान सक्रिय रहने वाले राहुल गांधी की अनुपस्थिति बिहार चुनाव का एक अलग मुद्दा बन गया है।

राहुल गांधी पिछली बार 1 सितंबर को बिहार आए थे, जब उन्होंने पटना में अपनी 'वोटर अधिकार यात्रा' की समापन रैली को संबोधित किया था। उस दिन उन्होंने जोरदार भाषण देकर इस यात्रा को समाप्त किया था।

अब प्रश्न यह उठ रहा है कि बिहार चुनाव को लेकर लगातार पीएम मोदी पर तंज कसने वाले कांग्रेस के नेता राहुल गांधी कहा हैं?

बिहार चुनाव को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राजद के तेजस्वी यादव और जनसुराज के प्रशांत किशोर तथा जदयू से सीएम नीतीश कुमार लगातार राज्य भर में जनसभाएं कर रहे हैं।

# टूटा मंच, गिरे अनंत सिंह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** मोकामा विधानसभा सीट पर बाहुबली अनंत सिंह पूरी ताकत के साथ चुनावी मैदान में उतरे हैं। ताबड़तोड़ चुनाव प्रचार कर रहे हैं। इसी दौरान कुछ ऐसा हो गया कि बाहुबली अनंत सिंह एक बार फिर सुर्खियों में आ गए। शनिवार को मोकामा के पूर्वी इलाके में आयोजित अनंत सिंह के जनसंपर्क अभियान के दौरान एक हादसा हो गया। रामपुर-डूमरा गांव में समर्थकों ने जदयू प्रत्याशी व पूर्व विधायक अनंत सिंह के स्वागत के लिए एक छोटा मंच तैयार किया था। जैसे ही पूर्व विधायक अनंत सिंह मंच पर पहुंचे और अनंत सिंह जिंदाबाद के नारों के बीच भाषण शुरू हुआ, अचानक मंच भरभराकर टूट पड़ा। देखते ही देखते अनंत सिंह और उनके समर्थक धड़ाम से नीचे गिर गए।

मंच टूटते ही मौके पर अफरातफरी मच गई। समर्थक भाग-दौड़ करने लगे, लेकिन राहत की बात यह रही कि किसी को गंभीर चोट नहीं आई। अब इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

इधर, मंच टूटने की इस घटना के बावजूद अनंत सिंह वहीं खड़े होकर लोगों का अभिवादन किया और कहा कि ह्नजनता का प्यार ही मेरा हौसला है, मंच टूट जाए तो क्या!

उन्होंने लोगों से कहा कि मैं ठीक हूं। अत्यधिक भार होने के कारण मंच टूट गया। यह सब घटना होते रहती है। जनता का आशीर्वाद मेरे साथ है। इसलिए मुझे कुछ नहीं होगा।

बता दें कि विधानसभा चुनाव में मोकामा को हॉट सीट माना जाता है। कारण है मोकामा विधानसभा से अनंत सिंह का चुनाव लड़ना। लेकिन, इस बार खास बात यह है कि अनंत सिंह के सामने पूर्व सांसद और बाहुबली सूरजभान सिंह होंगे। सूरजभान सिंह अपनी पत्नी बीना देवी चुनावी मैदान में उतारा है। राजद के टिकट से वह अपनी पत्नी को चुनाव लड़वा रहे हैं। मोकामा विधानसभा में चुनावी बयार बह चुकी है। दो बाहुबलियों के आमने-सामने आने से मोकामा का सियासी पड़ा गर्म हो चुका है।

# खरना का प्रसाद ग्रहण कर 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** लोक आस्था के महापर्व छठ आज यानी रविवार दूसरा दिन है। नहाय-खाय के बाद व्रती आज खरना का प्रसाद ग्रहण करेंगी। शाम को गुड़ और चावल की खीर बनाकर उसका भोग लगाया जाएगा। इस प्रसाद को ग्रहण करने के बाद ही व्रती निर्जला व्रत का शुरू करेंगी। अगले दिन यानी सोमवार शाम को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देंगी और मंगलवार को उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर संतान और परिवार के लिए मंगल कामना करेंगी। छठ पूजा के दूसरे दिन खरना पूजा का भी विशेष महत्व होता है। खरना छठ पूजा के सबसे महत्वपूर्ण पूजा दिनों में से एक है। इस दिन छठी मैय्या का आगमन होता है। जिसके बाद भक्त 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू करते हैं। इस साल खरना पूजा पर विशेष संयोग बन रहा, जिसे ज्योतिष काफी शुभ मान रहे। आइए जानते हैं आज खरना का शुभ मुहूर्त पूजा विधि और महत्व के बारे में।

छठ पर्व में शुद्धता का विशेष महत्व माना जाता है। अधिकतर छठवर्ती खरना का प्रसाद मिट्टी के बने नये चूल्हे पर ही बनातीं हैं। खरना पूजा के समय और प्रसाद ग्रहण करते समय बाहर से तेज आवाज नहीं आना चाहिए। इस दौरान घर से सदस्यों को तेज आवाज में बोलने या बम-फटाका फोड़ने या कोई अन्य तेज आवाज काम करने से मना किया जाता है। क्यों कि



मान्यता है कि खरना पूजा के समय या खरना प्रसाद ग्रहण करते समय तेज आवाज सुनने या शोर-शराबा व्रत में बाधा उत्पन्न करती है। मान्यता यह भी है प्रसाद ग्रहण करते समय व्रती के कान में तेज आवाज आने से वह तत्काल भोजन छोड़ देती हैं। इसलिए तेज आवाज न हो, इसका खास ध्यान रखा जाता है।

छठ पूजा के दूसरे दिन को खरना कहा जाता है। इस बार खरना छह नवंबर यानी बुधवार को है। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को खरना का प्रसाद बनाया जाता है। इस दिन माताएं दिनभर व्रत रखती हैं और पूजा के बाद खरना का प्रसाद खाकर 36 घंटे के निर्जला व्रत का आरंभ करती हैं। इस दिन मिट्टी के चूल्हे में आम की लकड़ी से आग जलाकर प्रसाद बनया जाता है।

## सांसद पुत्र से रंगदारी की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेतिया।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के बीच बेतिया से बड़ी खबर सामने आई है। सांसद डॉ. संजय जयसवाल के इकलौते पुत्र डॉ. शिवम जयसवाल को अपराधियों ने जान से मारने की धमकी दी है। धमकी के पीछे 10 करोड़ रुपये की रंगदारी की मांग बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक, 23 अक्टूबर को दो अलग-अलग मोबाइल नंबरों से सांसद संजय जयसवाल को फोन आया। फोन करने वाले अपराधियों ने 10 करोड़ रुपये की रंगदारी देने को कहा और न देने पर उनके पुत्र को मारने की धमकी दी।

इस घटना के बाद सांसद संजय जयसवाल ने नगर थाना में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी दर्ज की और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान शुरू कर दिया। बेतिया के एसपी डॉ. शौर्य सुमन ने बताया कि पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है और रंगदारी मांगने वाले अपराधियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# राजद प्रत्याशी को धमकी देने वाला हैदराबाद से गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** लालगंज विधानसभा क्षेत्र की राजद प्रत्याशी शिवानी शुक्ला को जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने दूसरे आरोपित को हैदराबाद से गिरफ्तार कर लिया है। एक आरोपित को पहले ही गिरफ्तार कर करताहां थाना की पुलिस न्यायिक हिरासत में जेल भेज चुकी है। आरोपित करताहां थाना क्षेत्र के धनुषी का रंजीत कुमार है। उसी ने 22 अक्टूबर की रात हैदराबाद से हाजीपुर पुलिस कंट्रोल रूम को फोन कर शिवानी शुक्ला को घटारो गांव में आने पर गोली मारने की धमकी दी थी। इस मामले में करताहां थाना की पुलिस रंजीत के छोटे भाई रणधीर कुमार को जेल भेज चुकी है।

सदर टू एसडीपीओ गोपाल मंडल ने प्रेस कांफ्रेंस कर यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जांच में चौंकाने वाला तथ्य सामने आया है। उन्होंने बताया कि रंजीत कुमार ने पारिवारिक विवाद में अपने छोटे भाई रणधीर को फंसाने के उद्देश्य से यह धमकी दी थी। इसके लिए उसने इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म से हाजीपुर पुलिस कंट्रोल रूम एवं करताहां थानाध्यक्ष का मोबाइल नंबर निकालकर फोन किया।

एसडीपीओ ने बताया कि धमकी देने के बाद पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए रणधीर कुमार को गिरफ्तार किया, लेकिन जांच के दौरान सच्चाई सामने आने पर पुलिस टीम हैदराबाद पहुंची और रंजीत कुमार को गिरफ्तार कर लिया। एसडीपीओ ने बताया कि यह कोई राजनीतिक षड्यंत्र नहीं, बल्कि घरेलू विवाद का परिणाम है। रंजीत कुमार ने स्वीकार किया है कि उसने अपने भाई को फंसाने के लिए यह कदम उठाया था।

वहीं रंजीत कुमार की मुन्ना शुक्ला के साथ वायरल तस्वीर के बारे में पुलिस ने बताया कि दोनों के बीच आपसी जान पहचान रहा है। आरोपित ने बताया कि उसने 2020 में मुन्ना शुक्ला के साथ फोटो खिंचवाई थी। उसके बाद भी कई बार उनसे मिला। हालांकि लालगंज विधायक संजय कुमार सिंह के साथ वायरल फोटो के सवाल पर रंजीत कुमार ने स्पष्ट किया कि वह विधायक के साथ कभी फोटो नहीं खिंचवाए हैं।

## होमगार्ड पिटाई मामले में दो गिरफ्तार

**शेखपुरा।** सिरारी थाना क्षेत्र के कैथवां गांव के निकट मामूली विवाद के कारण दबंगों ने होमगार्ड भूषण सिंह समेत लोगों पर हमला किया। पिटाई से दो घायलों की स्थिति गंभीर बताई जा रही है।

पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर आरोपित सत्येंद्र यादव को गिरफ्तार कर लिया। शेष आरोपित फरार हो गए। इस घटना से गांव में तनाव व्याप्त है।

गुरुवार की शाम हुई इस घटना में 14 लोगों के खिलाफ सिरारी थाने में प्राथमिकी की गई है। सभी आरोपित मानपुर गांव के निवासी बताए जा रहे हैं। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

सभी घायलों का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। घायलों में होमगार्ड भूषण सिंह के अलावा रौशन कुमार, अंशु कुमार, संजीव कुमार, सौरभ कुमार और गुलशन कुमार शामिल हैं।

घायलों ने आरोप लगाया है कि बदमाशों ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए उन पर हमला किया। बताया गया कि संजीव कुमार के खेत में सिंचाई के लिए नलकूप लगाने का काम चल रहा था, जिसमें रास्ते में ट्रैक्टर लगा हुआ था।

इसी को लेकर विवाद उत्पन्न हुआ। इधर, होमगार्ड संघ की जिलाध्यक्ष कुमारी रीता सिंहा ने एसपी से मिलकर होमगार्ड के साथ हुई मारपीट के मामले में बदमाशों की गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस ने इस मामले में सत्येंद्र यादव सहित 14 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

## संक्षिप्त समाचार

### रांची में 4 माह वेतन वृद्धि रोकी, शिक्षकों में फैला आक्रोश

रांची, एजेंसी। अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ ने रांची जिला शिक्षा अधीक्षक (डीएसई) पर आरोप लगाते हुए कहा कि जुलाई से 3000 शिक्षकों की वार्षिक वेतन वृद्धि रोके दिया गया था। शिक्षकों का कम वेतन में काम करना पड़ा, जिससे उनके परिवारों पर सीधा आर्थिक असर पड़ा। संघ के मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद ने बताया कि हिंदी टिप्पण परीक्षा को अनिवार्य बताते हुए आधार बनाकर अनावश्यक मार्गदर्शन की मांग की गई, जबकि प्रदेश के किसी अन्य जिले में यह प्रावधान लागू नहीं हुआ था। डीएसई के इस निर्णय के विरोध में संघ ने प्रदर्शन किया जिसमें शिक्षकों ने काला बिल्ला लगाकर पठन-पाठन किया और आदेश की प्रति जलाई। प्राथमिक शिक्षा निदेशक के आश्वासन पर प्रस्तावित धरना स्थगित किया गया था। संघ ने कहा कि कार्मिक विभाग ने 6 अक्टूबर को ही स्पष्ट आदेश जारी कर दिया था कि प्रारंभिक शिक्षक पर टिप्पण परीक्षा लागू नहीं होगा। इसके बावजूद दीपावली और छठ के दौरान भी वृद्धि जारी नहीं की गई।

### आयुष्मान भारत योजना के तहत छह विशेषज्ञ चिकित्सकों की हुई नियुक्ति

जमशेदपुर, एजेंसी। खासमहल स्थित सदर अस्पताल में इलाज कराने आने वाले मरीजों को किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं हो, इसको ध्यान में रखते हुए अस्पताल में कई प्रकार की नयी सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही है. इसी क्रम में अस्पताल प्रबंधन के द्वारा आयुष्मान भारत योजना के तहत छह डॉक्टरों की नियुक्ति की गयी है. जिसमें हृदय रोग, मधुमेह, टीबी एवं चेस्ट, स्त्री एवं प्रसूति रोग और एनेस्थीसिया विभाग के डॉक्टर शामिल हैं. इन सभी विशेषज्ञों ने ओपीडी में अपनी सेवा देनी शुरू कर दी है. इसको लेकर सिविल सर्जन डॉक्टर साहिर पाल ने बताया कि अब मरीजों को हृदय, फेफड़े, मधुमेह या स्त्री रोग जैसी गंभीर बीमारियों के लिए निजी अस्पतालों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे. एक ही छत के नीचे सभी विशेषज्ञों की सुविधा मिलेगी. एनेस्थीसिया में डॉक्टर अमित तिर्की और डॉ. के रहमान की नियुक्ति की गयी है. इनकी सेवा आवश्यकता अनुसार ली जायेगी. उन्होंने कहा कि अस्पताल में जल्द ही यूरोलॉजिस्ट, नेफ्रोलॉजिस्ट और रेडियोलॉजिस्ट की नियुक्ति भी की जायेगी. इनके चयन की प्रक्रिया अंतिम चरण पर है. वहीं शुक्रवार को सिविल सर्जन ने जिला सर्विलांस विभाग, पैथोलॉजी और माइक्रोबायोलॉजिस्टों को लैब से संबंधित सभी जरूरी उपकरण और मशीनें जल्द से जल्द खरीदने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि इसे प्राथमिकता में रखा गया है, ताकि 24 घंटे लैब सेवा शुरू की जा सके.

### संताल लिबरेशन आर्मी प्रमुख रोहित मुर्मू मुठभेड़ में ढेर, असम पुलिस ने किया एनकाउंटर

बरहेट (साहिबगंज), एजेंसी। संताल लिबरेशन आर्मी के प्रमुख रोहित मुर्मू उर्फ एपिल मुर्मू को असम पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया है। उसके खिलाफ साहिबगंज व गोड्डा जिले के विभिन्न थानों में आधा दर्जन से अधिक मामले दर्ज थे। पुलिस लंबे समय से उसकी तलाश कर रही थी। मुठभेड़ में उसके मारे जाने से पुलिस ने राहत की सांस ली है। बताया जाता है कि असम के कोकराझार जिले के सलाकाटी थाना क्षेत्र के नादंगुरी में पुलिस के साथ मुठभेड़ में वह मारा गया। वह मूल रूप से असम के कोकराझार जिले के कचुगांव का रहनेवाला था।
वह पहले उग्रवादी समूह राष्ट्रीय संथाल मुक्ति सेना का सदस्य था। बाद में संगठन के सदस्यों ने आत्मसमर्पण कर दिया और वह भागकर साहिबगंज आ गया। यहां उसने संताल लिबरेशन आर्मी का गठन किया और आपराधिक घटनाओं को अंजाम देना शुरू किया। जून 2020 में मोतीपहाड़ी के रहनेवाले अरुण साह का अपहरण संताल लिबरेशन आर्मी के सदस्यों ने कर लिया था। उसकी खोज में पुलिस जगह-जगह छापेमारी कर रही थी। इसी क्रम में बरहेट के बोरबांध में पुलिस व संताल लिबरेशन आर्मी के बीच मुठभेड़ हो गई। इसमें बरहेट थाना के सहायक अवर निरीक्षक चंद्राय सोरेन को गोली लग गई। बाद में इलाज के दौरान उनका बलिदान हो गया। उधर, मुठभेड़ के बाद अपने को पुलिस से घिरते देखकर संताल लिबरेशन आर्मी ने अरुण कुमार साह की गोली मारकर हत्या कर दी। इन दोनों मामलों में वह आरोपित था। पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। इसी बीच रोहित मुर्मू अपने कुछ साथियों के साथ छह फरवरी 2022 को मोतीपहाड़ी पहुंचा था। इस दौरान ग्रामीणों ने सभी को पकड़ लिया और जमकर पिटाई कर दी।बाद में पुलिस को सौंप दिया। उसकी पहचान रोहित मुर्मू के रूप में हुई। लेकिन बाद में वह जमानत पर छूट गया और पुनः आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने लगा। एक अक्टूबर 2024 को बरहेट थाना क्षेत्र के रांगा घुट्टू गांव के पास ललमटिया से फरक्का जाने वाली एमजीआर रेल लाइन को विस्फोटक लगाकर उड़ा दिया। इस मामले में भी पुलिस उसे खोज रही थी।23 अक्टूबर को पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफ रेलवे) के अलीपुरद्वार डिवीजन में सलाकाटी और कोकराझार स्टेशनों के बीच रेलवे ट्रैक पर विस्फोट हुआ।

# पांच जिलों में तोड़े जाएंगे आवास बोर्ड के 5200 फ्लैट,
## आठ मंजिल वाले भवनों का होगा निर्माण

**रांची, एजेंसी।** रांची सहित जमशेदपुर, धनबाद, हजारीबाग और पलामू जिले में आवास बोर्ड के करीब 5200 फ्लैट तोड़े जाएंगे। इन फ्लैट को ध्वस्त करने के बाद इनकी जगह आठ मंजिला भवन बनाए जाएंगे। यह जानकारी आवास बोर्ड के अध्यक्ष संजय लाल पासवान ने विशेष बातचीत में दी। उन्होंने बताया कि आठ मंजिला भवन की डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) शीघ्र तैयार करने के लिए इंजीनियरों को निर्देश दिए जा चुके हैं। छठ पूजा के बाद इसपर तेजी से काम शुरू कर दिया जाएगा। मालूम हो कि रांची शहर के बरियातू, हरमू और अरगोड़ा स्थित हाउसिंग बोर्ड की कई बिल्डिंग जर्जर अवस्था में हैं। इन जर्जर भवनों में लोग वैध और अवैध तरीके से रह रहे हैं।

नए सिरे से डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाने के दिए हैं निर्देशः हाउसिंग बोर्ड के भवनों को तोड़कर रांची शहर की तीनों साइट पर आठ मंजिले भवनों का निर्माण किया जाएगा।

कुछ माह पूर्व ही इंजीनियर ने बोर्ड को तीन मंजिला भवन का डीपीआर समर्पित किया था, लेकिन बोर्ड अध्यक्ष संजय लाल पासवान ने इस डीपीआर को खारिज करते हुए आठ मंजिला भवन निर्माण का डीपीआर तैयार करने का निर्देश दिया है ताकि कम जगह पर अधिक से अधिक निर्माण कार्य कर लोगों को सही तरीके से बसाया जा सके।

यही नहीं, पुरानी विधानसभा के पास बोर्ड की साढ़े पांच एकड़ जमीन की भी प्लाटिंग कर ली गई है। यहां भी निर्माण कार्य के साथ-साथ प्लाट बेचने की योजना है। इन प्रक्रियाओं में छठ पूजा के बाद गति लाई जाएगी।



तीनों साइट बरियातू में एक, हरमू में दो और अरगोड़ा स्थित एक साइट को डेवलप करने के साथ- साथ पुरानी विधानसभा के पास भी साइट को डेवलप किया जाएगा। साथ ही अतिक्रमणकारियों को हटाने और नई पालिसी तैयार करने की भी योजना है। सारी प्रक्रिया इस वर्ष के अंत तक पूरी कर ली जाएंगी। बता दें कि पिछले कुछ माह से बोर्ड, स्टेकहोल्डर और आवंटी के साथ ड्राफ्ट कमेटी की बैठक लंबित है। आवास बोर्ड सचिव ने बताया कि नए सिरे से तैयार की जा रही डीपीआर में इस बात का विशेष ध्यान रखा जा रहा है कि रांची जिले की विभिन्न साइट को विकसित कर इसे पूरे राज्य में एक माडल के तौर पर प्रदर्शित किया जाएगा।

वर्तमान में बरियातू स्थित एलएफबी बिल्डिंग की स्थिति अत्यधिक खराब हो चुकी है। इस बिल्डिंग में रहने वाले अधिकतर लोग अवैध तरीके से निवास कर रहे हैं। हाउसिंग बोर्ड की और से बार-बार नोटिस दिए जाने के बावजूद स्थिति पूर्ववत बनी हुई है। ड्राफ्ट कमेटी की बैठक में इसके बारे में निर्णय लिया जाएगा।

-शहर की उक्त तीनों साइट के भवन अब रहने लायक नहीं रह गए हैं। ऐसे में हरवक्त दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। भविष्य में ऐसी कोई घटना न हो, इसको ध्यान में रखकर फ्लैट खाली कराए जाने का निर्देश दिए गए हैं। इन जर्जर भवनों को तोड़कर नए सिरे से बिल्डिंग का निर्माण किया जाएगा।

-कई बिल्डिंग में अवैध रूप से लोग रह रहे हैं। नोटिस देने के बाद भी जो लोग भवन खाली नहीं करेंगे, उन पर कार्रवाई की जाएगी। कई जगहों पर तो जर्जर हो चुके फ्लैट और बिल्डिंग को तोड़ने की दिशा में प्रक्रिया शुरू भी कर दी गई है। रांची सहित जमशेदपुर, धनबाद, हजारीबाग और पलामू जिलों में स्थित करीब 5200 फ्लैट तोड़े जाएंगे।

-कुछ दिनों पूर्व तीन मंजिला भवन निर्माण की डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) दी गई थी। उक्त रिपोर्ट को निरस्त कर दिया गया है। अब आठ मंजिला भवन निर्माण के लिए नए सिरे से डीपीआर तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं।

## बारीडीह के छठ घाटों पर विसर्जन सामग्री बनी चुनौती, सुबह साफ, शाम को गंदगी

**जमशेदपुर, एजेंसी।** लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा की तैयारियों को लेकर बारीडीह क्षेत्र के सभी प्रमुख छठ घाटों को तैयार करने का काम अंतिम चरण में है। नगर निकायों और स्थानीय पूजा समितियों के सहयोग से घाटों को अंतिम रूप दिया जा रहा है, लेकिन विसर्जन सामग्री अभी भी एक बड़ी चुनौती बनी है, जिसे हटाने में सफाई कर्मियों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। पिछले एक सप्ताह से बारीडीह के छठ घाट की साफ-सफाई का काम चल रहा है। सफाई कर्मी सुबह घाटों को स्वच्छ कर रहे हैं, शाम होते-होते स्थिति फिर जैसी की तैसी हो जा रही है, क्योंकि लोग पूजन सामग्री को सीधे नदी तट पर ही फेंक रहे हैं। शुक्रवार को बारीडीह के छठ घाट पर कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिला। नगर निकाय और पूजा समिति के लोगों ने आमजनों से सहयोग की अपील की है। उनलोगों का कहना है कि आम जनता के सहयोग से ही नदी तट को साफ़-सुथरा रखा जा सकता है।

बारीडीह स्थित भोजपुरी छठ घाट पर सफाई का कार्य जारी है, लेकिन अभी भी लोग नदी किनारे विसर्जन सामग्री फेंक रहे हैं, जिसे सफाईकर्मी एकत्र कर रहे हैं। घाट पर पानी काफी गहरा है, जिसको लेकर यहां दो चेंजिंग रूम और गोताखोरों की तैनाती की जायेगी। पहले से यहां हाई मास्ट लाइट लगी हुई है। इसके अलावा घाट तक आने वाले मार्ग पर स्थानीय कमेटी के सहयोग से लाइटिंग की व्यवस्था की जायेगी। विभिन्न कमेटियों की ओर से पूरे क्षेत्र को भव्य तरीके से सजाने की तैयारी है। निराला पथ छठ घाट की साफ-सफाई की जिम्मेदारी जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति (जेएनएसी) के जिम्मे है। यहां भी विभिन्न पूजा समितियों की ओर से विसर्जन सामग्री छोड़ दी गयी है। जिसे हटाया जा रहा है।

## बीसीसीएल - सात एरिया के जीएम सहित 11 अधिकारियों का तबादला

**धनबाद, एजेंसी।** बीसीसीएल में माइनिंग संभाग से जुड़े 11 वरिष्ठ अधिकारियों का तबादला कर दिया गया है। आदेश के अनुसार सभी अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से नये स्थान पर पदभार ग्रहण करने का निर्देश दिया गया है। बीसीसीएल प्रबंधन की ओर से शुक्रवार को जारी कार्यालय आदेश में बताया गया है कि यह तबादला माइनिंग डिसिप्लिन के अधिकारियों का है। इनमें से 10 अधिकारी जनरल मैनेजर (जीएम) स्तर के हैं, जबकि एक अधिकारी चीफ मैनेजर (माइनिंग) पद पर कार्यरत है। अधिसूचना के मुताबिक बरोरा एरिया के जीएम पीयूष किशोर को गोविंदपुर एरिया, गोविंदपुर एरिया के जीएम किशोर कुमार सिंह को बरोरा एरिया जीएम की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। इसी तरह लोदना एरिया के जीएम निखिल बी त्रिवेदी का तबादला करते हुए उन्हें कुसुंडा एरिया का जीएम बनाया गया है। कुसुंडा एरिया के जीएम प्रणब दास का तबादला करते हुए उन्हें बस्ताकोला एरिया जीएम की जिम्मेदारी दी गयी है। जबकि बस्ताकोला एरिया के जीएम अनिल कुमार सिन्हा को लोदना एरिया का जीएम बनाया गया है। बस्ताकोला एरिया के एडिशनल जीएम तुनेश्वर पासवान को इजे एरिया भौंरा की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। वहीं गणेश चंद्र साहू पीबी एरिया के एरिया जीएम का पदभार 31 अक्तूबर से ग्रहण करेंगे। वे इससे पहले मुख्यालय स्थित यूजी एंड साइडिंग के जीएम के रूप में कार्यरत थे। कतरास एरिया के जीएम राज कुमार को जीएम (क्वालिटी, मुख्यालय), सुधाकर प्रसाद जीएम (क्वालिटी, मुख्यालय) को कतरास एरिया का जीएम बनाया गया है।

# वित्त मंत्री ने झारखंड में महागठबंधन में दरार को नकारा, राजद ने कहा- झामुमो के हर फैसले का स्वागत

**रांची, एजेंसी।** बिहार में आज गुरुवार को महागठबंधन की ओर से तेजस्वी यादव को सीएम और मुकेश सहनी को डिप्टी सीएम फेस घोषित कर दिया गया है। लेकिन बिहार विधानसभा चुनाव 2025 से झारखंड मुक्ति मोर्चा के अलग हो जाने और उसके बाद सीएम हेमंत सोरेन के बेहद करीबी मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू द्वारा दिये जा रहे बयानों पर गठबंधन के अंदर की राजनीतिक कयासों का दौर जारी है।

इस बीच कांग्रेस विधायक सह वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने झारखंड महागठबंधन में ऑल इज वेल की बात कही। मंत्री ने आगे कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एक परिपक्व राजनेता हैं। वहीं झामुमो भी परिपक्व राजनीतिक दल है, ऐसे में वह कोई भी अपरिपक्व फैसला नहीं करेंगे। वित्त मंत्री ने कहा कि जब



कोई दल या व्यक्ति की खास इच्छा होती है और वह पूरा नहीं होता है तो अपने नेताओं-कार्यकर्ताओं के लिए इस तरह की बातें कहनी पड़ती है। हमारा गठबंधन (जिसमें राजद,कांग्रेस और झामुमो शामिल है) में कोई दाग नहीं है। उन्होंने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव का परिणाम आते ही सब ठीक हो जाएगा। क्या जेएमएम के अंदर राज्य में महागठबंधन के स्वरूप को लेकर कोई इफ-बट चल रहा है इस सवाल के जवाब में मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि राज्य में हमारा गठबंधन लालू यादव, राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे और हेमंत सोरेन के बीच है और इन नेताओं के बीच कोई मनमुटाव या दरार नहीं है। एक ओर जहां राज्य के वित्त मंत्री और कांग्रेस नेता राधाकृष्ण किशोर झारखंड में महागठबंधन में सबकुछ ठीक बता रहे हैं तो दूसरी ओर राजद की प्रदेश उपाध्यक्ष अनिता यादव ने मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू के बयान को निराशाजनक करार दिया है। राजद नेता ने कहा कि 2024 विधानसभा चुनाव में हमारी तैयारी भी 22 सीट की थी। लेकिन राज्य में फिरकापरस्त ताकतों का उदय न हो जाये इसलिए महज 07 सीट पर हमारे नेता मान गए। राजद के कोई भी नेता या कार्यकर्ता ने भाषायी मर्यादा नहीं तोड़ी लेकिन गठबंधन के साथी जिस भाषा या लहजा में मंत्री बयानबाजी कर रहे हैं वह निराशाजनक है। राजद की प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि झामुमो राज्य में महागठबंधन की समीक्षा की बात करता है तो राजद भी उसका स्वागत करता है। उन्होंने कहा कि राजद, झामुमो और हेमंत सोरेन के हर फैसले का स्वागत करेगा लेकिन गठबंधन में रहकर इस तरह के भाषा का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। बता दें कि बिहार में महागठबंधन में जगह नहीं मिलने से खुद को बिहार चुनाव से अलग हो जाने का निर्णय लेते हुए गिरिडीह से झामुमो विधायक और मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने राजद और कांग्रेस पर राजनीतिक धूर्तता और चालबाजी जैसे शब्दों का उपयोग किया था।

# लौहनगरी में अर्धनारीश्वर और मां भगवती का भव्य मंदिर बने

**जमशेदपुर, एजेंसी।** शहर में पहली बार किन्नर अखाड़ा द्वारा भव्य धर्म सम्मेलन का आयोजन किया गया। बिष्टुपुर स्थित माइकल जॉन ऑडिटोरियम में आयोजित यह सम्मेलन आध्यात्म, समरसता और समानता का संदेश लेकर सामने आया। शहर में पहली बार किन्नर अखाड़ा द्वारा भव्य धर्म सम्मेलन का आयोजन किया गया। बिष्टुपुर स्थित माइकल जॉन ऑडिटोरियम में आयोजित यह सम्मेलन आध्यात्म, समरसता और समानता का संदेश लेकर सामने आया। कार्यक्रम में किन्नर अखाड़ा की महामंडलेश्वर डॉ। लक्ष्मीनारायण त्रिपाठी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम की शुरुआत से पूर्व महामंडलेश्वर ने बिष्टुपुर राम मंदिर में पूजा-अर्चना की और देश-राज्य की सुख-शांति की कामना की। इसके बाद शोभायात्रा निकाली गयी, जो शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरती हुई माइकल जॉन सभागार तक पहुंची। उत्थान संस्था द्वारा आयोजित इस धर्म सम्मेलन की



अध्यक्षता महामंडलेश्वर अमरजीत नंदगिरी ने की। अपने संबोधन में डॉ। त्रिपाठी ने कहा कि झारखंड और विशेषकर जमशेदपुर में अर्धनारीश्वर और मां भगवती का एक भव्य मंदिर तथा किन्नर समाज के लिए एक आश्रम की स्थापना होनी चाहिए, जिससे किन्नरों को आध्यात्मिक पहचान और सम्मानजनक स्थान मिल सके। उन्होंने कहा कि प्रभु श्री राम ने भी रामायण में तृतीय लिंग समुदाय को वरदान दिया था, जिसमें उनकी पूजा विशेष थी। परंतु आज भी इस समाज को भेदभाव और उपेक्षा झेलनी पड़ती है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म समावेश और समानता का संदेश देता है तथा इसी भावना को समाज के युवाओं तक पहुंचाना समय की आवश्यकता है। जमशेदपुर की महामंडलेश्वर अमरजीत नंदगिरी, जो टाटा स्टील में कार्यरत हैं, धर्म और सेवा कार्यों के माध्यम से किन्नर समाज को मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य कर रही हैं।

# उत्पाद सिपाही भर्ती में 12 युवाओं ने जान गंवाई, एक साल बाद भी उसकी लिखित परीक्षा नहीं

**रांची, एजेंसी।** झारखंड में पिछले साल उत्पाद सिपाही की भर्ती शुरू हुई थी। इसकी शारीरिक परीक्षा में 12 अभ्यर्थियों की जान चली गई थी। एक साल बाद भी उस नियुक्ति के लिए लिखित परीक्षा नहीं हुई है। यह केवल एक उदाहरण है। पिछले एक दशक में 13 हजार से अधिक पदों पर नियुक्ति के लिए वैकेंसी निकली। लेकिन कभी नियोजन नीति रद्द होने के कारण तो कभी प्रश्न पत्र लीक होने के चलते परीक्षा रद्द करनी पड़ी।



तकनीकी विशिष्ट स्नातक नियुक्ति परीक्षा के अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र पर पहुंचने के बाद जानकारी मिली कि झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) ने तकनीकी अपरिहार्य कारण बताते हुए परीक्षा रद्द कर दी है। नया शेड्यूल जल्दी ही जारी होगा। लेकिन आज तक शेड्यूल जारी नहीं हुआ। इसी तरह महिला पर्यवेक्षिका नियुक्ति परीक्षा के बाद डॉक्युमेंट वेरिफिकेशन का काम पूरा कर लिया गया है। लेकिन फाइनल रिजल्ट अभी तक घोषित नहीं किया गया है। इससे इस परीक्षा में शामिल अभ्यर्थी निराश हैं। राज्य में दर्जन भर वैकेंसी के रिक्त पदों नियुक्ति लिए पिछले एक दशक से प्रक्रिया चल रही है। लेकिन इसमें से कई विज्ञापनों की नियुक्ति अभी तक पूरी नहीं हो सकी है। इस कारण उत्पाद सिपाही समेत, तकनीकी स्नातक समेत अन्य वैकेंसी की 13 हजार नियुक्तियां अटकी हैं।

तकनीकी विशिष्ट स्नातक नियुक्ति परीक्षा... 493 पदों पर नियुक्ति के लिए प्रक्रिया पिछले कई वर्षों से चल रही है। पहली बार विज्ञापन रद्द होने के बाद दूसरी बार दो साल पहले 2023 में वैकेंसी जारी कर आवेदन मांगे गए थे। इसके लिए इसी माह 9 से 16 अक्टूबर तक परीक्षा आयोजित की जानी थी। सेंटर पर अभ्यर्थी पहुंच गए थे। इधर जेएसएससी ने परीक्षा तकनीकी और अपरिहार्य कारण से परीक्षा स्थगित करने का नोटिफिकेशन जारी कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार मॉक परीक्षण के दौरान परीक्षा एजेंसी की साइट क्रैश होने के कारण इसे रद्द कर दिया गया है।

## छठ पर कांके रोड की एक लेन और चडरी रोड में वाहनों की नो इंट्री, मार्ग पर चलेंगे सिर्फ व्रती

**रांची, एजेंसी।** छठ पर्व को लेकर सोमवार से अगले 2 दिनों तक शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किया गया है। कांके रोड में राम मंदिर से चांदनी चौक तक एक लेन को फ्री रखा गया है। यहां रस्सी के सहारे रास्ते को दो भागों में बांटा गया है। एक भाग सिर्फ छठ व्रती को चलने के लिए सुरक्षित रखा गया है। वहीं चडरी रोड में भी वाहनों की इंट्री पर रोक लगा दी गई है।

मेन रोड की ओर से परिचालन करने वाले वाहन सवार को अल्बर्ट एक्का चौक से तालाब की ओर जाने की अनुमति नहीं होगी। इसके अलावा सरकुलर रोड से परिचालन करने वाले वाहन सवार को जेल मोड़ से चडरी तालाब की ओर आने-जाने की अनुमति नहीं होगी। इस मार्ग को सिर्फ छठ व्रती के लिए सुरक्षित रखा गया है। इससे संबंधित आदेश ट्रैफिक एसपी राकेश सिंह ने जारी कर दिया है।

छठ पर्व में घाट तक पहुंचने वाले व्रतियों को किसी प्रकार परेशानी ना हो, इसका विशेष ध्यान रखा गया है। यही वजह है कि सोमवार की सुबह 8 बजे से लेकर रात 11 बजे तक और मंगलवार की अहले सुबह 2 बजे से 10 बजे तक शहर में मालवाहक वाहनों का प्रवेश वर्जित किया गया है। यह मालवाहक वाहन रिंग रोड होकर अपने गंतव्य तक परिचालन कर सकेंगे। इस दौरान ट्रैफिक पुलिस के जवान इनपर नजर रखेंगे। ट्रैफिक एसपी राकेश सिंह ने कहा है कि बड़ा तालाब के अलावा अन्य सभी तालाब तक पहुंचने वाले छठ व्रतियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जा रहा है। बड़ा तालाब के चारों तरफ एप्रोच रोड में सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं। एप्रोच रोड में वाहनों की इंट्री पर रोक लगा दी गई है। ऐसे में किसी भी हाल में तालाब तक वाहन को नहीं ले जाया जा सकता है।

# कमीशन में मिली राशि से 44 करोड़ रुपए की संपत्ति बनाई, केस चलाने की अनुमति दें : ईडी

**रांची, एजेंसी।** टेंडर कमीशन घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने तत्कालीन मंत्री आलमगीर आलम के आप्त सचिव संजीव लाल की प7ी रीता लाल सहित आठ आरोपियों के खिलाफ चौथा पूरक आरोप पत्र दाखिल किया। इनमें ठेकेदार राजेश कुमार, उसकी कंपनी मेसर्स राजेश कुमार कंस्ट्रक्शन प्रा. लि. व मेसर्स परमानंद सिंह बिल्डर्स प्रा. लि., ठेकेदार राधा मोहन साहू, अंकित साहू, ग्रामीण कार्य विभाग के पूर्व मुख्य अभियंता वीरेंद्र कुमार राम के सहयोगी अतिकुल रहमान व ठेकेदार राजीव कुमार सिंह शामिल हैं।

रांची स्थित पीएमएलए की विशेष अदालत में 22 अक्टूबर को दाखिल इस आरोप पत्र में कहा गया है कि आरोपियों ने टेंडर आवंटन में कमीशन की राशि से 44 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति अर्जित की। जांच एजेंसी ने उस संपत्ति को अस्थाई रूप से जब्त किया है। ईडी ने कोर्ट से इन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा चलाने और अपराध की आय से अर्जित संपत्तियों को जब्त करने का अनुरोध किया है। इन आठ आरोपियों के साथ अब इस मामले में कुल 22 आरोपी हो गए हैं।

हवाला के माध्यम से दिल्ली भेजे गए थे कमीशन के रुपए, वहां खरीदी गई संपत्ति

इस मामले में ईडी ने छापेमारी में कुल 37 करोड़ रुपए




जब्त किए थे। इनमें 32.20 करोड़ रुपए पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल के सहयोगी जहांगीर आलम के हरमू रोड स्थित फ्लैट से हुई थी। ईडी को जांच में पता चला है कि कमीशन की अधिकतर राशि हवाला के जरिए दिल्ली भेजी गई थी। वहां चार्टर्ड अकाउंटेंट्स व एंट्री ऑपरेटरों के नेटवर्क के माध्यम से उसे सफेद किया गया। फिर उस राशि से अचल संपत्तियां खरीदी गईं।

एसीबी जमशेदपुर में दर्ज केस के आधार पर ईडी ने ईसीआईआर दर्ज कर जांच शुरू की थी। एसीबी ने एक जूनियर इंजीनियर सुरेश प्रसाद वर्मा को 10 हजार रुपए घूस लेते गिरफ्तार किया था। इसके बाद तलाशी में एसीबी को विभाग के तत्कालीन मुख्य अभियंता वीरेंद्र कुमार राम से जुड़े परिसरों से 2.67 करोड़ रुपए कैश मिले थे। पूर्व में दाखिल तीन आरोप पत्रों में ईडी ने ग्रामीण विकास विभाग में बड़े भ्रष्टाचार की जानकारी कोर्ट को देते हुए तत्कालीन मुख्य अभियंता वीरेंद्र कुमार राम के कमीशन वसूली का ब्यौरा दिया था। ईडी ने जांच में तत्कालीन ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम की भूमिका का भी खुलासा किया था और बताया था कि उन्हें टेंडर आवंटन में एक निश्चित राशि कमीशन में मिलती थी। मंत्री के लिए कमीशन उनके निजी सचिव संजीव कुमार लाल वसूलता था।

जांच एजेंसी ने कोर्ट को बताया कि तत्कालीन मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम को ठेकेदार राजेश कुमार ने अपनी कंपनी राजेश कुमार कंस्ट्रक्शन और परमानंद सिंह बिल्डर्स के साथ मिलकर कमीशन के रूप में 1.88 करोड़ रुपए कैश दिए थे। इसके अलावा टोयोटा इनोवा और टोयोटा फार्च्यूनर भी दी थी। एक अन्य ठेकेदार राधा मोहन साहू ने 39 लाख रुपए कैश दिए थे। राधा मोहन ने अपने बेटे अंकित साहू के नाम पर रजिस्टर्ड फार्च्यूनर भी गिफ्ट की थी। ईडी ने छापेमारी में इन तीनों गाड़ियों को वीरेंद्र के ठिकानों से जब्त किया था। कोर्ट ने काले धन का प्रबंधन करने वाले अधिकारियों के सहयोगियों की भी जानकारी दी है। बताया है कि वीरेंद्र राम के सहयोगी अतिकुल रहमान के यहां छापे में 4.40 लाख रुपए जब्त हुए थे। अधिकरियों के एक अन्य सहयोगी ठेकेदार राजीव के यहां तलाशी में 2.13 करोड़ रु. कैश मिले थे।

# नालंदा में आठवीं बार जीत की आस में नीतीश के 'श्रवण', दसवीं बार जीत की तलाश में हरिनारायण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में प्रथम चरण में छह नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में नालंदा जिले में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेहद करीबी माने जाने वाले मंत्री श्रवण कुमार आठवीं बार जबकि पूर्व मंत्री हरिनारायण सिंह दसवीं बार जीत का सेहरा बांधने के लिये चुनावी रण में उतरे हैं।

विश्व के प्राचीनतम नालंदा विश्वविद्यालय के अवशेषों को अपने आंचल में समेटे नालंदा जिले में होने वाले विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग), महागठबंधन और क्षेत्रीय पार्टियों के प्रत्याशियों का चुनाव प्रचार चरम पर है। नालंदा जिले में सात विधानसभा क्षेत्र नालंदा, हरनौत, बिहारशरीफ, राजगीर (सुरक्षित),अस्थावां, हिलसा और इस्लामपुर है। यहां पर राजग का पलड़ा भारी है। इनमें पांच सीटें नालंदा, हरनौत, राजगीर (सुरक्षित), अस्थावां और हिलसा पर जनता दल यूनाईटेड (जदयू), बिहारशरीफ में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और इस्लामपुर में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) का कब्जा है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के गृह जिले नालंदा में सभी की नजरें टिकी हुयी है। नालंदा विधानसभा क्षेत्र से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेहद करीबी माने जाने वाले जदयू के विधायक और मंत्री श्रवण कुमार की प्रतिष्ठा दाव पर लगी है। सियासी पिच पर सात बार जीत दर्ज कर चुके श्री कुमार आठवीं बार अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं। महागठबंधन की ओर से कांग्रेस ने कौशलेंद्र कुमार को उम्मीदवार बनाया है। दो दशक से नालंदा सीट पर श्री श्रवण कुमार का वर्चस्व बरकरार है। जदयू के श्री कुमार इस सीट से वर्ष 1995, 2000, फरवरी 2005,अक्टूबर 2005, वर्ष 2010, वर्ष 2015 और वर्ष 2020 में निर्वाचित हो चुके हैं। वर्ष 2020 के चुनाव में जदयू के श्री कुमार ने जनतांत्रिक विकास पार्टी के उम्मीदवार कौशलेंद्र कुमार को मात दी थी। कांग्रेस के गुंजन पटेल तीसरे नंबर पर रहे थे।नालंदा से 10 प्रत्याशी मैदान में हैं। हरनौत विधानसभा क्षेत्र से जदयू ने नौ बार विधायकी का दम दिखा चुके पूर्व मंत्री एवं वर्तमान विधायक हरिनारायण सिंह को चुनावी मैदान में उतारा है। उनका मुकाबला कांग्रेस के अरूण कुमार से है। जदयू के श्री सिंह इसके पूर्व चंडी विधानसभा से वर्ष 1977, 1983 उप चुनाव,1990, 2000, फरवरी एवं अक्टूबर 2005 और इसके बाद वर्ष 2010 ,वर्ष 2015 और 2020 में हरनौत से विधानसभा से निर्वाचित हो चुके हैं। हरनौत विधानसभा सीट ,नीतीश कुमार का गृह क्षेत्र भी है, उनका पैतृक गांव कल्याण बिगहा इसी विधानसभा क्षेत्र में स्थित है।इस सीट से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार चार बार चुनाव लड़ चुके हैं। वह दो बार 1977 और 1980 में हार गए जबकि 1985 और 1995 के चुनाव में वह विजयी हुए । हरनौत सीट को जदयू का अभेद किला माना जाता है। वर्ष 2005 से लेकर अबतक हुए चुनावों में यहां कभी नीतीश के विरोधियों की दाल नहीं गली है। वर्ष 2020 के चुनाव में जदयू के श्री सिंह ने लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) उम्मीदवार ममता देवी को शिकस्त दी थी। कांग्रेस के कुंदन कुमार तीसरे नंबर पर रहे थे।जदयू के हरिनारायण सिंह नौ बार विधानसभा का चुनाव जीत चुके हैं। यदि वह इस बार का चुनाव भी जीतते हैं तो सर्वाधिक बार विधानसभा पहुंचने वाले विधायक बन जाएंगे। अब तक दस बार बिहार विधानसभा का चुनाव कोई नहीं जीत सका है। नौ बार विधानसभा का चुनाव जीतने का रिकॉर्ड तीन लोगों के नाम हैं। इनमें हरिनारायण सिंह, सदानंद सिंह और रमई राम शामिल हैं। सदानंद सिंह और रमई राम दिवंगत हो चुके हैं। हरनौत में 11 उम्मीदवार चुनावी अखाड़े में उतरे हैं। बिहारशरीफ विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी एवं वर्तमान विधायक और मंत्री डॉ. सुनील कुमार चुनावी मैदान में सिक्सर लगाने के लिये बेताब है जबकि उनसे लोहा लेने के लिये कांग्रेस ने यहां नये खिलाड़ी उमैद खान को उनके सामने लाकर खड़ा कर दिया है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के शिव कुमार यादव ने यहां से उम्मीदवार हैं, जो कांग्रेस प्रत्याशी के लिये मुश्किलें खड़ी कर सकते हैं।भाजपा के डाक्टर सुनील कुमार ने फरवरी 2005, अक्टूबर 2005, 2010, 2015 और 2020 में जीत हासिल की है। वर्ष 2020 के चुनव में डॉ. सुनील ने राजद के सुनील कुमार को मात दी थी। पूर्व विधायक नौशादुन नवी उर्फ पप्पू खान की पत्नी निर्दलीय उम्मीदवार आफरीन सुलताना तीसरे नंबर पर रही थी। बिहारशरीफ में 10 उम्मीदवार चुनावी मैदान में जोर आजमां रहे हैं।

## अपराधियों को वोट न करें, लोकतंत्र के लिए खतरा : प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** प्रेम यूथ फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम कुमार ने राजनीति में बढ़ते अपराधीकरण को लेकर गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि आज राजनीति और अपराध का गठजोड़ लोकतंत्र की सबसे बड़ी चुनौती बन चुका है, लेकिन दुख की बात यह है कि यह मुद्दा अब चुनावी बहस से पूरी तरह गायब हो गया है। जनता, राजनीतिक दल और यहां तक कि मीडिया भी इस विषय पर चुप्पी साधे हुए हैं।

राजनीति में अपराधीकरण को लेकर विचार गांधीवादी प्रेम कुमार का मानना है कि राजनीति में अपराधियों की घुसपैठ ने व्यवस्था को अंदर से खोखला कर दिया है। जब अपराधी राजनीति का हिस्सा बन जाते हैं, तो कानून और व्यवस्था कमजोर होती है, न्याय प्रणाली प्रभावित होती है और लोकतंत्र का नैतिक आधार डगमगा जाता है। उनके अनुसार, अपराध पृष्ठभूमि वाले नेताओं का बढ़ता प्रभाव लोकतंत्र के लिए सीधा खतरा है। ऐसे नेता जनता के प्रतिनिधि नहीं, बल्कि डर और धनबल के प्रतीक बन जाते हैं। उन्होंने कहा कि संसद और विधानसभा जैसे लोकतांत्रिक संस्थानों में ऐसे चेहरों की मौजूदगी जनता के विश्वास को कमजोर करती है। अमरेश कुमार सिंह ने साफ शब्दों में कहा कि राजनीतिक दल भी अपराधीकरण के लिए उतने ही जिम्मेदार हैं जितने अपराधी खुद। जब पार्टियां सिर्फ जीत की संभावना देखकर टिकट देती हैं, तो वे लोकतंत्र की आत्मा से खिलवाड़ करती हैं। उन्होंने कहा कि यह कहना कि चुनाव जीतने के लिए अपराधियों का सहारा लेना मजबूरी है, दरअसल एक गंदी चाल है। यह राजनीति को अपराध के हवाले करने की सोच है। अगर राजनीतिक दल ठान लें कि वे स्वच्छ छवि वाले प्रत्याशी ही उतारेंगे, तो हालात बदल सकते हैं।

जनता की भूमिका भी अहम - गांधीवादी प्रेम कुमार ने जनता को भी जिम्मेदार ठहराया जब जनता अपराधियों को वोट देकर बार-बार सत्ता में भेजती है तो वह इस प्रवृत्ति को वैधता देती है। सामाजिक और कानूनी सुधार की जरूरत - उन्होंने कहा कि राजनीति से अपराधीकरण मिटाने के लिए सिर्फ कानून नहीं, समाज की सोच भी बदलनी होगी। कठोर कानूनों के साथ-साथ राजनीतिक दलों की जवाबदेही तय की जानी चाहिए। मीडिया और सिविल सोसाइटी की भूमिका - गांधीवादी प्रेम कुमार ने कहा कि मीडिया और सिविल सोसाइटी को भी इस मुद्दे पर एकजुट होकर अभियान चलाना चाहिए। मीडिया की भूमिका केवल खबर देने तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि उसे लोगों को जागरूक करने की दिशा में भी कदम उठाने चाहिए। युवाओं को राजनीति में आने की प्रेरणा - उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे साफ-सुथरी छवि के साथ राजनीति में आएं जब तक ईमानदार और जागरूक युवा राजनीति में नहीं आएंगे, तब तक यह गंदगी साफ नहीं हो सकती। राजनीति-अपराध गठजोड़ का अनुभव - अपने पत्रकारिता अनुभव को साझा करते हुए अमरेश कुमार सिंह ने बताया कि उन्होंने कई बार राजनीति और अपराध के गठजोड़ को बहुत करीब से देखा है – जहां नेता अपराधियों के पैसों से चुनाव लड़ते हैं और अपराधी सत्ता की छाया में बच निकलते हैं। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि पत्रकारिता के दौरान उन्हें कई बार अपराधी राजनीतिक व्यक्तियों से धमकी और दबाव का सामना करना पड़ा है। ह्ललेकिन सच लिखने का संकल्प ही मेरी ताकत है।

**समाधान के लिए सुझाव –** अंत में उन्होंने कहा कि अगर उन्हें मौका मिले, तो वे राजनीति में उम्मीदवारों के चयन के लिए पारदर्शी प्रक्रिया और कठोर कानून लागू करेंगे। साथ ही जनता को यह अधिकार दिया जाना चाहिए कि वे आपराधिक पृष्ठभूमि वाले प्रत्याशियों को चुनाव से बाहर कर सकें। पत्रकार अमरेश कुमार सिंह यह याद दिलाते हैं कि जब तक जनता, मीडिया, और राजनीतिक दल मिलकर राजनीति से अपराध को बाहर नहीं करेंगे, तब तक लोकतंत्र खतरे में रहेगा।

## बाढ़ के राजद प्रत्याशी लल्लू मुखिया ने पुलिस प्रशासन पर लगाया गंभीर आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बाढ़ (पटना)।** बाढ़ के गुलाबबाग स्थित आरजेडी के मुख्य कार्यालय में प्रेस वार्ता करते हुए राजद के उम्मीदवार करणवीर सिंह यादव उर्फ लल्लू मुखिया ने बाढ़ के थानाध्यक्ष बृज किशोर सिंह, पंडारक के थाना प्रभारी नवनीत राय, बाढ़ के एएसपी राकेश कुमार पर गंभीर आरोप लगाया है।

श्री लल्लू मुखिया ने कहा कि हाल के दिनों में उनके प्रचारझ्रप्रसार के दौरान बेधना गांव में आज असामाजिक तत्त्वों द्वारा उनके काफिले पर पत्थरबाजी की घटना को एनटीपीसी के मजदूर से जोड़कर उनके चुनाव को प्रभावित करना चाहते हैं। लल्लू मुखिया ने दावा किया कि जिसे एनटीपीसी का मजदूर बताया जा रहा है, वह कभी एनटीपीसी में कदम तक नहीं रहता और न ही उसके मजदूर होने का पुलिस के पास कोई सबूत है। फिर भी चुनाव को प्रभावित करने के लिए गलत बयानबाजी पुलिस कर रही है। उन्होंने कहा कि यह सभी मुंगेर सांसद राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह के इशारे पर हो रहा है। सरकार से मांग करते हुए लल्लू मुखिया ने कहा कि बिहार के निर्वाचन आयोग के द्वारा चुनाव के दौरान सभी नामित पुलिस पदाधिकारी को चुनाव से दूर रखा जाए नहीं तो चुनाव प्रभावित होने की संभावना है।

## अलौली में होगी पारस के पुत्र यशराज की अग्निपरीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में प्रथम चारण में छह नवंबर को 121 सीटों पर होने वाले विधानसभा चुनाव में पूर्व केन्द्रीय मंत्री दिवंगत राम विलास पासवान की परंपरागत खगड़िया जिले की अलौली (सुरक्षित) सीट पर राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी (रालोजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष पशुपति कुमार पारस के पुत्र यशराज पासवान की अग्निपरीक्षा होगी। खगड़िया जिले में चार विधानसभा सीट अलौली (सुरक्षित), खगड़िया, बेलदौर और परबत्ता है। अलौली (सुरक्षित) पर राष्ट्रीय जनता दल (राजद), खगड़िया में कांग्रेस, परबत्ता और बेलदौर पर जनता दल यूनाईटेड (जदयू) का कब्जा है। अलौली (सुरक्षित) सीट से पूर्व केन्द्रीय मंत्री श्री पारस के पुत्र यशराज पासवान अपनी सियासी पारी की शुरूआत कर रहे हैं। यशराज पासवान रालोजपा के टिकट पर चुनावी अखाड़े में उतरे हैं, वहीं राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने यहां विधायक रामवृक्ष सदा पर फिर से भरोसा जताते हुये चुनावी दंगल में उतारा है। जदयू ने यहां पूर्व विधायक रामचंद्र सदा पर दांव लगाया है। इस सीट पर त्रिकोणीय मुकाबले के आसार हैं। अलौली (सुरक्षित) पर रामविलास पासवान के परिवार का दबदबा रहा है। दिवंगत रामविलास पासवान के राजनीतिक सफर की शुरूआत अलौली विधानसभा सीट से हुई थी, जो आज भी पासवान परिवार के प्रभाव का प्रतीक बनी हुई है। इस सीट से वर्ष 1969 में पहली बार रामविलास पासवान निर्वाचित हुये थे। वहीं श्री पारस इस सीट से पहली बार वर्ष 1977 में निर्वाचित हुये। इसके बाद वर्ष 1985, 1990, 1995, 2000, फरवरी और अक्टूबर 2005 में इस सीट से श्री पारस ने चुनाव जीता। वर्ष 2010 में हुये चुनाव में खुद को उपमुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार बताने वाले श्री पारस को हार का सामना करना पड़ा था। लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) उम्मीदवार श्री पारस, जदयू के रामचंद्र सदा से 17523 मतों केअंतर से चुनाव हार गये थे। वर्ष 2015 के चुनाव में लोजपा उम्मीदवार श्री पारस को राजद के चंदन कुमार ने पराजित कर दिया था। वर्ष 2020 के चुनाव में राजद के रामवृक्ष सदा ने जदयू की साधना देवी को पराजित किया था। लोजपा उम्मीदवार रामचंद्र सदा तीसरे नंबर पर रहे थे। इस बार अलौली सीट पासवान परिवार की विरासत की जंग का गवाह बन रही है। अलौली विधानसभा भी बेहद खास है क्योंकि इसे पासवान परिवार का राजनीतिक गढ़ माना जाता है। अलौली सीट पर श्री पारस की प्रतिष्ठा दांव पर लगी हुयी है, वहीं उनके पुत्र यशराज पासवान पर परिवार की परंपरागत सीट पर फिर से कब्जा जमाने के साथ ही खुद को साबित करने की चुनौती है। अलौली सीट पर इस चुनाव में पांच प्रत्याशी चुनावी अखाड़े में डटे हैं।देखना दिलचस्प होगा कि अलौली सीट पर कौन पारस बनता है। खगड़िया सीट पर कांग्रेस ने विधायक छत्रपति यादव को बेटिकट कर दिया है और नये खिलाड़ी चंदन यादव पर दांव लगाया है। वहीं जदयू ने जिलाध्यक्ष बबलू मंडल को उम्मीदवार बनाया है। वर्ष 2020 के चुनाव में कांग्रेस के छत्रपति यादव ने जदयू की तत्कालीन विधायक पूनम देवी यादव को पराजित कर उनका विजयी रथ रोक दिया था। जदयू से बागी (लोजपा) प्रत्याशी और पूर्व सांसद रेणु कुमारी तीसरे नंबर पर रही थी। पूर्व विधायक बाहुबली रणवीर यादव की पत्नी पूनम देवी यादव 2005 फरवरी, 2005 अक्टूबर, 2010 और 2015 में निर्वाचित हुयी थी। वह इस बार चुनाव नहीं लड़ रही हैं। खगड़िया सीट पर वर्ष 1990 में रणवीर यादव भी निर्दलीय विधायक बने थे।खगड़िया सीट पर कुल 10 प्रत्याशी चुनावी दंगल में हुंकार भर रहे हैं। बेलदौर विधानसभा सीट पर जदयू ने विधायक पन्ना सिंह पटेल सियासी पिच पर जीत का चौका लगाने के उद्देश्य से चुनावी मैदान में डटे हैं, वहीं चुनौती देने के लिये कांग्रेस ने मिथिलेश कुमार निषाद को उम्मीदवार बनाया है। वर्ष 2020 में जदयू के श्री पटेल ने कांग्रेस के चंदन कुमार को पराजित किया था। लोजपा के मिथिलेश कुमार निषाद तीसरे नंबर पर रहे थे।

## भाजपा नेता प्रगति मेहता की राजद में वापसी




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुंगेर लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी रहे प्रगति मेहता को रविवार को नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने राष्ट्रीय जनता दल की सदस्यता दिलाई ।पटना में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने अपने सरकारी आवास पर आयोजित कार्यक्रम में उन्हें सदस्यता दिलाई। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि प्रगति मेहता की यह घर वापसी है। यह देश और राज्य के बड़े पत्रकार रहे हैं। इनके आने से पार्टी को बड़े इलाके में मजबूती मिलेगी। प्रगति जी राजद में अतिपिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश मीडिया प्रभारी और प्रदेश प्रवक्ता भी रह चुके हैं।इनकी घर वापसी से संगठन और मजबूत होगा।राजद छोड़ने के बाद प्रगति मेहता कई वर्ष जदयू के प्रदेश प्रवक्ता और महासचिव रहे। लोकसभा चुनाव के पूर्व उन्होंने बीजेपी ज्वाइन कर लिया था। इस मौके पर प्रगति मेहता ने कहा कि बिहार के लोग बदलाव का मूड बना चुके हैं। बिहार के लोग अब जुमलेबाजी वाली सरकार नहीं चाहते हैं। अब तेजस्वी यादव के नेतृत्व में तेज रफ़्तार सरकार चाहते हैं, जो बिहार से बेरोजगारी दूर करे और राज्य हर दिशा में तरक्की करे। अमन-चैन कायम हो. हर समाज में खुशहाली आये।इस मौके पर पूर्व मंत्री शिवचंद्र राम, एमएलसी कारी सोहेब, प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद सहित अन्य नेता मौजूद थे।

## नई दिशा परिवार के तत्वावधान में 51 महिलाओं द्वारा सामूहिक खरना सम्पन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना सिटी।** लोक आस्था का महापर्व छठ के अनुष्ठान के दूसरे दिन आज 51 महिलाओं द्वारा सामूहिक खरना सम्पन्न हुआ। सामाजिक - संस्कृतिक संस्था 'नई दिशा परिवार' के तत्वावधान में विगत वर्षों के भांति इस वर्ष भी बेलवरगंज, पटना सिटी स्थित गिरिराज उत्सव पैलेस में सामूहिक छठ व्रत का खरना सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर सैकड़ों धर्मावलम्बी लोगों द्वारा सूयोर्पासना में खरना करने वाली व्रती महिलाओं के आशीष एवं प्रसाद ग्रहण किया गया। स्मरणीय है कि नई दिशा परिवार द्वारा 51 महिलाओं का सामूहिक छठ व्रत विगत वर्षों से आयोजन किया जा रहा है। इसमें प्रदेश और देश से के कोने - कोने से महिलाओं सपरिवार यहां पधारकर छठ व्रत करती हैं।

संस्था के संस्थापक सचिव राजेश राज, मुख्य संरक्षक राजेश बल्लभ, संरक्षक कमल नयन श्रीवास्तव, संयोजक रितु राज, मनोज गुप्ता ने बताया कि जन सहयोग से यह धार्मिक अनुष्ठान किया जाता है।

## डॉ.श्रीकान्त व्यास साहित्य अवार्ड-2025 से प्रो.मीना यादव सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** पटना जिले के बिहटा स्थित श्री सूर्य नारायण मंदिर के सभागार में श्रीकृष्ण सेवा न्यास परिषद्, बिहटा द्वारा 22 अक्टूबर 2025 को गोवर्धन पूजा के शुभ अवसर पर आयोजित श्री श्री गोवर्धन पूजा महोत्सव-सह- सम्मान समारोह में उत्तर प्रदेश के बरेली स्थित बरेली कॉलेज बरेली की हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो.(डॉ.) मीना यादव को प्रख्यात साहित्यकार, कवि,उपन्यासकार, कथाकार, व्यंग्यकार, नाटककार व दार्शनिक डॉ.श्रीकान्त व्यास के नाम पर प्रति वर्ष दिया जाने वाला साहित्यिक सम्मान डॉ.श्रीकान्त व्यास साहित्य अवार्ड-2025 से नवाजा गया। प्रोफेसर मीना यादव का साहित्य और शिक्षा में उल्लेखनीय योगदान है। इनकी साहित्य की गद्य व पद्य विधा में अनेक पुस्तकें प्रकाशित हैं। इन्होंने हिन्दी में डॉक्टरेट की उपाधि ले रखी है। ये अपने छात्रों और शिक्षकों के बीच काफी लोकप्रिय हैं।

## सांसद डॉ संजय जायसवाल से रंगदारी मामले में दो गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेतिया।** बिहार के पश्चिम चंपारण के सांसद डॉ. संजय जायसवाल से 10 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार युवक की पहचान कालीबाग थाना के उतरवारी पोखरा निवासी अशोक कुमार एवं विकास कुमार के रुप में हुयी है। एसडीपीओ विवेक दीप ने बताया कि गिरफ्तार दोनों युवक नए उम्र के हैं और नशे के आदी हैं। पूछताछ में उन्होंने स्वीकार किया है कि पैसे की जरूरत के कारण उन्होंने रंगदारी मांगने की योजना बनाई थी। दोनों ने मिलकर सांसद से रंगदारी मांगने की साजिश रची और इस घटना को अंजाम दिया।एसडीपीओ विवेक दीप ने बताया कि सांसद डा. जायसवाल के शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गयी। प्राथमिकी के आलोक में वरीय पुलिस अधीक्षक डा. शौर्य सुमन ने एसआईटी का गठन करते हुए मामले का त्वरित उदभेदन का निर्देश दिया। एसडीपीओ ने बताया कि पुलिस ने मोबाईल सर्विलांस के आधार पर एक आरोपी अशोक कुमार को गिरफ्तार कर लिया। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि रंगदारी मांगने के लिए जिस मोबाइल का इस्तेमाल किया गया था, उसका मालिक कोई और व्यक्ति है। जब मोबाइल के मालिक को पकड़कर पूछताछ की गई तो उसने बताया कि तीन माह पहले उसका मोबाइल चोरी हो गया था। इसके बाद पुलिस ने मोबाइल का सीडीआर और आईएमईआई नंबर ट्रैक किया, जिससे एक नया नंबर सामने आया जो आरोपी अशोक कुमार के भाई के नाम पर था। इसी आधार पर पुलिस ने अशोक कुमार को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसी ने सांसद को फोन कर 10 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी और नहीं देने पर जान से मारने की धमकी भी दी थी। बाद में पुलिस ने अशोक की निशानदेहीं पर विकास कुमार को भी गिरफ्तार कर लिया। एसडीपीओ ने बताया कि पुलिस ने आरोपी के पास से वह मोबाइल फोन बरामद कर लिया है, जिससे रंगदारी मांगी गई थी। हालांकि आरोपी ने सिम कार्ड को तोड़कर और चबा कर सबूत मिटाने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उसे भी बरामद कर लिया है। इस टीम का नेतृत्व सदर एसडीपीओ विवेक दीप कर रहे थे, जिसमें डीआईओ की टीम, नगर थाना प्रभारी और कालीबाग थाना प्रभारी शामिल थे। पुलिस दोनों से विस्तृत पूछताछ कर रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि इस साजिश में और कोई व्यक्ति शामिल था या नहीं। फिलहाल दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया चल रही है।

## डॉ. दिलीप जायसवाल ने अन्य नेताओं के साथ सुनी प्रधानमंत्री की 'मन की बात'

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना के भाजपा मीडिया सेंटर में आज प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल समेत तमाम नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसंवाद कार्यक्रम 'मन की बात' को तन्मयता से सुना। इस दौरान पीएम मोदी के चार दिवसीय महापर्व की छठ की चर्चा के दौरान सभी उपस्थित लोग आत्ममुग्ध दिखे। मीडिया सेंटर में पीएम मोदी के 'मन की बात' सुनने के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी। बड़े स्क्रीन का टीवी लगाया गया। स्थानीय लोग भी बड़ी संख्या में पहुंचे और पीएम मोदी के 'मन की बात' के प्रेरक प्रसंगों को सुना। 'मन की बात' सुनने वालों में भाजपा अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल के अलावा केंद्रीय मंत्री और बिहार के चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेन्द्र नाथ त्रिपाठी,सांसद रविशंकर प्रसाद, बिहार के सह प्रभारी दीपक प्रकाश, राष्ट्रीय सह मीडिया प्रभारी संजय मयूख, प्रदेश मीडिया प्रभारी दानिश इकबाल एवं प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अमित प्रकाश बबलु सहित बड़ी संख्या में नेता और कार्यकर्ता भी शामिल रहे। रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 127 वें एपिसोड को सुनने के बाद भाजपा अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि उनके मन की बात को देश और दुनिया के लोग सुनते हैं।


**Format C-1**
**(for candidate to publish in Newspapers, TV)**

***Declaration about criminal cases***

(As per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No.536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

**Name & address of candidate : Amod Kumar Singh, AT+PO : Chandragarh, PS : Nabinagar, District : Aurangabad (Bihar)**
**Name of Political Party : Rashtriya Janta Dal**
***Name of the Election : BIHAR LEGISLATIVE ASSEMBLY 2025**
**(1) Name of Constituency : 221, Nabinagar**

**I, Amod Kumar Singh, a candidate for the above mentioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents :**

| Pending Criminal Cases | | | | Details about cases of conviction for criminal offences | |
|---|---|---|---|---|---|
| S. N. | Name of Court | Case No. and Status of Case | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed |
| 1 | ACJM - I Aurangabad | Nabinagar PS, : Case No. 226/21 | U/s. 143, 188, 171 (E) IPC – Assault and use of abusive language - Charge Framed | Not Applicable | Not Applicable |
| 2 | ACJM - I Aurangabad | Nabinagar PS, : Case No. 39/23 | U/s. 406, 409, 420 IPC – misappropriation of entrusted property- Pending | Not Applicable | Not Applicable |
| 3 | ACJM - VII Aurangabad | Tandwa PS, : Case No. 63/18 | U/s. 149, 147, 323, 324, 307, 504 IPC – Violation of the Model Code of Conduct- Pending | Not Applicable | Not Applicable |
| 4 | ADS - VIII Aurangabad | Nabinagar PS, Case No. 76/16 | U/s. 147, 148, 149, 323, 307, 427, 504, 506 IPC – Unlawful assembly and -Charge Framed | Not Applicable | Not Applicable |
| 5 | CJM Aurangabad | Nagar PS, Case No. 663/24 | U/s. 323, 504 IPC – Disturbance of public peace - Charge Framed | Not Applicable | Not Applicable |
| 6 | ACJM - I, Aurangabad | Nabinagar PS, Case No. 411/23 | U/s. 341, 323, 324, 504, 506/34 IPC – Voluntarily causing hurt - Charge Framed | Not Applicable | Not Applicable |
| 7 | ACJM - I, Aurangabad | Nabinagar PS, Case No. 381/23 | U/s. 153(A), 295, 295(A), 447, 427, 504, 120(B) IPC – Theft of property - Pending | Not Applicable | Not Applicable |

***In the case of election to Council of States or Election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.**

# संपादकीय

## क्या अमेरिका ने एच 1 बीजा वीजा नियमों में लिया यू-टर्न?

करीब एक महीने पहले जब अमेरिका ने आप्रवासन नीति में एक बड़ा बदलाव करते हुए एच1बी वीजा और उसके लिए शुल्क में भारी फेरबदल कर दिया था, तभी से जमीनी स्तर पर उसके असर और खुद अमेरिका को प्रकारांतर से उससे होने वाले नुकसानों को लेकर आशंकाएं जताई जाने लगी थीं। हालांकि तब भी यह उम्मीद की गई थी कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बीते कुछ समय से अमेरिका के हित के नाम पर जिस तरह के फैसले कर रहे हैं, उसमें संभव है कि एच1बी वीजा के संबंध में घोषित नए नियमों की जटिलता और उसके व्यापक असर को देखते हुए फिर किसी बदलाव की गुंजाइश बने। जब एच1बी वीजा के लिए एक लाख डालर शुल्क लगाने की घोषणा हुई, तो उस पर खासा विवाद शुरू हो गया और इस फैसले के लिए दुनिया भर में ट्रंप की आलोचना होने लगी, तब इस फैसले में बदलाव करके कुछ राहत दी गई कि नया शुल्क नए आवेदकों के लिए होगा। यह वहां वर्षों या दशकों से रह रहे अन्य देशों के प्रवासियों लिए थोड़ी राहत की बात थी, लेकिन इसे लेकर कई आशंकाएं बनी रहीं कि आने वाले दिनों में इसका व्यवहार में कैसा असर पड़ेगा। एक समस्या यह भी खड़ी हुई थी कि शुल्क की घोषणा तो कर दी गई, लेकिन उसमें किसी तरह की छूट आदि के बारे में स्पष्ट नहीं किया गया था। यही वजह थी कि इस नए नियम से प्रभावित होने वाले लोगों के बीच असमंजस की स्थिति बनी हुई थी। अब ट्रंप प्रशासन ने इस संबंध में कुछ बिंदुओं को स्पष्ट किया है कि किन्हें यह शुल्क देना होगा, उसे चुकाने की प्रक्रिया क्या होगी और इसमें छूट के लिए आवेदन कैसे किए जा सकेंगे। अमेरिकी नागरिकता तथा आव्रजन सेवा यानी यूएससीआइएस की ओर जारी नए दिशानिर्देशों के तहत यह शुल्क सभी आवेदकों को नहीं देना होगा। जिन आवेदकों ने अपनी स्थिति में बदलाव कराने या अमेरिका में प्रवास या अपनी वीजा अवधि बढ़वाने का आवेदन किया है, उन्हें भी यह अतिरिक्त शुल्क नहीं लगेगा। इस आदेश में एच1बी वीजा धारक के अमेरिका में आने-जाने पर प्रतिबंध नहीं है। इसका व्यवहार में असर इस रूप में सामने आएगा कि अगर कोई आवेदक किसी दूसरे वीजा, मसलन अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों के लिए एफ1वीजा, अंतरराष्ट्रीय कंपनियों के लिए एल1वीजा पर अमेरिका में दाखिल होता है और वहीं रहते हुए एच1वीजा हासिल करता है, तो उसे नया अतिरिक्त शुल्क नहीं देना होगा। इस नई घोषणा के बाद वहां एच1बी वीजा के दायरे में आने वाले एक बड़े वर्ग और खासतौर पर भारत से वहां गए लोगों के बीच काफी राहत महसूस की जा रही है। गौरतलब है कि इस वीजा के लिए सबसे ज्यादा भारत के ही लोग आवेदन करते हैं। पिछले वर्ष कुल स्वीकृत एच1बी वीजाधारकों में से सत्तर फीसद भारतीय मूल के कर्मचारी थे। यों भी, भारत से अमेरिका जाने वाले पेशेवरों की संख्या अन्य देशों के लोगों के मुकाबले ज्यादा है। दरअसल, यह समूचा विवाद अमेरिका में अन्य देशों से पहुंचे पेशेवरों से जुड़ा मसला है, जो स्थानीयता और अमेरिकियों के बीच अवसरों के मुद्दे से जोड़ दिया गया है।

**केंद्र सरकार द्वारा आयकर योग्य राशि की सीमा को बढ़ाकर 12 लाख कर दिया गया है। यदि आज किसी नागरिक की आय 12 लाख रुपए तक प्रतिवर्ष है तो उसकी आय पर आयकर नहीं लगने वाला है। साथ ही, वस्तु एवं सेवा कर की दरों को भी तर्कसंगत बनाया गया है जिसे जीएसटी2.0 का नाम दिया जा रहा है। अब 95 प्रतिशत से अधिक उत्पादों पर केवल 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दर से ही वस्तु एवं सेवा कर लागू होगा। पूर्व में, 5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत एवं 28 प्रतिशत की दरें लागू होती थी। अब 12 प्रतिशत एवं 28 प्रतिशत की दरों को समाप्त कर दिया गया है। इससे उपभोक्ताओं को वस्तु एवं सेवा कर की दरों में लगभग 10 प्रतिशत तक का लाभ मिला है। चार पहिया वाहनों पर तो लगभग 60-70,000 रुपए प्रति वाहन तक की बचत हुई है। इस तरह, इस वर्ष दीपावली के त्यौहारी मौसम में भारतीय अर्थव्यवस्था को बढ़े हुए उपभोग का सहारा मिला है।**

# दीपावली के त्यौहारी मौसम में भारतीय अर्थव्यवस्था को लगे पंख

**(प्रह्लाद सबनानी)**



भारतीय इतिहास में, दीपावली के त्यौहारी मौसम में, इस वर्ष सबसे अधिक रिकार्ड कारोबार सम्पन्न हुआ है। भारत में नागरिक अब बाजार में दुकानों पर आकर उत्पादों की पूछ परख कर ही उत्पादों की खरीद करते हुए दिखाई दे रहे हैं। वैसे तो प्रतिवर्ष ही भारत में धनतेरस एवं दीपावली के शुभ अवसर पर भारतीय नागरिकों द्वारा विभिन्न उत्पादों विशेष रूप से स्वर्ण एवं चांदी के आभूषणों की खरीद को शुभ माना जाता है। अतः इस त्यौहारी मौसम में विभिन्न उत्पादों की भारत में बिक्री बहुत बढ़ जाती है। परंतु, इस वर्ष तो केंद्र सरकार द्वारा लिए गए कुछ निर्णयों के चलते भारतीय बाजार में सोने एवं चांदी सहित विभिन्न उत्पादों की बिक्री में बेतहाशा वृद्धि दर्ज हुई है।

केंद्र सरकार द्वारा आयकर योग्य राशि की सीमा को बढ़ाकर 12 लाख कर दिया गया है। यदि आज किसी नागरिक की आय 12 लाख रुपए तक प्रतिवर्ष है तो उसकी आय पर आयकर नहीं लगने वाला है। साथ ही, वस्तु एवं सेवा कर की दरों को भी तर्कसंगत बनाया गया है जिसे जीएसटी2.0 का नाम दिया जा रहा है। अब 95 प्रतिशत से अधिक उत्पादों पर केवल 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दर से ही वस्तु एवं सेवा कर लागू होगा। पूर्व में, 5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत एवं 28 प्रतिशत की दरें लागू होती थी। अब 12 प्रतिशत एवं 28 प्रतिशत की दरों को समाप्त कर दिया गया है। इससे उपभोक्ताओं को वस्तु एवं सेवा कर की दरों में लगभग 10 प्रतिशत तक का लाभ मिला है। चार पहिया वाहनों पर तो लगभग 60-70,000 रुपए प्रति वाहन तक की बचत हुई है। इस तरह, इस वर्ष दीपावली के त्यौहारी मौसम में भारतीय अर्थव्यवस्था को बढ़े हुए उपभोग का सहारा मिला है।

भारतीय इतिहास में, दीपावली के त्यौहारी मौसम में, इस वर्ष सबसे अधिक रिकार्ड कारोबार सम्पन्न हुआ है। भारत में नागरिक अब बाजार में दुकानों पर आकर उत्पादों की पूछ परख कर ही उत्पादों की खरीद करते हुए दिखाई दे रहे हैं। इसी कारण से इस वर्ष के दीपावली त्यौहारी मौसम में भारतीय बाजारों में दुकानों पर बहुत अधिक भीड़ दिखाई दी है। कनफेडरेशन आफ आल इंडिया ट्रेडर्स (सीएआईटी) द्वारा सम्पन्न किए गए एक सर्वेक्षण के अनुसार, भारत के 35 नगरों के वितरण केंद्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस वर्ष लगभग 5.4 लाख करोड़ रुपए का व्यापार दीपावली के त्यौहारी मौसम में सम्पन्न हुआ है। वर्ष 2021 में इसी त्यौहारी मौसम में 1.25 लाख करोड़ रुपए, वर्ष 2022 में 2.50 लाख करोड़ रुपए, वर्ष 2023 में 3.75 लाख करोड़ रुपए एवं वर्ष 2024 में 4.25 लाख करोड़ रुपए का व्यापार सम्पन्न हुआ था। इस वर्ष अभी आगे आने वाले समय में गोवर्धन पूजा, भाई दूज, छठ एवं तुलसी विवाह आदि त्यौहार भी उत्साह पूर्वक मनाए जाने हैं। ऐसा अनुमान किया जा रहा है कि इस वर्ष इस दौरान भी लगभग 80,000 करोड़ रुपए का व्यापार सम्पन्न होने की प्रबल सम्भावना है। इस प्रकार इस वर्ष भारत में त्यौहारी मौसम में कुल व्यापार का आंकड़ा 6 लाख करोड़ रुपए से अधिक होने की प्रबल सम्भावना है, जो पिछले वर्ष इसी अवधि में सम्पन्न हुए व्यापार के आंकडें की तुलना में 41 प्रतिशत अधिक है।

इस वर्ष भारत के नागरिकों में स्वदेशी उत्पाद खरीदने की होड़ सी रही हैं। इसी प्रकार, एक अनुमान के अनुसार, इस वर्ष धनतेरस त्यौहार के दौरान सोने चांदी के गहनों, सिक्कों एवं अन्य वस्तुओं के कारोबार का स्तर भी 60,000 करोड़ रुपए के आसपास रहा है। बाजार में हालांकि इस वर्ष सोने एवं चांदी के भाव आसमान छू रहे हैं। वर्ष 2024 की दीपावली पर सोने का भाव लगभग 80,000 रुपए प्रति 10 ग्राम था, जो इस वर्ष बढ़कर 130,000 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है, अर्थात लगभग 62 प्रतिशत अधिक। चांदी का भाव भी वर्ष 2024 में 98,000 रुपए प्रति किलोग्राम था जो इस वर्ष बढ़कर 180,000 रुपए प्रति किलोग्राम हो गया है, अर्थात लगभग 83 प्रतिशत अधिक। एक अन्य अनुमान के अनुसार, दीपावली के इस त्यौहारी मौसम में भारत में स्वर्ण एवं चांदी के आभूषणों की कुल मिलाकर 1.35 लाख करोड़ रुपए की बिक्री हुई है। भारतीय बाजारों में लगभग 46 टन सोने की बिक्री हुई है।

दीपावली के पावन पर्व पर इस वर्ष 600,000 वाहन एक दिन में बिके हैं। यह भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती को दर्शा रहा है। इससे यह भी सिद्ध हो रहा है कि है कि भारतीय अर्थव्यवस्था बहुत ही तेज गति से आगे बढ़ रही है। अमेरिकी राष्टपति डोनाल्ड ट्रम्प कह रहे हैं कि भारतीय अर्थव्यवस्था डेड है, भारतीय अर्थव्यवस्था में लगातार तेज हो रही विकास दर अमेरिकी राष्टपति के बयानों को झुठला रही है।

वित्तीय वर्ष 2025-26 की प्रथम तिमाही, अप्रैल-जून 2025, में भारतीय अर्थव्यवस्था ने 7.3 प्रतिशत की आर्थिक विकास दर हासिल की है। जबकि, द्वितीय तिमाही जुलाई-सितम्बर 2025 में एवं तृतीय तिमाही अक्टोबर-दिसम्बर 2025 में भी भारतीय अर्थव्यवस्था के रिकार्ड स्तर पर आर्थिक विकास दर हासिल करने की संभावनाएं प्रबल हो गई हैं। भारत में द्वितीय तिमाही में प्रारम्भ हुए त्यौहारी मौसम (दुर्गा उत्सव, दशहरा, धनतेरस एवं दीपावली, आदि) में विभिन्न उत्पादों की रिकार्ड वृद्धि दर्ज होती हुई दिखाई दी है। यह प्रवाह तीसरी तिमाही में भी जारी रहने की प्रबल सम्भावना दिखाई दे रही है क्योंकि त्यौहारी मौसम अभी इस अवधि में भी जारी रहेगा जो 25 दिसम्बर (क्रिसमस) एवं 31 दिसम्बर (नव वर्ष) तक जारी रहेगा। साथ ही, शादियों का मौसम भी आने वाला है, इस मौसम में भारत में लाखों की संख्या में शादियां सम्पन्न होती हैं, और शादियों के इस मौसम में विभिन्न उत्पादों (स्वर्ण, चांदी, कार, टीवी, रेफ्रीजरेटर, एसी, आदि) की मांग में बेतहाशा वृद्धि दर्ज होती है। इस बीच भारत में धार्मिक पर्यटन भी अपने उच्चत्तम स्तर पर पहुंच गया है। अयोध्या, वाराणसी, चार धाम, वैष्णो देवी, महाकाल मंदिर, तिरुपति बालाजी, मीनाक्षी मंदिर आदि में लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। भारत में लगातार बढ़ रहे धार्मिक पर्यटन से भी उत्पादों का उपभोग बढ़ रहा है, जो अर्थव्यवस्था को गति देने में सहायक हो रहा है एवं रोजगार के लाखों नए अवसर निर्मित कर रहा है।

भारत में अब देश में ही निर्मित उत्पादों को प्रोत्साहन दिया जा रहा है, इस कार्य में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वदेशी अपनाने की अपील पर भारतीय नागरिक अपना भरपूर सहयोग कर रहे हैं। भारत में ही निर्मित उत्पादों के उपभोग का स्तर सकल घरेलू उत्पाद के 60-70 प्रतिशत तक पहुंच गया है। इसी कारण से भारत को देशीय उपभोग आधारित अर्थव्यवस्था कहा जा रहा है। भारत में आंतरिक उपभोग के लगातार मजबूत होने के चलते भारत अब दुनिया के कई देशों के निवेशकों के लिए निवेश के केंद्र के रूप में उभर रहा है, क्योंकि भारत की 140 करोड़ आबादी इन निवेशकों के लिए आकर्षण का केंद्र है। भारत में ही निर्मित किए जाने वाले उत्पादों के लिए भारत में ही बहुत बड़ा बाजार उन्हें उपलब्ध है। आगे आने वाले समय में भारत के वित्तीय एवं बैंकिंग क्षेत्र में 50,000 करोड़ रुपए से अधिक का विदेशी निवेश भारत में आने जा रहा है। अमेरिकी कम्पनी ऐपल अपना पूरा उत्पादन सिस्टम भारत में ला रहा है एवं स्मार्ट मोबाइल फोन का भारत में उत्पादन कर उसे विश्व के अन्य देशों को भारत से निर्यात किया जाएगा।

भारत के विशाल बाजार को देखते हुए आज विश्व के कई देश भारत के साथ द्विपक्षीय मुक्त व्यापार समझौता सम्पन्न करने के लिए लालायित दिखाई दे रहे हैं। भारत का अभी हाल ही में ओमान, कतर, यूनाइटेड किंगडम और यूरोप के चार देशों के साथ द्विपक्षीय मुक्त व्यापार समझौता सम्पन्न हुआ है। यूरोपीयन यूनियन के साथ भी द्विपक्षीय व्यापार समझौता के सम्बंध में वार्ताएं सफलता पूर्वक आगे बढ़ रही हैं एवं इसके शीघ्र ही सम्पन्न होने की सम्भावना है।

साथ ही, भारत और अमेरिका के बीच भी द्विपक्षीय मुक्त व्यापार समझौता नवम्बर 2025 तक सम्पन्न होने की सम्भावनाएं अब दिखाई देने लगी है। सम्भव है कि नवम्बर 2025 माह में अमेरिका के राष्टपति डानल्ड ट्रम्प भारत आकार इस समझौते की घोषणा करें।

रूस के राष्टपति व्लादिमीर पुतिन भी शीघ्र भारत आ रहे हैं और रूस के भारत के साथ व्यापार बढ़ाने पर जोर दिए जाने की प्रबल सम्भावना है। भारत अभी रूस से भारी मात्रा में कच्चे तेल का आयात कर रहा है एवं रूस को भारत से निर्यात होने वाले उत्पादों की मात्रा अभी बहुत कम है। इस तरह भारत का रूस के साथ व्यापार घाटा बहुत अधिक हो गया है। चीन के साथ भी भारत का व्यापार घाटा बहुत अधिक मात्रा में है, जिसे कम करने के लिए चीन के साथ भी भारत की बातचीत चल रही है।

कुल मिलाकर आगे आने वाले समय में भारत की आर्थिक विकास दर के तेज होने की प्रबल सम्भावना है, जो 10 प्रतिशत प्रतिवर्ष तक के आंकडें को भी छू सकती है।

**(लेखक सेवानिवृत्त उपमहाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक है)।**

**(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)**

## अरावली पर्वतमाला विविधताओं का बसेरा और आवास

**(नेहा हेगड़े)**

यहां का जलवायु गर्म अर्ध शुष्क और शुष्क हैं। इस क्षेत्र के दक्षिण पूर्व में अरावली पर्वतमाला इसको घेरता है और थार रेगिस्तान एवं सिंधु घाटी रेगिस्तान इस क्षेत्र के घेर में हैं। अरावली पर्वतमाला डेढ़ अरब साल पुरानी विश्व में सबसे पुरातन पर्वतमालाओं में से एक है। यह बालू और हरित आवरण दोनों से युक्तए सुंदर और रमणीय चोटियां और घाटियां की माला है जिनकी खूबसूरती की तो दाद देनी पड़ेगी! यहां के विभिन्न क्षेत्रों में भौगोलिक विशेषताओं के कारण यह अनेक जीवों को आवास देता है। यह थार रेगिस्तान और विविध नदियों से परिवृत हैए जैसेए बनासए लूनि और साबारमती नदियां। अरावली बायोडायवर्सिटी पार्क यहां के पारिस्थितिक पुनर्स्थापना को दर्शाता है। पश्चिमी अरावली के कांटेदार झाड़ीदार जंगल मरुस्थल और शुष्क क्षुपभूमियों में गिने जाते हैं। वर्षीय 500 से 600 मिमी बरसात पाने वाला यह क्षेत्र आंधी तूफान से संभावित है। यहां का जलवायु गर्म अर्ध शुष्क और शुष्क हैं। इस क्षेत्र के दक्षिण पूर्व में अरावली पर्वतमाला इसको घेरता है और थार रेगिस्तान एवं सिंधु घाटी रेगिस्तान इस क्षेत्र के घेर में हैं। इस जंगल में अकेशिया सेनेगल और अकेशिया लुकोफ्लोईया यानी रेवंजा प्रमुख वृक्षों में हैं। अकेशिया सेनेगल खेर के नाम से जाना जाता है। इस से उत्पन्न होने वाला गोंद राजस्थान के बाड़मेर में कुमट नाम से प्रसिद्ध हैए जो औषधीय गुणों से युक्त है। रेवंजा अपनी सफ़ेद खाल से बनने वाले पदार्थ के आयुर्वेदिक तत्वों के लिए इस्तेमाल होता है जो पाचन से संबंधित परेशानियों का हल है। यहां और भी कई ज़ेरोफाइटिक पेड़ पौधे पाए जाते हैं। यहां के लगभग 90 स्तनपायी प्रजातियों में से कुछ मांसभक्षी और कुछ शाकाहारी हैं। यहां तेंदुआ पाया जाता है जो चिंकारा का शिकार करते हैं, जो एक प्रकार का गज़ॅल है। भारतीय रेगिस्तानी बिल्ली या एशियाई जंगली बिल्ली यहां की एक प्रमुख प्रजाति है। नील गाय काला हिरण और चौसिंगा यहां के शाकाहारी जानवरों में से हैं। भारतीय जरबिल यहां पाया जाता है जिसका कुछ मांसभक्षी जानवरों द्वारा शिकार होता है और यह बालू में अपने खाद्य और शयन के लिए बिल खोदता है। पश्चिमी अरावली जंगल में 400 से भी अधिक पक्षियां पाई जाती हैं जिनमें से काफी प्रवासी पक्षी प्रजातियां हैंए जैसे कि जैकोबिन कोयल। ग्रेट इंडियन बस्टर्ड या गोडावण यहां की एक गंभीर रूप से लुप्तप्राय प्रजाति हैए और लेसर फ्लोरिकन या खरमोर भी यहां की प्रमुख प्रजातियां हैं। यहां के बिश्नोई समुदाय ने इस जंगल की रक्षा में अपना कर्तव्य निभाते हुए कृष्णमृग को अपने का दर्जा दिया है।काठियावाड़ गिर शुष्क पर्णपाती वन का मुख्य भाग अरावली पर्वतमाला में पड़ता है। यह स्थान शुष्क जलवायु का है। यह वन गुजरात में शुरू होते हुए राजस्थान और मध्य प्रदेश तक फैला हुआ है। इस जंगल के कुछ हिस्सों में सबसे उल्लेखनीय प्रजाति सागौन है। शुष्क स्थानों में टर्मिनलिया पेंडुला यानी ढोक सबसे अधिक मात्रा में पाई जाती है। कांटेदार पेड़ और झाड़ियां इसके सूखे हिस्सों में प्रमुख हैं। माउंट आबू इस वन का हिस्सा है। यहां उष्णकटिबंधीय मानसून जलवायु है। मंगार बनीए- दिल्ली.हरियाणा सीमा में एक गांव है जो उत्तरी अरावली पे पड़ता है। ष्बनी यहां की भाषा में वन का नाम है।

यह एक उच्च जैव विविधता ज़ोन माना जाता है। यहां पर 30 से अधिक देशी पेड़ और 100 पौधे पाए जाते हैं और यह 95ः ढोक के पेड़ से ढका हुआ है। इसकी विशेषता यह है कि यहां के प्रसिद्ध गुड़रिया दास बाबा मंदिर के कारण यह एक पूजनीय स्थल है जो गुज्जर समुदाय के लिए पवित्र माना जाता है। यह समुदाय इस कुंज की रक्षा करता है। मंगार बनी एक पुरातात्त्विक स्थल भी है। यह स्थान उत्तरी अरावली तेंदुआ वन्यजीव गलियारे का हिस्सा है। अरावली पर्वतमाला में दो वन्यजीव गलियारे हैंए जो तेंदुओं को शिकार के लिए अवकाश देते हैं और वन्यजीव के मेल जोल को बढ़ाते हैं। अतिक्रमण के कारण यहां के वन का नाश हो रहा है। ग्रेनाइट और संगमरमर के खनन के कारण पश्चिमी अरावली में आवास का नाश हो रहा है। खनन की मात्राओं पर प्रतिबंध लगाए गए हैं और इनका लागू करना महत्वपूर्ण है। अरावली में पर्यावरण के नाश के कारण कई जीवों ने अपना आवास खोया है।यहां के पर्यावरण को बचाने के लिए अधिक से अधिक जागरूकता और संरक्षण के प्रचार को करना महत्वपूर्ण है। वृहत हरित दीवार या अरावली ग्रीन वॉल एक प्रास्ताविक 1400 किमी लंबी और 5 किमी चौड़ी हरित पट्टी है जो पोरबंदर से लेके पानीपत तक निर्माणित की जायेगी जिसका मकसद क्षेत्र की बिगड़ती हुई ज़मीन को निम्नीकरण से बचाते हुए उसके हरित आवरण को बढ़ाना है।

**-यह लेखक के निजी विचार हैं।**

# नहाय-खाय पर लौकी-भात क्यों खाया जाता? जानें व्रत की शुद्ध शुरुआत और धार्मिक महत्व

**छठ पूजा भारत का एक प्रमुख पर्व है, जो मुख्य रूप से बिहार, झारखंड, पूर्वी उत्तर प्रदेश में बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। यह पर्व सूर्य देव और छठी मैया को समर्पित है। छठ पूजा चार दिनों तक चलने वाला व्रत होता है, जिसमें व्रती बिना भोजन और पानी के उपवास रखकर सूर्य देव की आराधना करते हैं। पहला दिन 'नहाय-खाय', दूसरा दिन 'खरना', तीसरा दिन 'संध्या अर्घ्य' और चौथा दिन 'उषा अर्घ्य' कहलाता है।**

(दिव्यांशी भदौरिया)

छठ पूजा के 'नहाय-खाय' पर्व का विशेष धार्मिक महत्व है, जहाँ व्रती पवित्रता के साथ सात्विक भोजन ग्रहण करते हैं। इस दिन लौकी-भात का सेवन शरीर और मन को शुद्ध कर आगामी कठिन व्रत के लिए तैयार करता है, जो सूर्य देव और छठी मैया के प्रति श्रद्धा का प्रतीक है। यह परंपरा सुख-समृद्धि और स्वास्थ्य से जुड़ी है।

छठ पूजा भारत का एक प्रमुख पर्व है, जो मुख्य रूप से बिहार, झारखंड, पूर्वी उत्तर प्रदेश में बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। यह पर्व सूर्य देव और छठी मैया को समर्पित है। छठ पूजा चार दिनों तक चलने वाला व्रत होता है, जिसमें व्रती बिना भोजन और पानी के उपवास रखकर सूर्य देव की आराधना करते हैं। पहला दिन 'नहाय-खाय', दूसरा दिन 'खरना', तीसरा दिन 'संध्या अर्घ्य' और चौथा दिन 'उषा अर्घ्य' कहलाता है।

श्रद्धालु सूर्यास्त और सूर्योदय के समय जल में खड़े होकर सूर्य देव को अर्घ्य अर्पित करते हैं। माना जाता है कि इस पूजा से सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य और संतान की दीर्घायु की प्राप्ति होती है। इस दौरान महिलाएं पारंपरिक गीत गुनगुनाती है और रसोई से घी की खुशबू आने लगती है।

**नहाय-खाय का महत्व:** छठ पूजा का पहला दिन नहाय-खाय का होता है, जिसका विशेष धार्मिक महत्व होता है। इस दिन व्रती शुद्धता और पवित्रता का पालन करते हुए अपने घर और शरीर की पूरी तरह से सफाई करता है। व्रती गंगा या किसी पवित्र नदी में स्नान कर के शुद्ध होता है और इसके बाद सात्विक भोजन ग्रहण करता है, जिसे 'नहाय-खाय' कहा जाता है। इस दिन भोजन में बिना लहसुन-प्याज की कद्दू, चने की दाल और चावल का प्रसाद बनाया जाता है। माना जाता है कि नहाय-खाय से शरीर और मन दोनों पवित्र होते हैं और यह व्रती को छठ व्रत के आगे के कठिन उपवासों के लिए तैयार करता है।



**छठ पर्व के दौरान सात्विक भोजन क्यो बनाया जाता है?**

* इस पर्व के अवसर पर ताजे और हल्के फल-सब्जियों का इस्तेमाल किया जाता है।

* लहसुन-प्याज को नहीं खाया जाता और गरम मसाले और तीखा खाने से भी परहेज किया जाता है।

* खाने के घी, हल्दी, जीरा, सेंधा नमक और हरी मिर्च से पकाया जाता है।

* पकाने और परोसने में इनकी शुद्धता और श्रद्धा का ध्यान रखा जाता है।

*यह भोजन केवल शरीर को नहीं, मन को भी पवित्र करता है।

### लौकी की सब्जी बनाने के लिए सामग्री

* एक मीडियम आकार की लौकी (छिली और कटी हुई)
* एक कप चना दाल (भिगोई हुई)
* एक बड़ा चम्मच देसी घी
*आधा छोटा चम्मच जीरा
*आधा छोटा चम्मच हल्दी
* सेंधा नमक स्वादानुसार
*एक हरी मिर्च (बारीक कटी)
*चुटकी भर हींग
*थोड़ी हरी धनिया पत्ती (सजाने के लिए)

### लौकी की सब्जी बनाने की विधि

* इसके लिए कड़ाही या प्रेशर कुकर में घी गरम करें।
* इसमें अब जीरा हींग डालें, तड़कने के बाद हरी मिर्च और हल्दी डालें।
* अब कटी लौकी और भीगी हुई चना दाल डालकर मिलाएं।
* फिर इसमें सेंधा नमक डालें और अब थोड़ा पानी डालकर पकाएं।
* इसके बाद कुकर में चार से पांच सीटी या ढक्कन लगाकर धीमी आंच पर पकाएं, जब तक दाल और लौकी नरम न हो जाएं।
* आखिरी में हरा धनिया डालकर गर्म-गर्म भात के साथ सर्व करें।

# एनडीए समर्थित आरएलएम प्रत्याशी का चुनाव प्रचार तेज

## मुझे नेतृत्व करने का मौका मिला तो सासाराम विधानसभा का होगा चौमुखी विकास : स्नेहलता



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** विधानसभा चुनाव 2025 के चुनावी सरगर्मी के बीच स्थानीय तिलौथू बजार के ठाकुरबाड़ी मंदिर के पास शनिवार को एनडीए समर्थित राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रखंड कार्यालय का शानदार शुभारंभ हुआ। इस मौके पर राष्ट्रीय लोक मोर्चा के सुप्रीमो सह राजयसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा ने फीता काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया जहां एनडीए कार्यकर्ताओं का हुजूम उमड़ पड़ा। उद्घाटन समारोह के कुछ ही समय बाद सासाराम विधानसभा क्षेत्र-208 से एनडीए समर्थित आरएलएम के अधिकृत प्रत्याशी स्नेहलता का भी तिलौथू कार्यालय में आगमन हुआ। उनके पहुंचते ही कार्यालय परिसर व बाजार में एनडीए कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। कार्यालय के बाहर उमड़ी हजारों एनडीए कार्यकर्ताओं की विशाल भीड़ ने यह संदेश दिया कि आगामी चुनाव में तिलौथू का जनसमर्थन पूरी मजबूती से एनडीए के साथ खड़ा है। कार्यकर्ताओं के चेहरे पर जीत का आत्मविश्वास स्पष्ट झलक रहा था और संगठनात्मक सक्रियता अपने चरम पर दिखाई दी। आरएलएम प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा ने बताया कि जब मै पहले केंद्र सरकार मे केंद्रीय राज्य मंत्री थे तब मैंने बिहार मे शिक्षा व्यवस्था को सुधारने के अथक प्रयास किए थे उसके बाद बिहार में कई केंद्रीय विद्यालय भी खोले गए और आगे भी मै बिहार के शिक्षा मे और बेहतर सुधार कैसे हो इसके लिए प्रयास करेंगे। उन्होंने बताया कि डिहरी में डालमियानगर मे फैक्ट्री के पुनर्नस्थापना के लिए बतौर सांसद मैंने कई बार आवाज उठाया है। उन्होंने सासाराम विधानसभा के मतदाताओं से एनडीए के पक्ष में मतदान करने का भी अपील किया। एनडीए प्रत्याशी स्नेहलता ने बताया कि मैं पूरे सासाराम विधानसभा के प्रत्येक गांव मे डोर-टू-डोर जाकर लोगों के बीच जनसम्पर्क कर रही हूं जहां लोगों का भी भरपूर आशीर्वाद मुझे मिल रहा है। उन्होंने बताया कि विधानसभा चुनाव 2025 के बाद अगर मुझे सासाराम विधानसभा का नेतृत्व करने का मौका मिलता है तो पूरे सासाराम विधानसभा क्षेत्र मे चौमुखी विकास होगी। उन्होंने सासाराम क्षेत्र के भगवान रूपी मतदाताओं को अपार जनसमर्थन देने के लिए धन्यवाद दिया और बोली कि लोगों का यह अपार जनसमर्थन और प्यार दिखाता है कि इस बार सासाराम मे एनडीए प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित है। इस दौरान मंच पर प्रमुख रूप से भाजपा के किसान नेता प्रेम,आरएलएम के जिलाध्यक्ष कपिल कुमार, जदयू के वरिष्ठ नेता धीरज मिश्रा, भाजपा नेता शैलेंद्र कुमार ओझा, कृष्ण कुमार उर्फ विधायक जी, जाने-माने सामाजिक कार्यकर्ता अशोक कुमार गुप्ता, वैश्य कानू हलवाई समाज के प्रखंड अध्यक्ष, संतोष कुमार, तथा हजारों की संख्या में महिलाओं की उपस्थिति समारोह की भव्यता का प्रमाण बनी।एनडीए नेताओं ने कहा कि तिलौथू की जनता विकास, सुशासन और राष्ट्रवाद के रास्ते पर चलने के लिए पूरी तरह तैयार है। आज का यह उत्साह बताता है कि सासाराम 208 में एनडीए की जीत सुनिश्चित है।

# छठ पर्व में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर डीएम ने की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** छठ महापर्व में श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा और स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक प्रबंध किये हैं। जिला प्रशासन ने कहा कि अर्घ्य या स्नान के दौरान किसी भी स्थिति में गहरे पानी में न जाएं और नदियों / तालाबों में की गई बैरिकेडिंग के बाहर न जाएं। सुरक्षा व्यवस्था श्रद्धालुओं की रक्षा के लिए की गई है, इसलिए इसका पालन करना सभी की जिम्मेदारी है। जिला प्रशासन ने घाटों पर मेडिकल कैंप, दवा वितरण केंद्र और डॉक्टर-परामेडिकल स्टाफ की तैनाती का भी निर्देश जारी किया है। ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत उपचार उपलब्ध कराया जा सके। रोहतास जिले में कुल घाटों की संख्या 618 है जिसमें 51 घाट खतरनाक, 130 अति संवेदनशील घाट, 284 संवेदनशील घाट है। सासाराम के दो घाट एवं डेहरी के 12 घाट पर एसडीआरएफ की प्रतिनियुक्त की जा रही है। 203 घाटों की पर स्थानीय गोताखोर की प्रतिनियुक्ति की गई है। किसी भी आपात सूचना के लिए जिला आपातकालीन, रोहतास के दूरभाष संख्या - 06184226093/0618 4226072 पर सम्पर्क करें। जिलाधिकारी, रोहतास ने कहा कि अर्घ्य के समय प्रशासन द्वारा लगाये गये बैरिकेडिंग के भीतर ही रहें। छोटे बच्चों और बुजुर्गों को घाट पर लाते समय विशेष सावधानी रखें। जिला प्रशासन व पुलिस के निर्देशों का पालन करें। घाटों पर स्वच्छता बनाये रखें और पूजा सामग्री को निर्धारित स्थान पर ही विसर्जित करें। जरूरत पड़ने पर नजदीकी आपदा मित्र या प्रशासनिक अधिकारी से संपर्क करें। संपूर्ण व्यवस्था बनाये रखने में प्रशासन का सहयोग करें। गहरे पानी में स्नान या अर्घ्य देने के लिए न उतरें। यातायात नियमों का उल्लंघन या अवैध पार्किंग न करें।

# आपका साथ और विश्वास ही मेरी सबसे बड़ी ताकत : सोनू सिंह



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी विधानसभा क्षेत्र के एनडीए समर्पित लोजपा रा के प्रत्याशी राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह ने विधानसभा क्षेत्र के डिलिया, धोधहा, ओझवलिया, काली बिगहा, भटौली, भड़कुडियां सहित कई गांवों में जनसंपर्क अभियान तेज किया। उन्होंने कहा कि हर गांवों में अपार स्नेह और आशीर्वाद एवं समर्थन मिल रहा है जिसने आगे और मजबूती से काम करने का संकल्प दिया है। आपका साथ और विश्वास ही मेरी सबसे बड़ी ताकत है। मिलकर हम डिहरी के विकास की नई दिशा तय करेंगे। आपका प्यार और विश्वास ही मेरी सबसे बड़ी पूंजी है, हमें आशीर्वाद दीजिए कि हम सब मिलकर डिहरी विधानसभा को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएं। इस मौके पर लोजपा रा के वरिष्ठ नेता विकास पासवान सहित कई अन्य लोग मौजूद थे। उधर डिहरी विधानसभा क्षेत्र के अकोढ़ीगोला प्रखंड के महुअरी ग्राम में लोजपा रा एससी-एसटी के प्रदेश उपाध्यक्ष विजय पासवान के नेतृत्व में बैठक हुई। बैठक में लोजपा प्रत्याशी राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह के चुनाव चिन्ह हेलीकॉप्टर छाप पर बटन दबाकर विजयी बनाने की अपील किया गया। बैठक में पार्टी के प्रदेश महासचिव कचहरी पासवान, जगनारायण साह, छोटे लाल पासवान सहित कई उपस्थित थे।

# एमसीएमसी सह मीडिया कोषांग द्वारा चुनाव प्रचार की सतत हो रही निगरानी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** नामांकन की समाप्ति एवं प्रतिभागियों के चुनाव चिन्ह वितरण के पश्चात रोहतास जिले में प्रत्याशियों के चुनाव प्रचार में तेजी आने के साथ ही एमसीएमसी (मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति) सह मीडिया कोषांग रोहतास पूर्ण मुस्तैदी के साथ सक्रिय है। सभी प्रत्याशियों द्वारा विभिन्न माध्यमों - प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं डिजिटल मीडिया के माध्यम से व्यापक स्तर पर प्रचार किया जा रहा है। इन प्रचार सामग्रियों की दैनिक निगरानी करते हुए विस्तृत प्रतिवेदन तैयार किया जा रहा है जिसे जिले में गठित व्यय अनुश्रवण कोषांग को नियमित रूप से भेजा जा रहा है। इससे प्रत्याशियों द्वारा किए जा रहे व्यय पर प्रभावी नजर रखी जा सकेगी और आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाएगा। सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय, रोहतास में संचालित यह कोषांग सभी मीडिया माध्यमों से प्रकाशित एवं प्रसारित सामग्रियों की विशेष निगरानी कर रहा है। भ्रामक सूचनाओं एवं पेड न्यूज पर कड़ी नजर रखी जा रही है ताकि स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित की जा सके। उल्लेखनीय है कि यह कोषांग जिले में आदर्श आचार संहिता लागू होने के साथ ही 24 घंटे संचालित हो रहा है तथा चुनाव की समाप्ति तक निरंतर सक्रिय रहेगा।

# डीडीयू मंडल के स्टेशनों पर एम-यूटीएस डिवाइस से ऑन-द-स्पॉट अनारक्षित टिकट सुविधा



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए डीडीयू मंडल के पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन तथा गया स्टेशन पर एम-यूटीएस डिवाइस के माध्यम से अनारक्षित टिकट जारी करने की ऑन-द-स्पॉट सुविधा उपलब्ध है। यह डिवाइस एक मोबाइल जैसे उपकरण के रूप में कार्य करता है जिसमें एक मिनी प्रिंटर संलग्न होता है। अधिकृत रेलवे स्टाफ द्वारा स्टेशन के सकुर्लेटिंग एरिया में यात्रियों को तत्काल टिकट प्रदान किया जा रहा है। इस सुविधा के माध्यम से यात्रियों को पारंपरिक बुकिंग काउंटर की कतार में लगने की आवश्यकता नहीं है। विशेषकर त्योहारों, भीड़भाड़ वाले समय या तुरंत यात्रा की स्थिति में यह व्यवस्था यात्रियों के लिए अत्यंत सहायक है।

रेलवे द्वारा टिकटिंग को सरल और बहुविकल्पीय बनाने की दिशा में अन्य माध्यम भी हैं। यात्री फ्रेंडल्ली मोबाइल ऐप के माध्यम से भी अनारक्षित टिकट बुक कर सकते हैं जो डिजिटल भुगतान और पेपरलेस यात्रा को बढ़ावा देता है। इसके अतिरिक्त स्टेशन परिसर में उपलब्ध ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन के माध्यम से भी यात्री स्वयं टिकट प्राप्त कर सकते हैं। डीडीयू मंडल यात्रियों को सहज, तेज और आधुनिक टिकटिंग अनुभव प्रदान करने हेतु निरंतर प्रयासरत है। रेलवे प्रशासन यात्रियों से अपील करता है कि वे डिजिटल विकल्पों का अधिकाधिक उपयोग करें और टिकट लेकर ही यात्रा करें।

# तिलौथू में एनडीए के प्रखंड कार्यालय का उद्घाटन

## बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की होगी प्रचंड जीत : उपेंद्र कुशवाहा



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**तिलौथू (सासाराम)।** विधानसभा चुनाव 2025 के चुनावी सरगर्मी के बीच स्थानीय तिलौथू बजार के ठाकुरबाड़ी मंदिर के पास शनिवार को एनडीए समर्थित राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रखंड कार्यालय का शुभारंभ हुआ। इस मौके पर राष्ट्रीय लोक मोर्चा के सुप्रीमो सह राजयसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा ने फीता काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया जहां एनडीए कार्यकर्ताओं का हुजूम उमड़ पड़ा। उद्घाटन समारोह के कुछ ही समय बाद सासाराम विधानसभा क्षेत्र-208 से एनडीए की अधिकृत प्रत्याशी स्नेहलता का भी तिलौथू कार्यालय में आगमन हुआ। उनके पहुंचते ही कार्यालय परिसर व बाजार में एनडीए कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। कार्यालय के बाहर उमड़ी हजारों एनडीए कार्यकर्ताओं की विशाल भीड़ ने यह संदेश दिया कि आगामी चुनाव में तिलौथू का जनसमर्थन पूरी मजबूती से एनडीए के साथ खड़ा है। कार्यकर्ताओं के चेहरे पर जीत का आत्मविश्वास स्पष्ट झलक रहा था और संगठनात्मक सक्रियता अपने चरम पर दिखाई दी। आरएलएम प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा ने बताया कि जब मैं पहले केंद्र सरकार में केंद्रीय राज्य मंत्री तब मैंने बिहार में शिक्षा व्यवस्था को सुधारने के अथक प्रयास किए थे उसके बाद बिहार में कई केंद्रीय विद्यालय भी खोले गए और आगे भी मैं बिहार के शिक्षा में और बेहतर सुधार कैसे हो इसके लिए करेंगे। उन्होंने बताया कि डिहरी के डालमिया नगर में फैक्ट्री की पुर्नस्थापना के लिए बतौर सांसद मैंने कई बार आवाज उठाया है। उन्होंने सासाराम विधानसभा के मतदाताओं से एनडीए के पक्ष में मतदान करने की भी अपील की। एनडीए प्रत्याशी स्नेहलता ने बताया कि मैं पूरे सासाराम विधानसभा के प्रत्येक गांव में डोर-टू-डोर जाकर लोगों के बीच जनसम्पर्क कर रही हूं और लोगों का भी भरपूर आशीर्वाद मुझे मिल रहा है। इस दौरान मंच पर प्रमुख रूप से भाजपा के किसान नेता प्रेम, भाजपा के वरिष्ठ नेता शशि भूषण प्रसाद, आरएलएम नेता कपिल कुमार, जदयू के वरिष्ठ नेता धीरज मिश्रा, भाजपा नेता शैलेंद्र कुमार ओझा, कृष्ण कुमार, जाने-माने सामाजिक कार्यकर्ता अशोक कुमार गुप्ता, वैश्य कानू हलवाई समाज के प्रखंड अध्यक्ष, सामाजिक व्यक्तित्व शरद चंद्र, संतोष कुमार तथा हजारों की संख्या में महिलाओं की उपस्थिति समारोह की भव्यता का प्रमाण बनी। एनडीए नेताओं ने कहा कि तिलौथू की जनता विकास, सुशासन और राष्ट्रवाद के रास्ते पर चलने के लिए पूरी तरह तैयार है।

# भाजपा के पूर्व विधायक रामेश्वर चरसिया पहुंचे मातमपुर्सी में



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। भारतीय जनता पार्टी के नोखा के पूर्व विधायक रामेश्वर चौरसिया डिहरी भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष वर्तमान जिला प्रवक्ता के तार बंगला निवास पर पहुंचकर उनके पिता के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि स्वर्गीय गणेश प्रसाद गुप्ता सिंचाई विभाग के सेवा निर्मित कर्मचारी के साथ-साथ वैश्य समाज के एक बड़े समाजसेविक थे। उनकी कमी हमेशा वैश्य समाज के लोगों को खलेगी उनके नहीं रहने से समाज को बहुत क्षति हुई है उनके तीन पुत्र एवं एक पुत्री और माता को उनके निधन का गहरा दुःख हुआ है इस दुःख के घड़ी में परिवार के संग हूं और ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें ।

# एनडीए, महागठबंधन का खेल बिगाड़ सकता जनसुराज



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गुरारू।** गुरूआ विधानसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार एवं राष्ट्रीय जनता दल के उम्मीदवारों का खेल बिगाड़ सकते हैं जन सुराज के उम्मीदवार। इस संबंध में वर्तमान जनसुराज नेता एवं जदयू के पूर्व प्रखण्ड अध्यक्ष सह बीस सूत्री अध्यक्ष मधेश्वर चंद्रवंशी ने बताया कि गुरूआ विधान सभा से भाजपा के उम्मीदवार ने मीडिया में बयान दिया है कि मेरे द्वारा हीं अति पिछड़ा वर्ग में समाज के बौद्धिक, आर्थिक, राजनैतिक, शैक्षणिक, सामाजिक रूप से संपन्न जाति को शामिल करवाया गया है और ये नव अति पिछड़ा वर्ग सरकारी लाभ उठा रहे हैं। मैं नहीं होता तो इस जाति को यह लाभ नहीं मिलता। भाजपा उम्मीदवार को स्वयं की वाहवाही के लिए दिया गया यह बयान उन्हें काफी महंगा पड़ने जा रहा है। अभी तक इस कार्य के लिए मूल अति पिछड़ा समाज सरकार को दोषी मान रहा था परन्तु यह स्व स्वकारित वयान भाजपा उम्मीदवार को गुरूआ विधानसभा में हार का मुंह दिखा देगा। दस साल पूर्व तक मूल अति पिछड़ा जातियों की सहभागिता पंचायत चुनावों में रही थी परन्तु जब से संपन्न जाति को अति पिछड़ा वर्ग में शामिल किया गया है तब से पंचायत चुनाव से लेकर सरकारी नौकरियों में सहभागिता नग्नय हो गई है। आगे इन्होंने कहा कि मैं भाजपा उम्मीदवार से पुछना चाहता हूं कि क्या गड़ेरी, नाई, बढ़ई, लोहार, सिंदूरिया, कहार, माली, पनेरी/तमोली आदि जातियां आपकी बराबरी कभी भी कर सकते हैं? गुरारू प्रखण्ड क्षेत्र में पंचायत चुनाव में दो सीट अतिपिछड़ों के लिए आरक्षित है परन्तु भाजपा उम्मीदवार द्वारा जब से अपनी जाति को अति पिछड़ा वर्ग में शामिल करवाया गया है। दोनों आरक्षीत सीटों पर इन्हीं की जातियों का कब्जा पिछले दस सालों से है और भविष्य में रहेगा भी। इससे पूर्व पंचायत चुनाव में नाई, बढ़ई,कहार मुखिया बने थे परन्तु दस वर्षों में मानो अति पिछड़ा के नाम एक ही जाति का कब्जा हो चुका है। भाजपा उम्मीदवार की जाति संख्या, पैसा,वुद्धि में सबसे आगे हैं और अन्य सारी की सारी अतिपिछड़ी जातियां इनकी जाति से हर क्षेत्र में काफी कमजोर। वर्तमान आरजेडी उम्मीदवार द्वारा विधायक रहते हुए भी मूल अति पिछड़ा के दर्द को सदन में नहीं उठाया गया है। समाज में कुछ ऐसी भी जातियां हैं जो कहने को रहते तो हैं किसी राजनैतिक पार्टी का पक्का भक्त बनकर और वोट अपनी जाति के उम्मीदवार को देते रहे हैं भले ही वह विरोधी दल का उम्मीदवार हो। समाज आज उन्हें पुरी तरह पहचान चुकी है और इस चुनाव में निश्चित रूप में सबक सिखायेगी।

# मानवाधिकार कार्यकर्ता छठ व्रतियों का करें सहयोग : इं. नवीन सिन्हा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** भारतीय मानवाधिकार एसोसिएशन (नई दिल्ली) की जिला इकाई रोहतास की एक महत्वपूर्ण बैठक जिला कार्यालय पवित्र बंधन पैलेस में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष इंजीनियर नवीन सिन्हा ने संगठन के सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से आगामी छठ पूजा के सफल और सुरक्षित आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। इंजीनियर सिन्हा ने कहा कि छठ पूजा आस्था और विश्वास का ऐसा महापर्व है, जिसमें लाखों श्रद्धालु घाटों पर एकत्रित होते हैं। ऐसे अवसर पर मानवाधिकार कार्यकताओं का दायित्व बनता है कि वे अपने-अपने क्षेत्र के छठ घाटों पर उपस्थित रहकर स्थानीय प्रशासन और छठ पूजा समितियों के साथ समन्वय स्थापित करें तथा व्रतधारियों और श्रद्धालुओं को हरसंभव सहायता प्रदान करें। उन्होंने यह भी कहा कि घाटों पर भारी भीड़ के कारण बच्चों और बुजुर्गों की विशेष देखभाल आवश्यक होती है। किसी प्रकार की अनहोनी से बचने और नागरिक सुविधाओं को सुनिश्चित करने में मानवाधिकार कार्यकताओं को सतर्कता और संवेदनशीलता के साथ सहयोग देना चाहिए। यह न केवल हमारी जिम्मेदारी है, बल्कि समाज के प्रति एक नैतिक कर्तव्य भी है। बैठक में संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों में प्रवक्ता डॉ. राजेश बघेल, अधिवक्ता संजय तिवारी, अनिल दुबे, सरोज सिंह, डॉ. उमेश कुमार, महिला संरक्षण प्रमुख प्रज्ञा सिन्हा, निरंजन तिवारी, अधिवक्ता ज्योति कुमार, मनोज कुमार सहित कई अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भभुआ में इंडिया गठबंधन का चुनावी कार्यालय खुली

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भभुआ।** कैमूर जिले के भभुआ शहर में रविवार को इंडिया गठबंधन (महागठबंधन) के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन बक्सर सांसद सुधाकर सिंह और सासाराम सांसद मनोज कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। भभुआ विधानसभा से राजद के उम्मीदवार वीरेंद्र कुमार उर्फ वीरेंद्र कुशवाहा के समर्थन में यह कार्यालय खोला गया है। उद्घाटन के बाद बक्सर सांसद सुधाकर सिंह ने कहा कि महागठबंधन का चुनावी अभियान तेजी से चल रहा है। जनता अब पार्टी छोड़कर भागने वाले नेताओं को सबक सिखाने के मूड में है। उन्होंने कहा कि एनडीए के शासन में झूठ बोलने का उद्योग फल-फूल रहा है। बिहार को 20 सालों में पलायन के सिवा कुछ नहीं मिला। सेमीकंडक्टर प्लांट गुजरात में लग गया जबकि बिहार को अब भी बेरोजगारी और गरीबी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि दो गुजराती नेता बिहार में 'सीखंडी टाइप' मुख्यमंत्री रखना चाहते हैं और पीछे से अदानी-अंबानी के जरिए सरकार चलाना चाहते हैं, लेकिन इस बार बिहार की जनता उन्हें जवाब देगी। सुधाकर सिंह ने यह भी कहा कि भाजपा नेताओं का सीबीआई और ईडी का नेटवर्क इतना मजबूत है कि वे किसी को भी पकड़ सकते हैं, ऐसे में उनसे रंगदारी मांगने का सवाल ही नहीं उठता। वहीं सासाराम सांसद मनोज कुमार ने कहा कि 2020 के विधानसभा चुनाव में भी महागठबंधन के उम्मीदवार विजयी हुए थे और 2024 लोकसभा चुनाव में भभुआ विधानसभा क्षेत्र में एनडीए प्रत्याशी को 5000 वोटों से हराया गया था। उन्होंने दावा किया कि इस बार भी भारी बहुमत से महागठबंधन की जीत तय है। मनोज कुमार ने कहा कि भभुआ के इस कार्यालय से कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर इंडिया गठबंधन का परचम लहराएंगे। उन्होंने कहा, 'महागठबंधन में कोई खटपट नहीं है, बल्कि एकजुटता के साथ हम बिहार में बदलाव लाने की लड़ाई लड़ रहे हैं।' अंत में उन्होंने कहा कि 14 नवंबर को बिहार में 'बहार' आएगी और जनता के लिए 'नया सवेरा' शुरू होगा।

# एनडीए प्रत्याशी को लेकर मतदाताओं में भी असहज की स्थिति

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेरघाटी।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर शेरघाटी विधानसभा क्षेत्र 226 में एनडीए गठबंधन से आए लोजपा (रामविलास) के प्रत्याशी उदय यादव को लेकर मतदाताओं में भ्रम की स्थिति बनी हुई है। क्षेत्र के कई मतदाताओं ने बताया कि वे इस प्रत्याशी को पहचानते तक नहीं हैं। लोगों ने कहा कि जब हम प्रत्याशी को जानते ही नहीं हैं, तो उनके बारे में क्या बताएं। स्थानीय मतदाताओं का कहना है कि चुनाव प्रचार के दौरान अब तक एनडीए प्रत्याशी क्षेत्र में नजर नहीं आए हैं।

वहीं स्थानीय एनडीए कार्यकर्ताओं और समर्थकों के बीच भी प्रत्याशी की सक्रियता को लेकर असंतोष देखा जा रहा है। कई लोगों ने बताया कि उम्मीदवार का क्षेत्र से सीधा जुड़ाव न होने के कारण मतदाताओं में नाराजगी बढ़ रही है। इधर राजनीतिक जानकारों का मानना है कि स्थानीय पहचान और संपर्क की कमी एनडीए के लिए चुनौती साबित हो सकती है क्योंकि लोजपा आर के बागी मुकेश कुमार उर्फ कृष्णा यादव ने भी निर्दलीय नामांकन कराकर एनडीए के लिए चुनौती बना दिया है जबकि इंडिया गठबंधन से भी राजद के उम्मीदवार प्रमोद वर्मा के टिकट मिलने से बागी हुए सुरेंद्र कुमार उर्फ भगत यादव ने भी मैदान में उतरकर चुनौती दे दिया है जबकि और अन्य दलों के प्रत्याशी क्षेत्र में लगातार जनसंपर्क अभियान में जुटे हुए हैं। ऐसे में मतदाताओं के बीच एनडीए प्रत्याशी को लेकर असहज स्थिति बनी हुई है।

# गुरुआ विधानसभा में होगा चौरतरफा मुकाबला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गुरुआ।** विधानसभा (225) सीट पर इस बार चुनावी माहौल बेहद गर्म है। कुल 13 प्रत्याशी मैदान में हैं और मुकाबला चौरतरफा होता दिखाई दे रहा है। मुख्य रूप से राजद, भाजपा, बसपा, जनसुराज पार्टी, आजाद समाज पार्टी और एआईएमआईएम समर्थित उम्मीदवारों के बीच दिलचस्प जंग देखने को मिल रही है। पिछले विधानसभा चुनाव में तीसरे स्थान पर रही बसपा प्रत्याशी राघवेंद्र नारायण यादव इस बार मजबूत स्थिति में दिखाई दे रहे हैं। यादव, मुस्लिम और दलित वर्गों का समर्थन लगातार उनके पक्ष में बढ़ रहा है। राघवेंद्र यादव के निस्वार्थ जनसेवा और जनसंपर्क के कारण वे लोगों के बीच लोकप्रिय होते जा रहे हैं। यही वजह है कि राजद और भाजपा दोनों के लिए चिंता की स्थिति बनी हुई है। राजद के मौजूदा विधायक विनय कुमार मुस्लिम-यादव समीकरण को साधने में जुटे हैं, लेकिन दोनों समुदायों मे में नाराजगी की चर्चा भी है। वहीं भाजपा प्रत्याशी अपने कैडर वोट बैंक पर भरोसा कर रहे हैं जबकि जनसुराज पार्टी के प्रत्याशी एवं पूर्व टछउ संजीव श्याम सिंह स्वर्ण मतदाताओं को आकर्षित करने में लगे हैं। इधर, आजाद समाज पार्टी और ओवैसी की समर्थित उम्मीदवार नवी इमरान के मैदान में उतरने से मुस्लिम वोट बैंक में बिखराव की संभावना बनी हुई है।

## कंपनियों की बढ़ेगी अधिग्रहण की ताकत, आरबीआई ने जारी किया सर्कुलर




**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय कंपनियों की अब घरेलू और विदेशी फर्मों में पूरा या बहुमत हिस्सेदारी खरीदने की ताकत बढ़ेगी। भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंकों को इस तरह के अधिग्रहण के लिए दिए जाने वाले कर्ज की सीमा बढ़ाने का सर्कुलर जारी किया है। यह नया नियम एक अप्रैल, 2026 से लागू होगा। यह ऋण कम अवधि के वित्तीय पुनर्गठन के बजाय लंबी अवधि में मूल्य बनाने वाले रणनीतिक निवेश का हिस्सा होगा। हालांकि, आरबीआई ने अधिग्रहण करने वाली कंपनियों को लेकर यह भी स्पष्ट किया है कि यह कंपनियां शेयर बाजार में सूचीबद्ध होनी चाहिए।इनकी नेटवर्थ भी अच्छी होनी चाहिए। ज्यादा कर्ज देने के लिए बैंक इन कंपनियों के पिछले तीन वर्ष का मुनाफे का रिकॉर्ड भी ध्यान में रखेंगे। रिजर्व बैंक के मसौदे के अनुसार, अधिग्रहण मूल्य का अधिकतम 70 प्रतिशत रकम बैंक दे सकता है। कम से कम 30 प्रतिशत हिस्सा अधिग्रहण करने वाली कंपनी को अपने धन का इस्तेमाल कर इक्विटी के रूप में फंड करना होगा। आरबीआई ने इस तरह के अधिग्रहण में किसी बैंक के कुल निवेश को उसके टियर-1 पूंजी के 10 प्रतिशत तक सीमित करने का प्रस्ताव दिया गया है। सर्कुलर में कहा गया है कि बैंक सीधे अधिग्रहण करने वाली कंपनी को ही लोन दे सकते हैं। नीतियों में सभी तरह की शर्तें होंगी मौजूदइस तरह की नीति में उधार लेने वालों की योग्यता, सिक्योरिटी, जोखिम प्रबंधन, मार्जिन और निगरानी नियमों की सीमा और शर्तों की जानकारी मौजूद होनी चाहिए। बैंकों को यह सुनिश्चित करने की जरूरत होगी कि अधिग्रहण करने वाली कंपनी और बनाई गई एसपीवी गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियां या अल्टरनेटिव इन्वेस्टमेंट फंड जैसे वित्तीय बिचौलिये न हों। बैंकों को यह भी सत्यापित करने की जरूरत होगी कि अधिग्रहण करने वाली कंपनी और जिसका अधिग्रहण हो रहा हो, वह आपस में संबंधित न हों। खरीदी जाने वाली कंपनी का मूल्य बाजार नियामक सेबी के नियमों के तहत तय होगा।

# भारत से खजाना छिन जाने का डर...

## अमेरिका और चीन कहीं मिलकर सेट न कर दें फील्डिंग

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस हफ्ते चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात करेंगे। इस मुलाकात में वह रूस से तेल की खरीद में कमी लाने पर चर्चा कर सकते हैं। ट्रंप को उम्मीद है कि इस बातचीत से अमेरिका और चीन के बीच पूर्ण समझौता हो सकता है। इस पर पूरी दुनिया के साथ भारत की भी नजर है। भारत रूस से सस्ता तेल खरीदता रहा है। इस सस्ते तेल के खजाने को ट्रंप लगातार लूटने की कोशिश में हैं। उन्होंने रूसी तेल आयात के कारण भारत पर 50 प्रतिशत का भारी-भरकम टैरिफ लगाया है।

ट्रंप ने एशिया की यात्रा पर जाते हुए पत्रकारों से कहा कि वह गुरुवार को दक्षिण कोरिया के ग्योंगजू में एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपीईसी) शिखर सम्मेलन के दौरान शी जिनपिंग से मिलेंगे। उन्होंने कहा, हम कई चीजों पर बात करेंगे। मुझे लगता है कि हमारे पास एक बहुत व्यापक समझौता करने का बहुत अच्छा मौका है।

अमेरिका और चीन के बीच व्यापार, तकनीक और कच्चे माल पर प्रतिबंधों को लेकर तनाव बढ़ा हुआ है। इसी माहौल में यह मुलाकात हो रही है। अमेरिकी और चीनी वार्ताकार पिछले सप्ताहांत कुआलालंपुर में मिले थे। वित्त विभाग के एक प्रवक्ता ने इन वार्ताओं को बहुत रचनात्मक बताया था। अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट और चीनी उप-प्रधानमंत्री हे लिफेंग के नेतृत्व वाली टीमें



रविवार को फिर से बातचीत शुरू करने वाली हैं।ट्रंप ने कहा कि अमेरिका की ओर से रोजनेफ्ट पीजेएससी और लुकोइल पीजेएससी पर प्रतिबंध लगाने के बाद चीन ने रूसी तेल खरीदना बहुत कम कर दिया है। ये दोनों ही रूस की दो बड़ी ऊर्जा कंपनियां हैं। उन्होंने कहा, मैं शायद इस पर चर्चा कर सकता हूं। लेकिन, आप जानते हैं कि चीन - आपने शायद आज देखा होगा - चीन रूसी तेल की खरीद बहुत कम कर रहा है और भारत पूरी तरह से कम कर रहा है और हमने प्रतिबंध लगाए हैं।अमेरिका ने बुधवार को ये प्रतिबंध लगाए थे। ये यूक्रेन युद्ध के चौथे साल में प्रवेश करने के बाद रूस के पेट्रोलियम उद्योग पर पहली बड़ी कार्रवाई है। व्हाइट हाउस ने विदेशी वित्तीय संस्थानों को भी चेतावनी दी है कि अगर वे प्रतिबंधित रूसी संस्थाओं के साथ व्यापार जारी रखते हैं तो उन्हें अमेरिकी वित्तीय प्रणाली से बाहर रखा जा सकता है।ट्रंप ने कहा कि शी जिनपिंग के साथ उनकी बातचीत में कृषि क्षेत्र और चीन की ओर से फेंटानिल कम्पोनेंट के निर्यात पर भी चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि नेताओं के बीच सीधी बातचीत सबसे अच्छा तरीका है। इससे टैरिफ और व्यापार बाधाओं से लेकर ताइवान और यूक्रेन जैसे भू-राजनीतिक मुद्दों को हल किया जा सकता है। यह मुलाकात जनवरी में व्हाइट हाउस लौटने के बाद ट्रंप और शी जिनपिंग की पहली आमने-सामने की मुलाकात होगी। दोनों नेता इस साल कम से कम तीन बार बात कर चुके हैं।एक तरफ अमेरिका का व्यापारिक दबाव और दूसरी तरफ रूस से सस्ते ऊर्जा स्रोत खोने का खतरा भारत की स्वतंत्र विदेश नीति और राष्ट्रीय हितों के लिए जटिल भू-राजनीतिक चुनौती पेश करता है। भारत की ओर से यह साफ किया गया है कि उसकी ऊर्जा नीति केवल राष्ट्रीय हितों और नागरिकों के हितों पर आधारित होगी।

### भारत पर संभावित असर

ट्रंप की ओर से चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ रूस से तेल कटौती पर चर्चा करना भारत की ऊर्जा सुरक्षा और आर्थिक स्थिरता के लिए सीधे तौर पर बड़ा खतरा पैदा करता है। भारत पिछले कुछ सालों में रूस से सस्ते दामों पर कच्चा तेल खरीदकर अपनी रिफाइनिंग कंपनियों और उपभोक्ताओं के लिए पेट्रोलियम कीमतों को स्थिर रखने में सफल रहा है। इससे देश को अनुमानित 17 अरब डॉलर तक की बचत हुई है। अगर अमेरिका चीन पर दबाव डालकर रूसी तेल के प्रवाह को बाधित करता है तो ग्लोबल तेल की कीमतें बढ़ेंगी। इसके चलते भारत को फिर से पारंपरिक (और महंगे) मिडिल ईस्ट स्रोतों से तेल खरीदना पड़ेगा। इससे देश में पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ सकते हैं। महंगाई भड़क सकती है। अर्थव्यवस्था पर सीधा दबाव आ सकता है। इसके अलावा, ट्रंप प्रशासन ने रूसी तेल खरीद को लेकर भारत पर लगातार ऊंचे टैरिफ की तलवार लटका रखी है। ट्रंप और शी के बीच किसी भी कंप्लीट डील का नतीजा भारत पर यह टैरिफ लगाने का अमेरिकी दबाव बढ़ा सकता है। इससे भारत के कपड़ा, दवा और अन्य प्रमुख निर्यात बुरी तरह प्रभावित होंगे।

## एआई वाली नौकरी भी सुरक्षित नहीं मेटा ने 600 लोगों की छंटनी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अभी तक आप सुनते आ रहे होंगे की एआई नौकरियां खा रहा है। इसी बीच एक खबर ऐसी है जिससे लग रहा है कि एआई की नौकरियां भी सुरक्षित नहीं है। न्यूयार्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार इंटाग्राम की पैरेंट कंपनी मेटा ने अपने एआई डिविजन में 600 कर्मचारियों की छंटनी करने जा रहा है। कंपनी के एआई ऑफिसर ने बुधवार को इसकी जानकारी कर्मचारियों को दी। मेटा का कहना है कि इससे वो प्रोडक्ट्स को बनाने में तेजी ला पाएंगे। रिपोर्ट के अनुसार अधिकारी का मानना है कि टीम छोटी होने के बाद बहुच ज्यादा बातचीत की जरूरत नहीं होगी। जिससे निर्णय लेने में तेजी आ सकेगी। बता दें, मेटा रिस्क रिव्यू ऑर्गेनाइजेशन में 100 लोगों की नौकरियों की छंटनी करने जा रहा है। बुधवार को कंपनी के चीफ प्राइवेसी ऑफिसर ने दी जानकारी में कहा था टीम को छोटी करने की जानकारी कर्मचारियों के साथ साझा कर दी गई है। उन्होंने बताया था कि मैन्युअल रिव्यू सिस्टम को ऑटोमेटेड सिस्टम पर शिफ्ट किया जा रहा है। हालांकि, उन्होंने कितनी लोगों की छंटनी की जाएगी इसकी जानकारी नहीं दी है। मेटा लंदन स्थिति रिस्क रिव्यू टीम को छोटी कर रहा है। यह खबर ऐसे समय में आई जब कंपनी रिस्ट्रक्चरिंग के दौर से गुजर रही है। बीते तीन सालों से मेट का सीईओ मार्क जुकरबर्ग अपनी पूरी टीम का रिस्ट्रक्चर कर रहे हैं। जिससे ओपनएआई जैसी कंपनियों से बाजार में टक्कर ली जा सके। मामले की जानकारी रखने वाले लोगों के अनुसार मेटा के अधिकारी जिस रफ्तार से नए प्रोडक्ट कंपनी बना रही थी उससे बिलकुल भी नाखुश थे।

# 70 देशों को निर्यात करने वाली स्टड्स एक्सेसरीज का आईपीओ आ रहा है अगले सप्ताह

## स्टड्स एक्सेसरीज ने अपना आईपीओयानी इनिशियल पब्लिक ऑफर लाने का फैसला किया है

**मुंबई, एजेंसी।** हरियाणा की हेलमेट बनाने वाली कंपनी स्टड्स एक्सेसरीज ने अपना आईपीओयानी इनिशियल पब्लिक ऑफर लाने का फैसला किया है। यह आईपीओअगले सप्ताह गुरुवार यानी 30 अक्टूबर को आम जनता के लिए खुलेगा। अगले हफ्ते यह तीसरा बड़ा आईपीओ होगा, इससे पहले ऑर्कला इंडिया और लेंसकार्ट सॉल्यूशंस के आईपीओ भी आ रहे हैं।

स्टड्स एक्सेसरीज का पूरा का पूरा आईपीओ ऑफर फोर सेल है। मतलब कि इस आईपीओ से कंपनी को एक भी पैसा नहीं मिलेगा। आईपीओ के जरिए जुटायी गई पूरी की पूरी राशि कंपनी के प्रमोटर्स और कुछ अन्य शेयर बेचने वाले की झोली में जाएगी। इस प्रक्रिया के तहत कुल मिलाकर 77.86 लाख शेयर बेचे जाएंगे।

यह आईपीओ 29 अक्टूबर को एंकर निवेशकों के लिए खुलेगा। आम जनता के लिए यह 3 नवंबर तक खुला रहेगा। कंपनी 4 नवंबर को यह तय करेगी कि किसे कितने शेयर मिलेंगे। इसके बाद 7 नवंबर को कंपनी शेयर बाजार में लिस्ट हो जाएगी, यानी इसके शेयर खरीदे और बेचे जा सकेंगे। फिलहाल इसका प्राइस बैंड तय नहीं हुआ है। उम्मीद है कि अगले सोमवार को इसकी जानकारी सार्वजनिक कर दी जाएगी।

स्टड्स एक्सेसरीज के प्रमोटर्स में मधु भूषण खुराना उनके बेटे सिद्धार्थ भूषण खुराना और बेटी शिल्पा अरोड़ा शामिल हैं। ये लोग कंपनी के 78.78 प्रतिशत शेयर के मालिक हैं। बाकी 21.22 प्रतिशत शेयर कंपनी के कुछ डीलरों और आम पब्लिक पास हैं।




### क्या करती है कंपनी

स्टड्स एक्सेसरीज देश में क्वालिटी हेलमेट बनाने वाली जानी-मानी कंपनी है। इसके पास इस समय तीन बड़ी मैन्युफैक्चरिंग प्लांट्स हैं। इन सभी प्लांट्स में हर साल कुल 90.4 लाख हेलमेट बनाने की क्षमता है। कंपनी के बाजार में स्टड्स और स्म्यू ब्रांड के नाम से टू-व्हीलर हेलमेट बिकते हैं। इसके अलावा, यह स्टड्स ब्रांड के तहत ही टू-व्हीलर के लिए लगेज बॉक्स, दस्ताने, हेलमेट लॉक, रेन सूट, राइडिंग जैकेट और आईवियर जैसे दूसरे सामान भी बनाती है। इसके हेलमेट के दाम 800 रुपये से लेकर 12,800 रुपये तक हैं।

## अडानी समूह में निवेश के लिए एलआईसी पर बनाया गया दबाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने स्पष्ट किया है कि उसने गौतम अडानी समूह की कंपनियों में निवेश स्वतंत्र रूप से और विस्तृत जांच-पड़ताल के बाद किया। एलआईसी का यह बयान अमेरिकी अखबार द वॉशिंगटन पोस्ट में प्रकाशित रिपोर्ट के जवाब में आया है। दरअसल, रिपोर्ट में आरोप लगाया गया था कि एलआईसी को सरकारी अधिकारियों ने इस साल अडानी समूह में निवेश करने के लिए प्रभावित किया था जबकि उस समय अडानी समूह भारी ऋण में था और अमेरिका में जांच का सामना कर रहा था।एलआईसी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा-केंद्रीय वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग या किसी अन्य निकाय की ऐसे (निवेश) निर्णयों में कोई भूमिका नहीं होती है। एलआईसी ने कहा कि कंपनी ने पिछले कुछ वर्षों में बुनियादी बातों और विस्तृत जांच-पड़ताल के आधार पर विभिन्न




कंपनियों में निवेश के फैसले लिए हैं। भारत की शीर्ष 500 कंपनियों में इसका निवेश मूल्य 2014 से 10 गुना बढ़कर 1.56 लाख करोड़ रुपये से 15.6 लाख करोड़ रुपये हो गया है, जो मजबूत फंड प्रबंधन को दर्शाता है।एलआईसी के मुताबिक निवेश संबंधी निर्णय एलआईसी द्वारा विस्तृत जांच-पड़ताल के बाद उसके निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित नीतियों के अनुसार स्वतंत्र रूप से लिए गए।

## ब्राजील के पास जमीन के नीचे छिपे दुर्लभ खनिज ट्रंप को ला देगा घुटनों पर!

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप टैरिफ के दम पर दुनिया को अपनी मुट्ठी में करने चले हैं। ट्रंप के निशाने पर ब्रिक्स देश (ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका) प्रमुख रूप से हैं। लेकिन यह इतना भी आसान नहीं है। ब्राजील के पास ट्रंप के टैरिफ खेल में एक खास पत्ता यानी तुरुप का इक्का है। यह पत्ता है उसके जमीन के नीचे छिपे दुर्लभ खनिज ( ह्डुह्द्ध द्द्डुह्ल्ह्ल्द्ध द्द्धद्वठ्ठ-द्गह्लड्डद्यह्य )। ये खनिज उन कंपनियों के लिए बहुत जरूरी हैं जो इलेक्ट्रिक कार, सोलर पैनल, स्मार्टफोन, जेट इंजन और मिसाइल जैसी चीजें बनाती हैं। ये दुर्लभ खनिज 17 भारी धातुओं का एक समूह हैं। इन्हें इतना महत्वपूर्ण माना जाता है कि ये दुनिया में भू-राजनीतिक शक्ति बन गए हैं।

चीन अमेरिका का प्रतिद्वंद्वी है। यह इन दुर्लभ खनिजों के उत्पादन में लगभग एकाधिकार रखता है। ब्राजील भी इस समय चीन की तरह अमेरिका के साथ टैरिफ के मामले में उलझा हुआ है। लेकिन उसके पास दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा दुर्लभ खनिज भंडार है। ब्राजील के खान और ऊर्जा मंत्री एलेक्जेंडर सिल्वेरा का कहना है कि उनके खनिज भंडार और अमेरिकी पूंजी के बीच हितों का मेल है। यानी ब्राजील चाहे तो अमेरिका को घुटनों पर ला सकता है।

यह मुद्दा इस सप्ताहांत अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप और ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डा सिल्वा के बीच एक संभावित बैठक में उठ सकता है। यह बैठक दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के संगठन के एक शिखर सम्मेलन के मौके पर कुआलालंपुर में हो सकती है। राष्ट्रपति लूला ने शुक्रवार को कहा



कि वह ट्रंप के साथ हर चीज के बारे में बात करने को तैयार हैं। इनमें गाजा से लेकर यूक्रेन, रूस, वेनेजुएला, महत्वपूर्ण खनिज और दुर्लभ खनिज तक सब कुछ शामिल है।

ब्राजील पर कुछ निर्यात पर 50 प्रतिशत का भारी टैरिफ लगा हुआ है। यह टैरिफ लूला के दक्षिणपंथी पूर्ववर्ती जायर बोल्सोनारो के तख्तापलट के मुकदमे के कारण लगाया गया है। ट्रंप ने इस मुकदमे को चुड़ैलों का शिकार बताया है। बोल्सोनारो को पिछले महीने 27 साल की जेल की सजा सुनाई गई थी।

दुर्लभ खनिज यानी रेयर अर्थ बहुत खास होते हैं। ये ऐसे 17 तत्व हैं जो आधुनिक तकनीक के लिए बहुत जरूरी हैं। जैसे कि इलेक्ट्रिक गाड़ियों की बैटरी, विंड टर्बाइन, मोबाइल फोन और डिफेंस सिस्टम में इनका इस्तेमाल होता है। चीन के पास दुनिया का लगभग आधा दुर्लभ खनिज भंडार है, जो करीब 44 मिलियन मीट्रिक टन है। वहीं, ब्राजील के पास लगभग 21 मिलियन मीट्रिक टन भंडार है। यह जानकारी यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे की है। चीन न केवल इन खनिजों का सबसे बड़ा उत्पादक है, बल्कि उन्हें निकालने और शुद्ध करने में भी सबसे आगे है।इसके जवाब में अमेरिका ने ऑस्ट्रेलिया के साथ एक समझौता किया है ताकि वहां के विशाल दुर्लभ खनिज भंडारों तक उसकी पहुंच हो सके।

## सुजलॉन एनर्जी के शेयर पर ब्रोकरेज सतर्क

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
लगातार तीन दिन की तेजी के बाद शुक्रवार को एनर्जी कंपनी-सुजलॉन एनर्जी लिमिटेड के शेयरों में बड़ी गिरावट देखी गई। बीते शुक्रवार को यह शेयर 1.34 प्रतिशत गिरकर 53.82 रुपये पर बंद हुआ। शेयर के 52 हफ्ते का हाई 74.30 रुपये और 52 हफ्ते का लो 46 रुपये है। शेयर को लेकर एक्सपर्ट भी सतर्क हैं।

वेल्थमिल्स सिक्योरिटीज में इक्विटी स्ट्रैटेजी के निदेशक क्रांति बाथिनी ने कहा कि सुजलॉन एनर्जी के शेयरों में हाल ही में मजबूती आई है। उन्होंने सुझाव दिया कि मौजूदा निवेशक अपनी स्थिति बनाए रखें और अधिक स्पष्टता, खासकर संभावित मार्जिन रिकवरी के लिए, आगामी वित्त वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही के नतीजों का इंतजार करें। तकनीकी दृष्टिकोण से, सुजलॉन के शेयरों में मंदी का रुझान दिख रहा है, विश्लेषकों ने 52-51 रुपये के आसपास प्रमुख समर्थन और 56-58 रुपये के आसपास प्रतिरोध का संकेत दिया है। सेबी-रजिस्टर्ड विश्लेषक एआर रामचंद्रन के अनुसार-शेयर की कीमत डेली चार्ट पर मंदी के रुख के साथ 55.25 रुपये पर मजबूत प्रतिरोध के साथ है। निकट भविष्य में 48.6 रुपये तक की गिरावट हो सकती है।




बिजनेस टुडे की एक खबर के मुताबिक चार्टर्ड मार्केट टेक्नीशियन और सीनियर टेक्निकल एनालिस्ट अमेया रनाडिवे का कहना है कि जब तक स्टॉक 56 के नीचे रहता है, तब तक गिरावट जारी रह सकती है और शेयर 49 तक फिसल सकता है। हालांकि, 56.70 के ऊपर क्लोजिंग मिलने पर अल्पावधि में 62 तक की रिकवरी संभव है। ड्रमिल विठलानी, टेक्निकल रिसर्च एनालिस्ट, बोनांजा पोर्टफोलियो के अनुसार, सुजलॉन एनर्जी लिमिटेड एक फॉलिंग चैनल में ट्रेड कर रहा है, जिसमें लगातार लोअर-हाई और लोअर-लो का पैटर्न बना हुआ है। यह दर्शाता है कि स्टॉक पर अभी भी भारी सेलिंग प्रेशर बना हुआ है।

### पर्यावरण को नुकसान, क्वालिटी हो गई बेहतर

## नया कारनामा... सालाना 10 करोड़ कमा रहा कपल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कुछ साल पहले तक सुखविंदर सिंह ने बायोफोर्टिफाइड सीड्स के बारे में कभी सुना भी नहीं था। बायोफोर्टिफाइड सीड्स वो बीज होते हैं जिन्हें खास पोषक तत्वों जैसे आयरन और जिंक की मात्रा बढ़ाने के लिए तैयार किया जाता है। सुखविंदर सिंह अब इन बीजों का इस्तेमाल करके अपनी 5.5 एकड़ जमीन पर गेहूं उगा रहे हैं और काफी खुश हैं।

लेकिन इसके पीछे कारनामा लखनऊ के ऐश्वर्या भटनागर और प्रतीक रस्तोगी का है। यह कपल ग्रीनडे नाम से एक पहल चला रहा है। यह पहल किसानों और ग्राहकों दोनों के लिए फायदेमंद है। वे खेती के नए तरीके और ऐसे बीज बढ़ावा दे रहे हैं जिनमें पोषक तत्व ज्यादा हों। इसके जरिए यह कपल (ऐश्वर्या भटनागर और प्रतीक रस्तोगी) करोड़ों रुपये कमा रहे हैं। बायोफोर्टिफाइड सीड्स अपनाने का फैसला इसलिए किया क्योंकि वे केमिकल फर्टिलाइजर के बढ़ते इस्तेमाल से चिंतित थे। उनका



मानना था कि ये केमिकल फर्टिलाइजर न सिर्फ पर्यावरण को नुकसान पहुंचाते हैं, बल्कि खाने वालों के स्वास्थ्य के लिए भी खतरनाक हैं। इसलिए उन्होंने जिंक से भरपूर बायोफोर्टिफाइड सीड्स में निवेश करने का सोचा। सुखविंदर सिंह के लिए बायोफोर्टिफाइड सीड्स का इस्तेमाल करने का सबसे बड़ा फायदा यह हुआ कि उनके अनाज की क्वॉलिटी बहुत बेहतर हो गई। उत्तर प्रदेश के रहने वाले सुखविंदर सिंह बताते हैं, मेरे बच्चे बायोफोर्टिफाइड सीड्स से उगाए गए गेहूं से बनी रोटी को ज्यादा स्वादिष्ट बताते हैं। इससे न सिर्फ मेरे अनाज का स्वाद बढ़ा है, बल्कि यह भी पक्का हो गया है कि मेरे बच्चे सुरक्षित और पौष्टिक खाना खा रहे हैं।बायोफोर्टिफाइड सीड्स के इस्तेमाल से सुखविंदर सिंह की लागत भी कम हुई है। यूरिया फर्टिलाइजर पर उनकी निर्भरता कम हो गई है। वे कहते हैं कि पहले उन्हें एक एकड़ जमीन पर तीन बोरी यूरिया डालना पड़ता था, अब तो बस आधा बोरी ही काफी है।

सुखविंदर सिंह बताते हैं कि भले ही इन बीजों से प्रति एकड़ पैदावार थोड़ी कम हो सकती है, लेकिन कुल मिलाकर फायदे बहुत ज्यादा हैं। इन फायदों में कम लागत और बेहतर क्वालिटी शामिल है, जो पैदावार में थोड़ी सी कमी को पूरा कर देते हैं। इसके अलावा, उन्हें सामान्य गेहूं के 2000 रुपये प्रति क्विंटल के भाव की जगह 2600 रुपये प्रति क्विंटल मिल रहा है।सुखविंदर सिंह जैसे ही उत्तर प्रदेश के कम जमीन वाले कम से कम 15,000 किसान बायोफोर्टिफाइड सीड्स का फायदा उठा रहे हैं। यह सब ऐश्वर्या और प्रतीक रस्तोगी की वजह से संभव हुआ है। यह कपल किसानों और ग्राहकों दोनों के लिए फायदेमंद, नई और पर्यावरण के अनुकूल खेती के तरीकों को बढ़ावा दे रहा है।साल 2016 में आईआईएम अहमदाबाद से पढ़ाई और एंटरप्रेन्योरशिप ट्रेनिंग पूरी करने के बाद प्रतीक को अपने गृह राज्य में कृषि क्षेत्र को बेहतर बनाने की तीव्र इच्छा हुई।



# इंडस्ट्री से समर्थन न मिलने से निराश हैं विष्णु विशाल

तमिल फिल्म इंडस्ट्री के एक अभिनेता और फिल्म निर्माता ने इंडस्ट्री में लोगों के समर्थन की कमी के बारे में खुलकर बात की थी। उन्होंने बताया है कि उन्हें उनकी चार फिल्मों के लिए निर्माता नहीं मिले। इसके बाद उन्होंने खुद का प्रोडक्शन हाउस बनाया। अपनी अपकमिंग फिल्म आर्यन के प्री-रिलीज कार्यक्रम के दौरान, उन्होंने बताया कि तमिल सिनेमा में अपने सहयोगियों से उनको क्यों शिकायत है?

चार फिल्मों के लिए नहीं मिले निर्माता

हम जिस अभिनेता की बात कर रहे हैं वह विष्णु विशाल हैं। उन्होंने कहा, मैं इंडस्ट्री में पहचान न मिलने की बात कर रहा था। मैं इससे खुश नहीं हूं। मैं अपने सभी प्रोजेक्ट्स को हरी झंडी दिलाने के लिए एक-दो साल से काम कर रहा हूं। विष्णु विशाल ने वेलैनु वंधुत्ता वेल्लाईकरण, गट्टा कुश्ती और एफआईआर- फैजल इब्राहिम रईस जैसी फिल्मों के नाम लिए और बताया कि इन प्रोजेक्ट्स को शुरू करने के लिए उन्हें कितना संघर्ष करना पड़ा। उन्होंने कहा मेरी फिल्म गट्टा कुश्ती के लिए छह निर्माताओं ने आखिरी समय में मना कर दिया था। वेलैनु वंधुत्ता वेल्लाईकरन के लिए मैं चार निर्माताओं के पास गया और एफआईआर- फैजल इब्राहिम रईस के लिए तीन निर्माता पीछे हट गए। रत्सासन की सफलता के बाद मुझे जिन नौ फिल्मों का ऑफर दिया गया था, वे भी रद्द कर दी गईं।

## खुद का प्रोडक्शन हाउस बनाया

विष्णु विशाल ने कहा कि यही वजह है कि उन्होंने अपनी फिल्मों के लिए निर्माता बनने का फैसला किया। उन्होंने कहा, मैं बस यह कहना चाह रहा था कि एक व्यक्ति के तौर पर मेरे अंदर वह दर्द और उदासी है। इसीलिए मैंने अपना खुद का प्रोडक्शन हाउस शुरू किया। एक बार जब मैंने प्रोडक्शन का काम संभाल लिया, तो मुझे इस फिल्म को रिलीज करने और फिर से पर्दे पर लाने में बस एक साल लगा।

## मुझे फोन नहीं करते कलाकार

उन्होंने आगे कहा मैं यह भी कहना चाहता हूं कि मुझे किसी एक व्यक्ति से कोई शिकायत नहीं है। जब मेरी फिल्म रिलीज होती है और सफल होती है, तो मैंने देखा है कि जिन अभिनेताओं की मैं तारीफ करता हूं, उनमें से किसी ने भी मुझे व्यक्तिगत रूप से बधाई देने के लिए एक बार भी फोन नहीं किया। फिल्में सफल होने के बाद, वे मेरे निर्देशक को फोन तो करते हैं। वे अपनी अगली फिल्मों के लिए मेरे निर्देशकों के साथ मीटिंग तय करते हैं, लेकिन मुझे ऐसा कोई फोन नहीं आता। इस तरह की बातें मुझे परेशान करती हैं।



# अभिनेत्री उर्वशी रौतेला ने रचा इतिहास

भारतीय मनोरंजन जगत के लिए यह एक ऐतिहासिक क्षण है। उर्वशी रौतेला ने वह कर दिखाया है जो अब तक किसी भारतीय अभिनेत्री ने हासिल नहीं किया—यूट्यूब पर उनके तीन गाने अलग-अलग तौर पर एक-एक अरब व्यूज़ के क़रीब पहुंच रहे हैं, जो मिलकर लगभग तीन अरब व्यूज़ का अभूतपूर्व आंकड़ा बनाते हैं। इसके साथ ही, वह न सिर्फ़ पहली, बल्कि इतनी कम उम्र में यह उपलब्धि हासिल करने वाली सबसे युवा भारतीय अभिनेत्री बन गई हैं।यह जीत केवल संख्याओं की नहीं है—यह उनके वैश्विक प्रभाव, जबरदस्त लोकप्रियता और बेहतरीन स्क्रीन प्रेज़ेंस का प्रमाण है। भारत से लेकर दुनिया के तमाम देशों तक, संगीत प्रेमियों ने उर्वशी के गानों को अपनाया है और उन्हें अंतरराष्ट्रीय एंथम का दर्जा दिया है। हर गाना, जो अपने-अपने स्तर पर एक अरब व्यूज़ के करीब है, यह स्पष्ट करता है कि डिजिटल दुनिया में उनका प्रभाव कितनी तेज़ी से बढ़ रहा है। इस उपलब्धि की सबसे खास बात है उनकी सफलता की निरंतरता। ये कोई एक-दो बार वायरल होने वाले गाने नहीं हैं—ये वो गाने हैं जिन्हें लोग बार-बार सुनते हैं, सेलिब्रेट करते हैं, नाचते हैं और पीढ़ियों व सीमाओं के पार शेयर करते हैं। ऐसे दौर में, जहाँ डिजिटल मौजूदगी ही प्रभाव को तय करती है, उर्वशी ने खुद को उस मुकाम पर पहुंचाया है जहाँ पहुंचना बहुतों के लिए नामुमकिन होता है। एक युवा प्रतिभा से अरबों दर्शकों द्वारा देखी जाने वाली ग्लोबल आर्टिस्ट बनने तक का उनका सफर केवल प्रेरणादायक ही नहीं—ऐतिहासिक है। हर नए मुकाम के साथ वह धारणाएँ बदल रही हैं, महिला कलाकारों के लिए नए मानक गढ़ रही हैं और भारतीय टैलेंट को विश्व मंच पर नई ऊँचाइयों तक ले जा रही हैं। इस ऐतिहासिक रिकॉर्ड के साथ जब वह एक नई ऊँचाई पर खड़ी हैं, तो एक बात बिल्कुल स्पष्ट है- उर्वशी रौतेला सिर्फ़ इस पल का हिस्सा नहीं हैं—वो इस पल को रच रही हैं।



# रश्मिका ने दी कॉकटेल 2 की शूटिंग की अपडेट

सैफ अली खान, दीपिका पादुकोण और डायना पेंटी की अदाकारी वाली फिल्म कॉकटेल (2012) को दर्शकों ने खूब सराहा था। अब इसका सीक्वल बन रहा है। इसमें कृति सेनन, शाहिद कपूर और रश्मिका मंदाना होंगी। इसका निर्देशन होमी अदजानिया कर रहे हैं। बताया जाता है कि यह फिल्म अगले साल शुरुआत में रिलीज हो सकती है। ऐसे में फिल्म को लेकर रश्मिका मंदाना ने कई बातें बताई हैं।कॉकटेल 2 की टीम ने हाल ही में इटली की शूटिंग पूरी की है। कलाकारों की अपडेट्स को देखते हुए ऐसा लगता है कि शूटिंग के दौरान उन्होंने खूब मस्ती की। अपने सह-कलाकारों के साथ काम करने के अनुभव के बारे में बात करते हुए, रश्मिका मंदाना ने बताया कि उन्हें साथियों के साथ शूटिंग करने में बहुत मजा आया।

## दिल्ली में शूटिंग के लिए उत्साहित हैं रश्मिका

रश्मिका ने बताया, मुझे कृति और शाहिद बहुत पसंद हैं। मुझे लगता है कि हम साथ में सबसे अच्छे लोग हैं। होमी सर (होमी अदजानिया), जिनके साथ हम काम कर रहे हैं, उनके साथ काम करना भी एक खुशी की बात है। मैं दिल्ली में फिर से शूटिंग शुरू करने के लिए बहुत उत्साहित हूं।

## दर्शक भी फिल्म का आनंद लेंगे

अभिनेत्री ने आगे बताया कि उन्हें अपने सह-कलाकारों के साथ शूटिंग में बहुत मजा आया और वह दर्शकों को स्क्रीन पर वही अनुभव महसूस कराना चाहती हैं। रश्मिका ने मुस्कुराते हुए कहा, हर बार जब मैं कृति या शाहिद के साथ किसी सीन में होती हूं, तो मैं बस उसका आनंद लेती हूं। इसलिए, मुझे उम्मीद है कि जब यह फिल्म रिलीज होगी, तो आप भी उसी आनंद को महसूस करेंगे।

## रश्मिका का वर्कफ्रंट

रश्मिका मंदाना हाल ही में रिलीज हुई फिल्म थामा की कामयाबी से खुश हैं। आयुष्मान खुराना और नवाजुद्दीन सिद्दीकी अभिनीत यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन कर रही है। इसने 65 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है।



# सलमान के बाद आमिर पर बरसे अभिनव कश्यप, अभिनेता को बताया चालाक लोमड़ी

बॉलीवुड निर्देशक अभिनव कश्यप ने हाल ही में आमिर खान पर तीखे आरोप लगाए हैं। उन्होंने 'बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट' को लेकर कई बातें सार्वजनिक कीं, जो अब चर्चा का विषय बन गई हैं। अभिनव कश्यप का कहना है कि आमिर खान न केवल अपने काम में अत्यंत पर्टिकुलर हैं, बल्कि हर चीज में हस्तक्षेप करते हैं और अपने कामकाज को लेकर बहुत नियंत्रित हैं। बातचीत करते हुए अभिनव कश्यप ने खुलासा किया कि उन्होंने आमिर खान के साथ कई विज्ञापन शूट किए हैं। उनके अनुसार, आमिर खान के साथ काम करना आसान नहीं है। उन्होंने कहा, मैंने आमिर के साथ 2-3 विज्ञापन किए हैं। वो बहुत पर्टिकुलर हैं और उनके साथ काम करना थका देने वाला है। वो एडिटिंग, डायरेक्शन, हर चीज में दखल देते हैं। ये एक पूरा इकोसिस्टम है, जिसे सख्त कंट्रोल के लिए मेंटेन किया है।

## चालाक लोमड़ी से की आमिर की तुलना

अभिनव ने आमिर की तुलना एक चालाक लोमड़ी से करते हुए कहा कि वो शातिर और मैनिपुलेटिव हैं। उन्होंने सलमान खान और शाहरुख खान की तुलना में भी आमिर को अधिक चालाक और शातिर बताया। अभिनव ने कहा, वो सबसे चालाक लोमड़ी है। बटला। वो सलमान से भी छोटा है हाइट में, लेकिन क्या मैनिपुलेटिव आदमी है और सबसे शातिर है। अभिनव ने आमिर के हर टेक को लेकर भी अपनी राय साझा की। उनका कहना है कि आमिर कई बार एक ही सीन को कई टेक देते हैं, लेकिन उनका पहला और आखिरी टेक अक्सर लगभग समान ही होता है। वे हर टेक का बारीकी से निरीक्षण करते हैं और कहते हैं कि 'एक और, थोड़ा और, यह बाकी है, वह बाकी है', लेकिन आखिरकार बदलाव कम ही दिखाई देता है।

## अभिनव कश्यप का आरोप

इसके अलावा अभिनव ने यह सवाल उठाया कि इतने बड़े और सफल फिल्ममेकर जैसे राजकुमार हिरानी, राकेश ओमप्रकाश मेहरा आदि अक्सर आमिर के घर क्यों जाते हैं। उनका कहना है कि आमिर में ऐसा क्या है जो उन्हें दूसरों में नहीं मिलता। उन्होंने आमिर के समाजिक योगदान पर भी सवाल उठाया और उदाहरण के तौर पर 'दंगल' फिल्म और चीन से हुई कमाई का जिक्र किया।





# अजय देवगन की 'दृश्यम 3' में परेश रावल को नहीं लगा दम, इस वजह से ठुकरा दी फिल्म

**बॉलीवुड के सीनियर एक्टर परेश रावल ने हाल ही में खुलासा किया है कि उन्हें अजय देवगन स्टारर 'दृश्यम 3' का हिस्सा बनने का ऑफर मिला था, लेकिन उन्होंने यह प्रस्ताव ठुकरा दिया। इसके पीछे की क्या है? चलिए आपको बताते हैं। रोल ने उन्हें उतना उत्साहित नहीं किया जितनी स्क्रिप्ट ने।**

## स्क्रिप्ट अच्छी, लेकिन किरदार नहीं भाया

एक इंटरव्यू में परेश रावल ने बताया कि 'दृश्यम 3' की कहानी उन्हें बेहद पसंद आई, लेकिन उनका रोल उनके मुताबिक नहीं था। उन्होंने कहा, मेकर्स ने मुझसे संपर्क किया था, लेकिन जो रोल ऑफर हुआ, उसमें मजा नहीं आया। स्क्रिप्ट बहुत शानदार थी, मगर अगर किरदार से खुद को जोड़ न पाएं तो काम करने का आनंद नहीं आता।

## 'दृश्यम' की अगली कड़ी

'दृश्यम 3' में एक बार फिर अजय देवगन और श्रिया सरन मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्देशन अभिषेक पाठक कर रहे हैं, जबकि इसका निर्माण कुमार मंगत के बैनर तले हो रहा है। यह 2015 की सुपरहिट 'दृश्यम' और 2022 में रिलीज हुई 'दृश्यम 2' की अगली कड़ी है। गौरतलब है कि अजय देवगन की 'दृश्यम' 2013 की मलयालम फिल्म का हिंदी रीमेक है, जिसमें मोहनलाल मुख्य भूमिका में थे। दिलचस्प बात यह है कि 'दृश्यम 3' का मलयालम संस्करण भी एक साथ बनाया जा रहा है। मोहनलाल इन दिनों अपनी फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं, वहीं हिंदी टीम की तैयारियां भी जोरों पर हैं।

## रिलीज डेट को लेकर विवाद

हाल ही में 'दृश्यम 3' के टीजर रिलीज को लेकर विवाद खड़ा हो गया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, हिंदी रीमेक के प्रोड्यूसर कुमार मंगत ने फिल्म की रिलीज डेट 2 अक्टूबर 2026 घोषित कर दी, जबकि मलयालम टीम निर्देशक जीथू जोसेफ और निर्माता एंटनी पेरुंबवूर इससे नाराज हो गए। बताया जाता है कि दोनों टीमों के बीच एक समझौता है कि हिंदी टीम किसी भी घोषणा से पहले मूल मेकर्स की अनुमति लेगी। इस कारण फिल्म के टीज़र को फिलहाल टाल दिया गया है।




## परेश की आने वाली फिल्में

वहीं परेश रावल की आने वाली फिल्मों के बारे में बात करें तो वो हाल ही में आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना के साथ हॉरर-कॉमेडी फिल्म थामा में नजर आए थे। इस फिल्म का निर्देशन आदित्य सरपोतदार ने किया था और इसे दिनेश विजान और अमर कौशिक ने प्रोड्यूस किया। आने वाले महीनों में परेश कई बड़ी फिल्मों में नजर आने वाले हैं जिनमें 'हेरा फेरी 3', 'द ताज स्टोरी', 'भूत बंगला' और 'वेलकम टू द जंगल' शामिल हैं।

# न्यूज़ीलैंड ने पहले एकदिवसीय मैच में इंग्लैंड को 4 विकेट से हराया

## डेरिल मिचेल ने 78* रन बनाए

### अंग्रेजों के काम न आया ब्रुक का शतक

**वेलिंग्टन (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड ने वनडे सीरीज के पहले मुकाबले में इंग्लैंड को 4 विकेट से हरा दिया। रविवार को मिली इस जीत से कीवियों ने 3 मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। माउंट मॉन्गनुई के बे ओवल मैदान पर न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। इंग्लिश टीम 35.2 ओवर में 223 रन पर ऑलआउट हो गई। कप्तान हैरी ब्रूक ने सबसे ज्यादा 135 रन बनाए। जकारी फाउलकस ने 4 विकेट झटके। न्यूजीलैंड के बैटर्स ने 224 रन का टारगेट 36.4 ओवर में 6 विकेट पर चेज कर लिया। डेरिल मिचेल ने नाबाद 78 रनों की पारी खेली, जबकि माइकल ब्रेसवेल 51 रन पर रनआउट हुए। कप्तान सैंटनर ने 27 और टॉम लैथम ने 24 रन का योगदान दिया। ब्रायडन कार्स को 3 विकेट मिले।



**मैच जिताकर लौटे डेरिल मिचेल, नाबाद 78 रन बनाए** - टॉप ऑर्डर के खराब प्रदर्शन के बाद नंबर-4 के बल्लेबाज डेरिल मिचेल ने जिम्मेदारी संभाली। उन्होंने 4 अहम साझेदारी की। मिचेल ने टॉम लैथम के साथ 42, माइकल ब्रेसवेल के साथ 92, मिचेल सैंटनर के साथ 49 और नाथन स्मिथ के साथ नाबाद 17 रन की साझेदारी की। डेरिल ने 91 बॉल पर नाबाद 91 रन बनाए। उन्होंने 7 चौके और 2 छक्के लगाए। उन्होंने 37वां ओवर डाल रहे आदिल रशीद की चौथी बॉल पर चौका लगाकर टीम को जीत दिलाई।

**न्यूजीलैंड की खराब शुरुआत, टॉप-3 बैटर्स ने 22 रन बनाए** - 224 रन का टारगेट चेज करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत खराब रही। टीम ने 24 रन पर टॉप-3 विकेट गंवा दिए थे। यहां तक विल यंग 5, केन विलियमसन जीरो और रचिन रवींद्र 17 रन बनाकर पवेलियन लौट चुके हैं। ब्रायडन कार्स ने विल यंग (5 रन) और केन विलियमसन (शून्य) को दूसरे ओवर में पवेलियन भेजकर दबाव बनाया। फिर 5वें ओवर में मार्क वुड ने रचिन रवींद्र को पवेलियन भेज दिया। वुड 17 रन ही बना सके। उसके बाद कार्स ने टॉम लैथम (24 रन) को एलबीडब्ल्यू करके कीवियों को चौथा झटका दे दिया।

**11 में से 9 बल्लेबाज डबल डिजिट तक नहीं पहुंच** - इंग्लैंड के 11 में से 9 बल्लेबाज डबल डिजिट तक नहीं पहुंच सके हैं। टीम के टॉप-4 बल्लेबाजों ने मिलकर महज 4 रन बनाए। टॉप ऑर्डर के फेल होने के बाद जोश बटलर और सैम करन मिडिल ऑर्डर में पारी संभालने में नाकाम रहे। बटलर ने 4 और करन ने 6 रन बनाए। न्यूजीलैंड की ओर से तेज गेंदबाज जकारी फाउलकस ने 4 विकेट झटके। उन्होंने डकेट, रूट, बेथेल और करन को पवेलियन भेजा। उनके अलावा, जैकब डफी ने 3 विकेट झटके। मैट हेनरी को 2 विकेट मिले।

#### इंग्लैंड की खराब शुरुआत, टॉप-3 बैटर्स ने 4 रन बनाए

टॉस हारकर बैटिंग कर रही इंग्लैंड की शुरुआत खराब रही। टीम के टॉप-3 बैटर्स ने महज 2 रन बनाए। टीम को पहला झटका शून्य के स्कोर पर लगा, जब मैट हेनरी ने पहली ही बॉल पर जैमी स्मिथ को बोल्ड कर दिया। वे खाता भी नहीं खोल सके। पारी का दूसरा ओवर डाल रहे जकारी फाउलकस ने बेन डकेट और जो रूट को पवेलियन भेज दिया। दोनों ने 2-2 रन बनाए। यहां से कप्तान हैरी ब्रूक ने मोर्चा संभाला और स्कोर को 223 रनों तक पहुंचाया। उन्होंने उन्होंने जिमी ओवर्टन के साथ 7वें विकेट के लिए 87 बॉल पर 87 रन की साझेदारी की। हैरी ब्रूक ने 101 बॉल पर 135 रन बनाए। ब्रूक की पारी में 9 चौके और 11 छक्के लगाए।

# एशिया जूनियर बैडमिंटन में भारत का ऐतिहासिक प्रदर्श

### शायना और दीक्षा ने जीता गोल्ड



**चेंगदू (चीन) (एजेंसी)।** भारत ने बैडमिंटन एशिया अंडर-17 और अंडर-15 चैंपियनशिप 2025 में अब तक का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। रविवार को भारतीय खिलाड़ियों ने दो स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया। अंडर-15 गर्ल्स सिंगल्स फाइनल में शायना मणिमुथु ने जापान की चिहारू तोमिता को 21-14, 22-20 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। वहीं अंडर-17 गर्ल्स सिंगल्स फाइनल में दीक्षा सुधाकर ने अपनी हमवतन लक्ष्या राजेश को 21-16, 21-9 से मात दी। दीक्षा इस उपलब्धि के साथ जूनियर एशियन चैंपियनशिप के इतिहास में अंडर-17 खिताब जीतने वाली पहली भारतीय सिंगल्स खिलाड़ी बन गईं। इससे पहले 2013 में भारत ने दो गोल्ड जीते थे — जब सिरिल वर्मा ने अंडर-15 बॉयज़ सिंगल्स और चिराग शेट्टी-एमआर अर्जुन की जोड़ी ने अंडर-17 बॉयज़ डबल्स में जीत दर्ज की थी। शायना ने जहां मैच की शुरुआत से ही अपना दबदबा बनाए रखा, वहीं दीक्षा ने 27 मिनट में ऑल-इंडियन फाइनल अपने नाम किया। इससे पहले शनिवार को जगशेर सिंह खंगुरा ने बॉयज़ सिंगल्स में और जंगजीत सिंह काजला-जनानिका रमेश की जोड़ी ने मिक्स्ड डबल्स में कांस्य पदक हासिल किए।

#### भारत के पदक विजेता:

- दीक्षा सुधाकर - 17 गर्ल्स सिंगल्स गोल्ड
- शायना मणिमुथु - 15 गर्ल्स सिंगल्स गोल्ड
- लक्ष्या राजेश - 17 गर्ल्स सिंगल्स सिल्वर
- जगशेर सिंह खंगुरा - 17 बॉयज़ सिंगल्स ब्रॉन्ज
- जंगजीत सिंह काजला और जनानिका रमेश - 17 मिक्स्ड डबल्स ब्रॉन्ज।

# हर्षित राणा ने आलोचना भूल कर मैदान में दिया करारा जवाब

### कोच श्रवण कुमार बोले- आखिरी मौका था, खुद पर भरोसा रखा और अपना बेस्ट दिया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वनडे टीम में जगह पाने के बाद तेज गेंदबाज हर्षित राणा पर लगातार सवाल उठ रहे थे। पूर्व चयनकर्ता कृष्णमाचारी श्रीकांत और आर. अश्विन ने खुलकर आलोचना करते हुए कहा था कि हर्षित को टीम में इसलिए शामिल किया गया क्योंकि वह गौतम गंभीर की चापलूसी करते हैं। लेकिन शनिवार को हर्षित ने चार विकेट लेकर न सिर्फ टीम की जीत में अहम योगदान दिया, बल्कि अपने प्रदर्शन से आलोचकों को भी जवाब दे दिया। हर्षित राणा के कोच श्रवण कुमार ने दैनिक भास्कर से बातचीत में कहा, अच्छा खिलाड़ी मैदान में अपने प्रदर्शन से ही जवाब देता है। आज हर्षित ने वही किया। उन्होंने आगे कहा, हर्षित को पता था कि यह उसका आखिरी मौका है। अगर उसने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया तो उसे बाहर बैठना पड़ सकता था। हमने उससे बातचीत की थी और उसने कहा था, 'सर, यह आखिरी मौका है।' शायद यह अल्टीमेटम कोच और टीम मैनेजमेंट की ओर से था। मैंने उसे कहा, 'खुद पर भरोसा रखो और अपना बेस्ट दो।' उसने वही किया और चार विकेट लेकर सभी आलोचकों को जवाब दे दिया।



# टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज नितीश रेड्डी फिट घोषित



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** भारत के युवा तेज गेंदबाज ऑलराउंडर नितीश कुमार रेड्डी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू होने वाली टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज के लिए फिट घोषित कर दिए गए हैं। यह पांच मैचों की सीरीज 29 अक्टूबर से कैनबरा में शुरू होगी।

नितीश को दूसरे वनडे में लेफ्ट क्वाड्रिसेप्स इंजरी हुई थी, जिसके चलते उन्होंने तीसरा वनडे मिस किया था। उनकी चोट के बाद यह अटकलें लगाई जा रही थीं कि वे टी20 सीरीज से बाहर हो सकते हैं, लेकिन अब क्रिकबज़ की रिपोर्ट के अनुसार वे पूरी तरह फिट हैं और सीरीज के लिए टीम में शामिल रहेंगे। बीसीसीआई ने तीसरे वनडे के दौरान बयान जारी कर बताया था कि नितीश को दूसरे मैच में चोट लगी थी और उनकी स्थिति पर मेडिकल टीम नज़र रखे हुए है। अब उन्हें फिट घोषित कर दिया गया है, जिससे भारत की टीम को राहत मिली है।

**नितीश कुमार रेड्डी का अंतरराष्ट्रीय रिकॉर्ड** -22 वर्षीय नितीश ने अब तक दो वनडे खेले हैं, जिनमें उन्होंने 27 रन बनाए और चार टी20 मैचों में 90 रन और तीन विकेट लिए हैं। उनकी अगली चुनौती ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम के खिलाफ होगी।

#### भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया टी20 सीरीज कार्यक्रम

**पहला टी20** - 29 अक्टूबर, मैनुका ओवल (कैनबरा)
**दूसरा टी20** - 31 अक्टूबर, मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड
**तीसरा टी20** - 2 नवंबर, बेलरिव ओवल (होबार्ट)
**चौथा टी20** - 6 नवंबर, गोल्ड कोस्ट
**पांचवां टी20** - 8 नवंबर, गाबा (ब्रिस्बेन)

#### भारत की टी20 टीम

सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल (उप-कप्तान), नितीश कुमार रेड्डी, रिंकू सिंह, अक्षर पटेल, शिवम दुबे, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, वाशिंगटन सुंदर, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), वरुण चक्रवर्ती।

# पहला सिख बना पावर स्लैप कंपीटिशन का किंग

### पंजाब के जुझार सिंह ने रशियन प्लेयर को 1 थप्पड़ से हिलाया, मूसेवाला की तरह थापी मारी

**जालंधर (एजेंसी)।** पंजाब के रोपड़ जिले के चमकौर साहिब के जुझार सिंह आबूधाबी में हुए पावर स्पैल कंपीटिशन के पहले सिख चैंपियन बन गए हैं। 24 अक्तूबर को हुए इस कंपीटिशन में जुझार ने थप्पड़ मारकर अपने कंपीटीटर्स एंटली ग्लुशका को हराया। आबूधाबी में हुए इस कंपीटिशन का एक वीडियो जुझार सिंह ने अपने फेसबुक पेज पर शेयर किया है। इसमें जुझार सिंह नाचते हुए नजर आते हैं। जीत के बाद वह कहते हैं, आई एम विनर। इसके बाद जुझार सिंह ने पोस्ट में कहा-आज मेरा सपना पूरा हुआ। अब मैं पहला पावर स्लैप इंडियन चैंपियन बन गया हूं।

**जुझार ने रशियन काम्पिटीटर को एक थप्पड़ में हिलाया** - 24 अक्तूबर को दुबई में हुए कंपीटिशन में अपने रशियन काम्पिटीटर को तीसरे राउंड में एक थप्पड़ में हिला दिया। इससे पहले जुझार और ग्लुशका के बीच टॉस हुआ। टॉस ग्लुशका ने जीता और पहला थप्पड़ जुझार को जड़ा। इसमें जुझार एक स्टैप पीछे हटा। इसके बाद जुझार ने ग्लुशका को थप्पड़ जड़ा, लेकिन ग्लुशका हिला नहीं। पहले राउंड में जुझार को 9 तो ग्लुशका तो 10 पॉइंट मिले। दूसरे राउंड में ग्लुशका के थप्पड़ पर जुझार की आंख में चोट लग गई और ग्लुशका का थप्पड़ फाउल गिना गया। तीसरे राउंड में ग्लुशका ने जुझार को थप्पड़ जड़ा लेकिन जुझार हिला नहीं। इस पर उसे 10 पॉइंट मिले। तीसरे राउंड के अंतिम थप्पड़ में जुझार के थप्पड़ ने ग्लुशका को बुरी तरह हिला दिया। इससे जुझार को कुल 29 और ग्लुशका को 27 पॉइंट मिले।



**आंख में चोट पर मूछों को ताव दिया, बोला- छोड़ूंगा नहीं** - दूसरे राउंड में ग्लुशका के थप्पड़ पर जुझार की आंख में चोट आ गई। इस पर जुझार के कोच ने रूमाल से उसकी आंख पर मरहम लगाई। कोच ने कहा कि कोई बात नहीं, तुम पंजाबी हो। इस पर जुझार ने मूंछों पर ताव देते हुए पंजाब में कहा- दसदा मैं तैनूं (मैं तुम्हें छोड़ूंगा नहीं, अभी बताता हूं)।

#### मूसेवाला स्टाइल में पट्ट पर थापी मारी

जैसे ही जुझार की जीत अनाउंस हुई और रेफरी ने हाथ उठाया तो जुझार स्टेज पर ही भंगड़ा के स्टैप करने लगे। जुझार ने एक बार फिर मूंछों को ऊपर उठाते हुए कहा-पंजाबी आ गए ओए। इसके बाद सिद्धू मूसेवाला स्टाइल में पट्ट पर थापी मारी। चमकौर साहिब में जन्म : जुझार सिंह का जन्म चमकौर साहिब (रोपड़) में हुआ। वो पावर स्पैल और मिक्स मार्शल आर्ट गेम खेलते हैं। जुझार फर्स्ट पावर स्लैप इंडियन चैंपियन बन गए हैं। उन्होंने बीएएसजे एस मेमोरियल कॉलेज बेला से ग्रेजुएशन की है। गरीब परिवार में पले, पिता कबड्डी प्लेयर रहे : एक इंटरव्यू में जुझार सिंह ने बताया कि उनकी फैमिली की आर्थिक हालत ठीक नहीं रही। बावजूद इसके उनके माता-पिता ने उसे किसी चीज की कमी महसूस नहीं होने दी। उनके पिता भी कबड्डी की गेम से जुड़े रहे। उनका सपना था कि मैं भी गेम से जुड़ूं, इसलिए पहले मिक्स मार्शल आर्ट करना शुरू किया। मिक्स मार्शल आर्ट में भी वर्ल्ड चैंपियन रहे : जुझार सिंह ने बताया कि 2017 में उसने मिक्स मार्शल आर्ट में हिस्सा लिया। पिता ने कहा कि अभी तैयारी कम है, लेकिन मां ने हौसला दिया कि गेम करो। इस गेम में भी वह 2017 में वर्ल्ड चैंपियन रहा है।

# गुकेश और दिव्या को यूरोपियन क्लब कप में डबल गोल्ड

- **निहाल, अभिमन्यु और पौराणिक भी चमके; सुपरचेस टीम ने टाइटल जीता**



**रोडेस (एजेंसी)।** वर्ल्ड चेस चैंपियन डी गुकेश और दिव्या देशमुख ने यूरोपियन क्लब कप चेस टूर्नामेंट में डबल गोल्ड मेडल जीते हैं। इनके अलावा, ग्रैंडमास्टर निहाल सरीन, अभिमन्यु और पौराणिक ने भी प्रभावित किया। ग्रीस के रोडेस में खेले गए इस टूर्नामेंट में गुकेश ने सुपरचेस और दिव्या देशमुख ने सेरकल डी 'एचेक्स डी मोंटे-कार्लो की ओर से खेलते हुए इंडिविजुअल गोल्ड जीते। इस साल के टीम इवेंट का टाइटल सुपरचेस ने जीता, जबकि अल्कलॉइड दूसरे और डिफेंडिंग चैंपियन नोवी बोर तीसरे स्थान पर रहे। यूरोपीय शतरंज क्लब कप यूरोप की क्लब टीमों का एनुअल टूर्नामेंट है। इसमें दुनिया के बेस्ट चेस खिलाड़ी हिस्सा लेते हैं।

**सुपरचेस ने 14 में से 14 अंक हासिल किए** - ओपन कैटेगरी के टीम इवेंट में सुपरचेस ने 7 राउंड में से 14 अंक हासिल किए। यानी टीम ने कोई भी मुकाबला नहीं गंवाया। वहीं, अल्कलॉइड की टीम 7 में से 6 मैच जीतकर 12 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रही। पिछले साल का टाइटल जीतने वाली नोवी बोर 12 अंक के साथ तीसरे नंबर पर रही।

# रोहित और विराट 24 दिसंबर से विजय हजारे ट्राफी में खेल सकते हैं

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारत के बल्लेबाजी के दिग्गज रोहित शर्मा और विराट कोहली ने ऑस्ट्रेलिया दौरे का अंत जोरदार तरीके से किया, जब उन्होंने सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में तीसरे एक दिवसीय मैच में भारत को नौ विकेट से जीत दिलाई। इस मुकाबले में दोनों ने 168 रनों की नाबाद साझेदारी बनाई, जिसमें रोहित ने 121* और विराट ने 74* रन बनाए। इस प्रदर्शन ने यह दिखाया कि दोनों खिलाड़ियों के पास अभी भी दबाव में शानदार खेल दिखाने की क्षमता है। हालांकि, अब दोनों खिलाड़ी केवल 50-ओवर फॉर्मेट में सक्रिय हैं, और उनके अंतरराष्ट्रीय भविष्य पर सवाल उठते रहते हैं। 2027 विश्व कप की दृष्टि से उनकी फॉर्म और फिटनेस पर नजर रखी जा रही है। नए वनडे कप्तान शुभमन गिल ने बताया कि दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड सीरीज के बीच लंबे अंतराल में रोहित और विराट के साथ अभी कोई चर्चा नहीं हुई है। गिल ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका सीरीज के बाद निर्णय लिया जाएगा कि खिलाड़ियों को कैसे खेल में बनाए रखा जाए।



**आगामी अंतरराष्ट्रीय मैच**

**दक्षिण अफ्रीका सीरीज**- 30 नवंबर, 3 दिसंबर और 6 दिसंबर 2025

**न्यूजीलैंड सीरीज** - 11 जनवरी 2026 से

इसके अलावा, विजय हजारे ट्रॉफी की शुरुआत 24 दिसंबर 2025 से हो रही है। रोहित और विराट अपने-अपने टीमों के लिए इस घरेलू टूर्नामेंट में खेल सकते हैं। यह उनके लिए मैच फिटनेस बनाए रखने और दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड सीरीज की तैयारी का जरिया होगा।

सिडनी में शानदार प्रदर्शन और भविष्य के शेड्यूल को देखते हुए, यह स्पष्ट है कि रोहित और विराट का 2027 विश्व कप का सपना अभी भी जीवित है। फैन्स अब इस पर नजर रखेंगे कि दोनों खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट में कैसे संतुलन बनाए रखते हैं।

# रोहित और कोहली होंगे 2027 वर्ल्ड कप में टीम इंडिया के बड़े हथियार: भारतीय पूर्व चयनकर्ता

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय मुख्य चयनकर्ता एमएसके प्रसाद ने दिग्गज बल्लेबाज़ रोहित शर्मा और विराट कोहली की टीम इंडिया के लिए 2027 वनडे वर्ल्ड कप में अहम भूमिका निभाने की पुष्टि की है। प्रसाद ने कहा कि यह अनुभवी जोड़ी टीम के लिए बड़े संपत्ति साबित होगी।



तीसरे वनडे में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ, रोहित और विराट ने शानदार बल्लेबाज़ी का प्रदर्शन किया और भारत को 9 विकेट से जीत दिलाकर सीरीज में वाइटवॉश से बचाया। रोहित ने 121* रन बनाकर अपनी शानदार फॉर्म जारी रखी और एक दिवसीय मैच में अपना 33वां शतक जड़ा। विराट कोहली ने पिछली दो पारियों में लगातार डक के बाद वापसी करते हुए 74 रन* बनाए और कुमार संगकारा को पीछे छोड़ते हुए पुरुषों के वनडे में दूसरे सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। प्रसाद ने कहा, मैं बेहद खुश हूं। पिछले दो मैचों में उनके प्रदर्शन का इंतजार था। यह वर्ल्ड कप की तैयारी में बहुत अहम है। विराट और रोहित जैसे खिलाड़ी टीम के लिए बड़े संसाधन हैं।

उन्होंने कहा कि दोनों बल्लेबाज़ों के पिछले रिकॉर्ड और फिटनेस को देखते हुए उन्हें केवल वर्तमान फॉर्म से आंका नहीं जा सकता। प्रसाद ने यह भी सराहा कि रोहित, विराट और रवींद्र जडेजा ने सही समय पर अगली पीढ़ी को जिम्मेदारी संभालने का मौका दिया। टीम में इतनी प्रतिभा है कि श्रेस्अयर इयेर जैसी खिलाड़ी भी टी20 टीम में जगह नहीं पा रहे हैं। यह दर्शाता है कि टीम के पास बहुत गहराई है और युवा खिलाड़ी अब मजबूती से अपनी पहचान बना रहे हैं। प्रसाद ने टी20 फॉर्मेट में टीम की मजबूती और प्रतिभा के पूल की भी तारीफ की, यह बताते हुए कि भारत के पास आने वाले समय के लिए मजबूत टीम है।

# पुरुष हॉकी इंडिया लीग अगले साल तीन जनवरी से होगा शुरू, तीन चरणों में आयोजित होगा टूर्नामेंट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पुरुष हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) का दूसरा सत्र तीन जनवरी को चेन्नई में तमिलनाडु ड्रैगन्स और हैदराबाद तूफान्स के बीच मुकाबले के साथ शुरू होगा। आयोजकों ने शनिवार को यह घोषणा की। यह टूर्नामेंट तीन अलग-अलग शहरों में तीन चरणों में आयोजित किया जाएगा, जिसका समापन 26 जनवरी को भुवनेश्वर में होगा। महिला एचआईएल इस वर्ष 28 दिसंबर को रांची में शुरू होगी और इसका फाइनल अगले वर्ष 10 जनवरी को होगा। हॉकी इंडिया ने कहा कि पुरुष हॉकी लीग में आठ टीमें भाग लेंगी।



# आईपीएल 2026 से पहले केकेआर ने किया बड़ा बदलाव

### पूर्व भारतीय क्रिकेटर अभिषेक नायर को बनाया मुख्य कोच

**कोलकाता(एजेंसी)।** आईपीएल 2026 से पहले कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने अभिषेक नायर को मुख्य कोच के रूप में नियुक्त किया है। नायर, जो पहले टीम में सहायक कोच और अकादमी हेड के रूप में काम कर चुके हैं, अब पूरी टीम की कोचिंग जिम्मेदारी संभालेंगे। यह बदलाव केकेआर के कोचिंग ढांचे में नए युग की शुरुआत माने जा रहा है।

**केकेआर के लिए भरोसेमंद और अनुभवी चेहरे** - नायर का केकेआर के साथ पुराना नाता रहा है। उन्होंने युवा खिलाड़ियों को प्रशिक्षित करने और टीम की रणनीति में सुधार लाने में अहम योगदान दिया है। दिनेश कार्तिक, श्रेयस अय्यर और अन्य युवा भारतीय प्रतिभाओं के करियर में उनकी मार्गदर्शन की छाप साफ दिखाई देती है।



**डोमेस्टिक स्टार से आईपीएल में मेंटर तक** -पूर्व मुंबई ऑलराउंडर अभिषेक नायर ने भारतीय घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन किया और 2009 में तीन एक दिवसीय मैच खेले। रिटायरमेंट के बाद नायर ने कोचिंग में कदम रखा और कई अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को संभाला। उनके विश्लेषणात्मक दृष्टिकोण और शांत नेतृत्व शैली ने उन्हें आईपीएल में उच्च सम्मान दिलाया है।

**केकेआर के लिए नई उम्मीदें और चुनौती** - अब मुख्य कोच बनने के बाद नायर के सामने चुनौती है कि केकेआर को आईपीएल 2026 में फिर से खिताब के दावेदार बनाएं।

संक्षिप्त समाचार

## दिल्ली के स्कूलों में 6 साल के बच्चों को ही मिलेगा पहली क्लास में दाखिला



**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली के स्कूलों में शैक्षणिक सत्र 2026-2027 से बालवाटिका और पहली कक्षा में दाखिले के लिए उम्र सीमा में बदलाव किया गया है। अब पहली कक्षा में दाखिले की उम्र छह से सात वर्ष निर्धारित की गई है।अधिकारियों के अनुसार, शिक्षा निदेशालय ने न्यूनतम और अधिकतम आयु को एक समान करने की घोषणा की है। इसके तहत बालवाटिका एक में बच्चों की उम्र तीन से चार वर्ष, बालवाटिका दो के लिए चार से पांच वर्ष, बालवाटिका तीन के लिए पांच से छह वर्ष और पहली कक्षा में छह से सात वर्ष निर्धारित की गई है। इस बदलाव का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के अनुरूप स्कूली शिक्षा के आधारभूत चरण को पुनर्गठित करना है। इस संबंध में शिक्षा निदेशालय ने स्कूलों को निर्देश जारी कर दिए हैं।स्कूल प्रमुख उम्र में छूट दे सकेंगे : स्कूल प्रमुख बच्चों को दाखिले के लिए आयु एक महीने की छूट दे सकते हैं। साथ ही, नियमित छात्र जिन्होंने पिछली कक्षा मान्यता प्राप्त स्कूल से उत्तीर्ण की है, उन्हें अगली कक्षा में प्रवेश के लिए आयु संबंधी मानदंडों से छूट दी जाएगी। शिक्षा निदेशालय के अधिकारियों ने बताया कि राजधानी दिल्ली के सभी स्कूल प्रमुखों, सरकारी सहायता प्राप्त एवं निजी स्कूलों को फाउंडेशनल स्टेज के पुनर्गठन और पहली कक्षा में प्रवेश की एक समान आयु के बारे में पहले ही सूचित किया जा चुका है। इस कदम से स्कूलों में प्रवेश प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ेगी और सभी छात्रों के लिए समान अवसर सुनिश्चित होंगे। छात्रों के हित में दिल्ली सरकार की ओर से यह सराहनीय कदम है।

## बिहार चुनाव से राहुल गांधी ने बनाई दूरी? कांग्रेस के कई नेता हैरान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बिहार में विधानसभा चुनाव के करीब आते ही कांग्रेस खेमे में यह चर्चा तेज हो गई है कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी अब तक चुनावी मैदान में क्यों नहीं उतरे हैं। राहुल गांधी ने आखिरी बार एक सितंबर को पटना में अपने 'वोटर अधिकार यात्रा' के समापन के दौरान राज्य का दौरा किया था। यह यात्रा 15 दिनों में 1,300 किलोमीटर और 20 जिलों को कवर करती हुई पूरी हुई थी। इसके बाद से वह बिहार नहीं पहुंचे हैं। हालांकि, इस बीच तेजस्वी यादव जरूर दिल्ली पहुंचे थे। कहा जा रहा है कि वहां उन्होंने सीएम फेस को लेकर अपने नाम की घोषणा की मांग कर दी थी। कांग्रेस के कई प्रत्याशियों ने पार्टी हाईकमान और राहुल गांधी के कार्यालय से अपने-अपने क्षेत्रों में प्रचार के लिए उनके आने की गुजारिश की है। सूत्रों के मुताबिक, राहुल गांधी की अनुपस्थिति से स्थानीय स्तर पर कार्यकर्ताओं में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। हालांकि, पार्टी सूत्रों का कहना है कि महागठबंधन के भीतर अधिकतर मुद्दे सुलझ जाने के बाद राहुल गांधी अगले सप्ताह से बिहार में चुनावी प्रचार अभियान की शुरुआत कर सकते हैं।तेजस्वी यादव और उनकी पार्टी आरजेडी के द्वारा उन्हें मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित करने की मांग पर पहले कांग्रेस ने सहमति नहीं जताई है। कांग्रेस को इस बात का डर था कि एक नए मामले में चार्जशीटेड होने के बाद तेजस्वी यादव के नाम की घोषणा पार्टी और गठबंधन दोनों के लिए अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारने समान थी। कांग्रेस आलाकमान ने इस मुद्दे को सुलझाने के लिए राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को बिहार भेजा। बिहार की राजधानी पटना में उन्होंने लालू प्रसाद यादव से मुलाकात की और इसके बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस कर तेजस्वी यादव के नाम का ऐलान हुआ।नेता व विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) अध्यक्ष मुकेश सहनी को उपमुख्यमंत्री बनाने का वादा किया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत ने हालांकि घोषणा करते समय कहा था कि अन्य सामाजिक व धार्मिक समूहों से भी अधिक उपमुख्यमंत्री बनाए जाएंगे लेकिन राजग नेताओं का आरोप है।

# पाकिस्तान में जल रही पराली से घुटा दिल्ली का दम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान के पंजाब में पराली जलने की घटनाओं में बेतहाशा बढ़ोतरी हुई है, जबकि भारत के पंजाब राज्य में पराली की आग इस साल कम हुई है। इसकी वजह से फैल रहे प्रदूषण से दिल्ली समेत उत्तर भारत के राज्यों का दम घुट रहा है। पीजीआई चंडीगढ़ के एनवायरमेंटल हेल्थ और डिपार्टमेंट ऑफ कम्युनिटी मेडिसिन एंड पब्लिक हेल्थ के वैज्ञानिकों ने सेटेलाइट तस्वीरों का विश्लेषण करने के बाद ये दावा किया है।



सेटेलाइट तस्वीरों से पता चलता है कि 8 से 24 अक्टूबर के बीच पंजाब के खेतों में आग की 512 घटनाएं हुई हैं। वहीं पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में 8 से 15 अक्टूबर के बीच पराली जलाने के 1161 मामले सामने आए हैं। पाक के सीमावर्ती क्षेत्रों में किसान बड़े पैमाने पर पराली जला रहे हैं।

पराली जलने की घटनाओं पर नजर रखने वाले वैज्ञानिकों का कहना है कि पिछले साल 15 सितंबर से 23 अक्टूबर के बीच पंजाब राज्य में पराली जलाने की 1638 घटनाएं सामने आई थीं। इस साल ऐसी घटनाओं में 69 फीसदी तक की कमी दर्ज की गई है।

स्वास्थ्य मंत्रालय के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ऑन क्लाइमेट चेंज एंड एयर पॉल्यूशन के नोडल अधिकारी डॉ. रविंद्र खंडेलवाल का कहना है कि हवा की खराब गुणवत्ता के लिए पाकिस्तान में जल रही पराली भी बड़ा कारण है।

राजधानी दिल्ली के वायु गुणवत्ता सूचकांक में एक बार फिर वृद्धि दर्ज की जा रही है। शनिवार को राजधानी का वायु गुणवत्ता सूचकांक सुबह की अपेक्षा शाम को और बढ़ गया। आनंद विहार में गंभीर श्रेणी में और 12 स्थानों पर बहुत खराब श्रेणी में एक्यूआई दर्ज किया गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों (सीपीसीबी) के अनुसार दिल्ली का मानक वायु गुणवत्ता सूचकांक शनिवार शाम 4 बजे 292 दर्ज किया गया। जबकि शनिवार की सुबह यह 261 दर्ज किया गया था। दोनों वक्त यह खराब श्रेणी में दर्ज किया गया। यदि इसी तरह एक्यूआई बढ़ता रहा तो जल्द ही यह खराब से बहुत खराब की श्रेणी में पहुंच जाएगा।

एक्यूआई 201 से 300 के बीच 'खराब' श्रेणी में माना जाता है। हवाओं की गति कम होने के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है। शनिवार की सुबह जहां शून्य से 5 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चली। वहीं, शाम को यह 5 से 10 किलोमीटर प्रति घंटा हो गई। सीपीसीबी की 'समीर' ऐप के अनुसार, आनंद विहार में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 425 रहा। यह 'गंभीर' श्रेणी में था। दिल्ली-एनसीआर के हर चार में से तीन घर जहरीली हवा के प्रभाव महसूस कर रहे हैं। नागरिक सहभागिता प्लेटफॉर्म लोकल सर्किल के ऑनलाइन सर्वे में 44,000 लोगों ने हिस्सा लिया। इसमें 42 घरों में किसी न किसी को गले में खराश या खांसी की शिकायत थी। 25 ने आंखों में जलन, सिरदर्द या नींद में परेशानी बताई। 17 ने सांस लेने में दिक्कत की बात बताई। दिल्ली के अस्पतालों में ऐसे रोगियों की संख्या 15 से 20 तक बढ़ गई है। दिवाली से पहले ही ऐसे मरीजों की संख्या बढ़ने लगी थी। नोएडा जिला अस्पताल की मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय राणा ने बताया कि एक हफ्ते से सांस के मरीज बढ़े हैं।

## बाहरी रिंग रोड पर जाम खत्म करने को 3 नए फ्लाईओवर बनाने का प्लान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली के लोगों को आने वाले समय में बाहरी रिंग रोड पर लगने वाले ट्रैफिक जाम से मुक्ति मिल सकती है। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) बाहरी रिंग रोड पर जाम खत्म करने के लिए तीन नए फ्लाईओवर बनाने की योजना तैयार कर रहा है। इसे लेकर जल्द ही अध्ययन किया जाएगा।

इन तीन फ्लाईओवर में पहला कंझावला चौक से मंगोलपुरी बाहरी रिंग रोड तक बनेगा। यह आगे जाकर यूईआर-2 से जुड़ेगा, जिसकी लंबाई लगभग 10 किलोमीटर होगी। इसके बनने से कंझावला चौक यूईआर-2, सेक्टर-22 रोहिणी, वाई ब्लॉक मंगोल पुरी और पत्थर मार्केट चौक पर लगने वाला जाम खत्म हो जाएगा। इस प्रोजेक्ट को लेकर अध्ययन कर छह माह में रिपोर्ट देने के लिए कहा गया है। इस अध्ययन की लागत लगभग 3.4 करोड़ रुपये आएगी।

दूसरा फ्लाईओवर केशोपुर डिपो से डिपो से बाहरी रिंग रोड के हैदरपुर तक बनाने की योजना है। 17.5 किलोमीटर लंबे इस प्रोजेक्ट के अध्ययन पर लगभग 5.6 करोड़ रुपये का खर्च आएगा।

तीसरा फ्लाईओवर सागरपुर से मायापुरी चौक तक बनाने की योजना है। 4.3 किलोमीटर लंबे इसे फ्लाईओवर का निर्माण चुनौतीपूर्ण होगा, क्योंकि यह जगह तिहाड़ जेल परिसर के पास है। इसके साथ ही यहां से हाईपावर की बिजली लाइन जा रही है।वहीं, दिल्ली के सिरसपुर गुरुद्वारा के सामने नेशनल हाईवे संख्या 44 पर फुटओवर ब्रिज लगाए जाने की वजह से शनिवार और रविवार रात को यातायात प्रभावित रहेगा। ट्रैफिक पुलिस के अधिकारी ने बताया कि शनिवार और रविवार को रात 11 बजे से चार बजे के बीच में फुटओवर ब्रिज लगाने का काम किया जाएगा।

# डेमोक्रेटिक उम्मीदवार ममदानी के बयान से गरमाई अमेरिका की राजनीति

**वॉशिंगटन , एजेंसी।** अमेरिका के न्यूयॉर्क में मेयर चुनाव का माहौल गरमा गया है। डेमोक्रेटिक उम्मीदवार जोहरन ममदानी के एक बयान पर अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने तंज कसते हुए कहा कि उनके हिसाब से 9/11 की असली पीड़ित उनकी आंटी थी, जिन्हें बस कुछ बुरी नजरों का सामना करना पड़ा। इस बयान के बाद दोनों नेताओं के बीच जुबानी जंग तेज हो गई है।



ममदानी ने हाल ही में एक कार्यक्रम में कहा कि 9/11 के बाद उनकी आंटी ने हिजाब पहनकर मेट्रो में सफर करना बंद कर दिया, क्योंकि उन्हें डर लगता था। उन्होंने बताया कि जब वे राजनीति में आए तो लोगों ने उन्हें अपनी धार्मिक पहचान छिपाने की सलाह दी।ममदानी ने कहा, न्यूयॉर्क के कई मुसलमानों ने ऐसे अनुभव झेले हैं। लेकिन अब वक्त आ गया है कि हम अपनी पहचान को छिपाएं नहीं, बल्कि गर्व से सामने रखें।

ममदानी के खिलाफ तीन नेता मैदान में हैं, रिपब्लिकन उम्मीदवार कर्टिस स्लिवा, इंडिपेंडेंट उम्मीदवार एंड्रयू कुओमो और मौजूदा मेयर एरिक एडम्स, जिन्होंने इस बार चुनाव नहीं लड़ा। इन नेताओं ने ममदानी पर कट्टरपंथी सोच रखने का आरोप लगाया है। डेमोक्रेट्स का कहना है कि पिछले कुछ हफ्तों में ये हमले इस्लामोफोबिक होते जा रहे हैं।

हाल ही में एंड्रयू कुओमो एक रेडियो शो में शामिल हुए, जहां एंकर ने मजाक में कहा कि ममदानी शायद अगले 9/11 पर खुश होंगे। इस बात पर पहले तो कुओमो को हंसी आई, लेकिन बाद में उनके प्रवक्ता ने कहा कि वे उस से सहमत नहीं थे।

मेयर एडम्स ने एक बयान में कहा था कि न्यूयॉर्क को यूरोप नहीं बनने देना चाहिए, क्योंकि इस्लामी कट्टरपंथ वहां बढ़ रहा है। वहीं, स्लिवा ने ममदानी को ग्लोबल जिहाद का समर्थक बताया। इस पर ममदानी ने जवाब दिया, मैंने सोचा था कि अगर मैं शांत रहूंगा और अपना संदेश देता रहूंगा, तो लोग मुझे सिर्फ मेरे धर्म से नहीं जोड़ेंगे लेकिन मैं गलत था। अब मैं अपनी पहचान छिपाऊंगा नहीं।

## जोरदार ठुमका देख हैरान रह गए मलेशिया के पीएम

### प्लेन से उतरते ही ट्रंप करने लगे डांस



**वॉशिंगटन , एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप आसियान शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए मलेशिया के कुआलालंपुर पहुंच गए हैं। एयरपोर्ट पर पहुंचते ही उनका जोरदार स्वागत हुआ। विमान से उतरते ही ट्रंप ने जमकर ठुमका लगाया। ट्रंप के ठुमके को देख हर कोई हैरान रह गया।

ट्रप के मलेशिया दूर वाला यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जिस पर यूजर तरह तरह की प्रतिक्रियां दे रहे हैं। वायरल वीडियो में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप एयर फोर्स वन के पास हवाई अड्डे के टरमैक पर ढोल की थाप पर नाचते हुए दिखाई दे रहे हैं और उनके ऊर्जावान कदम को देखकर वहां आस-पास मौजूद लोगों के चेहरे पर मुस्कान देखने को मिल रहा है। एयरपोर्ट पर उतरते वक्त जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप डांस कर रहे होते हैं, तो उस वक्त वहां मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम भी मौजूद थे। इब्राहिम ट्रंप के डांस को देखते हुए मुस्कुरा रहे थे। लोगों ने ट्रंप के इस अंदाज को मजेदार और अनौपचारिक बताया है. वायरल हो रहे वीडियो में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप को मलेशिया के प्रमुख जातीय समूहों, जिनमें बोर्नियो के मूल निवासी, मलय, चीनी और भारतीय शामिल हैं, का प्रतिनिधित्व करने वाले रंग-बिरंगे परिधानों वाले नर्तकों के साथ डांस करते देखा जा सकता है।आसियान शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप मलेशिया पहुंच गए हैं। ट्रंप तीन देशों के दौरे पर हैं। वे मलेशिया के बाद जापान और दक्षिण कोरिया भी जाएंगे। यहां वे 2019 के बाद पहली बार उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन से मिल सकते हैं।

## पाकिस्तान में बड़ा आतंकी हमला नाकाम, सुरक्षा बलों ने खैबर पख्तूनख्वा में तीन आतंकियों को किया ढेर

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के उत्तर वजीरिस्तान जिले में एक बड़ी आतंकी साजिश को नाकाम कर दिया। सेना के मीडिया विंग इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस ने बताया कि इस दौरान सुरक्षा बलों ने तीन आतंकियों को ढेर कर दिया और आत्मघाती हमले की तैयारी में लगे वाहन को भी नष्ट कर दिया। आईएसपीआर द्वारा जारी बयान के मुताबिक, यह इंटेलिजेंस बेस्ड ऑपरेशन जिले के झल्लर इलाके में चलाया गया था। सेना को खुफिया जानकारी मिली थी कि 'फितना अल-खवारिज' संगठन के आतंकी (जो प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान - टीटीपी से जुड़े हैं) एक बड़े आत्मघाती हमले की साजिश रच रहे हैं।बयान में कहा गया कि सुरक्षा बलों ने समय रहते कार्रवाई करते हुए उन आतंकियों को निशाना बनाया और विस्फोटक से भरे वाहन को उड़ाकर एक संभावित विनाशकारी हमले को टाल दिया। आईएसपीआर ने यह भी बताया कि क्षेत्र में अब भी क्लीन-अप और सर्च ऑपरेशन जारी है।

## अमेरिका में फिर गोलीबारी ! नॉर्थ कैरोलिना में एक पार्टी के दौरान चली गोलियां, 2 की मौत और कई अन्य घायल

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** शनिवार तड़के अमेरिका के नॉर्थ कैरोलिना में एक हैलोवीन पार्टी में गोलीबारी की घटना हुई, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हुए हैं। मृतकों में एक 16 साल का किशोर शामिल है। रोबेसन काउंटी शेरिफ बर्निस विल्किंस के कार्यालय की तरफ से बताया गया कि घटना दक्षिण पूर्वी नॉर्थ कैरोलिना के मैक्सटन शहर में हुई, जब शहर के बाहर एक ग्रामीण इलाके में एक घर में हुई पार्टी में हुई गोलीबारी में 13 लोगों को गोली लगी। विल्किंस ने बताया कि गोलीबारी दो ग्रुप के बीच हुई जो पार्टी में शामिल थे। इस पार्टी में 300 से ज्यादा लोग आए थे, जिनकी उम्र 16 साल से लेकर लगभग 50 साल तक थी। पुलिस ने बताया कि ऐसा लगता है कि पार्टी में दो गुटों में झगड़ा हुआ और बात इतनी बढ़ गई कि दोनों तरफ से गोलीबारी हुई और इस गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हुए।

# भारत पूरी तरह रूसी तेल की खरीद रोकेगा, डोनाल्ड ट्रंप ने फिर दोहराया दावा

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर दावा किया है कि भारत रूस से तेल की खरीद पूरी तरह बंद करने जा रहा है, जबकि भारत ने दोहराया है कि उसकी ऊर्जा नीति राष्ट्रीय हितों पर आधारित है, न कि किसी बाहरी दबाव पर। शनिवार को एयर फोर्स वन में पत्रकारों से बातचीत के दौरान ट्रंप ने कहा आपने देखा होगा, चीन ने रूसी तेल की खरीद में काफी कमी की है और भारत पूरी तरह से इसे रोक रहा है। हमने रूस पर नए प्रतिबंध लगाए हैं।

यह बयान उस समय आया है जब ट्रंप दक्षिण कोरिया में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मिलने वाले हैं। दोनों देशों के बीच व्यापार, तकनीक और संसाधनों की पहुंच को लेकर



तनाव लगातार बढ़ रहा है।

ट्रंप ने कहा कि वे रूस से चीन के तेल सौदों को लेकर भी चर्चा कर सकते हैं और उम्मीद जताई कि यह वार्ता पूरी तरह सौदा तय कर सकती है। इससे पहले भी ट्रंप कई बार इसी तरह का दावा कर चुके हैं। उन्होंने कहा था कि भारत ने उन्हें आश्वासन दिया है कि वह वर्ष के अंत तक रूसी तेल की खरीद बंद कर देगा। ट्रंप ने कहा था कि भारत ने मुझे बताया है कि वे धीरे-धीरे इस प्रक्रिया को समाप्त कर रहे हैं। आप रातोंरात तेल खरीद बंद नहीं कर सकते। लेकिन साल के अंत तक यह लगभग शून्य के बराबर रह जाएगी। हालांकि, भारत ने इस पर कड़ा रुख अपनाया है। विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि भारत की ऊर्जा नीति पूरी तरह स्वतंत्र है और इसका उद्देश्य सस्ती कीमतों पर स्थिर आपूर्ति सुनिश्चित करना है। मंत्रालय की ओर से कहा गया कि भारत के ऊर्जा निर्णय उसके राष्ट्रीय हितों से प्रेरित हैं, न कि किसी बाहरी राजनीतिक दबाव से। भारत रूस से कच्चे तेल की खरीद इसलिए कर रहा है ताकि घरेलू कीमतों को नियंत्रण में रखा जा सके।

# हंसराज रघुवंशी को जान से मारने की धमकी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मेरा भोला है भंडारी भजन से मशहूर हुए सिंगर हंसराज रघुवंशी को जान से मारने की धमकी दी गई है। लॉरेंस और गोल्डी बरार गैंग से जुड़े होने का दावा करते हुए हंसराज रघुवंशी से 15 लाख रुपये की मांग की है। सिंगर की तरफ से मोहाली में इस मामले को लेकर मध्य प्रदेश के एक शख्स के खिलाफ स्नढ्ढक्र दर्ज करवाई गई है। आरोपी हंसराज रघुवंशी की शादी में शरीक हुआ था और पहले उसने उनके परिवार का भरोसा जीता। आरोपी ने गायक और उनके परिवार से 15 लाख रुपये की मांग की और पैसे न देने पर उन्हें और उनके परिवार को जान से मारने की धमकियां देनी शुरू कर दीं।

पुलिस ने मध्य प्रदेश के उज्जैन निवासी राहुल कुमार नागड़े के खिलाफ इस मामले में धारा 296, 351(2), 308(5) और आईटी एक्ट 67 के तहत एफआईआर दर्ज की है। शिकायत में बताया गया है कि आरोपी की रघुवंशी से पहली मुलाकात उज्जैन के महाकाल मंदिर में हुई थी, जहां उन्होंने एक प्रोग्राम किया था। उसने पहले रघुवंशी परिवार का भरोसा जीता और फिर वह सिंगर का छोटा भाई बनकर लोगों को ठगने लगा। वह लगातार हंसराज के कार्यक्रमों में जाने लगा और खुद को उनका बड़ा भक्त बताते हुए उनसे नजदीकियां बढ़ाता गया।



धीरे-धीरे उसने रघुवंशी के परिवार और टीम के मोबाइल नंबर हासिल कर लिए। उसने 'राहुल रघुवंशी' नाम से इंस्टाग्राम अकाउंट बनाया और लोगों में ऐसी इमेज बनाई कि वह गायक का सगा छोटा भाई है। उसने हंसराज से कहकर अपना अकाउंट फॉलो करवा लिया, ताकि लोगों को यकीन हो कि वह वाकई सगा भाई है। साल 2023 में हंसराज की शादी में भी वह शामिल हुआ और परिवार की और तस्वीरें और कॉन्टैक्ट डिटेल्स अपने पास रख लिए। आरोपी राहुल ने लोगों को ठगना और उनसे महंगे गिफ्ट लेना शुरू कर दिया। वो ऑर्गनाइजर्स का भी फायदा उठाने लगा। वह ओडिशा की एक महिला को भी अपने साथ ले आया और उसे यकीन दिलाया कि वो हंसराज रघुवंशी का सगा भाई है। हंसराज और उनकी पत्नी कोमल सकलानी को जब इन घटनाओं की जानकारी मिली, तो उन्होंने आरोपी को सोशल मीडिया पर अनफॉलो कर दिया। इसके बाद से ही आरोपी का व्यवहार और आक्रामक हो गया। राहुल ने फोन और व्हाट्सऐप कॉल करके हंसराज, उनकी पत्नी और परिवार को जान से मारने की धमकियां देनी शुरू कर दीं। उसने दावा किया कि वह लॉरेंस बिश्नोई और गोल्डी बरार गैंग से जुड़ा है और यदि पैसे नहीं दिए गए तो वह गायक और उनके परिवार को जान से मार देगा। शिकायत के मुताबिक आरोपी ने सोशल मीडिया पर गायक की छवि खराब करने वाली पोस्टें भी डालीं।

## दिल्ली दंगे 2020 : कोर्ट ने कपिल मिश्रा और पुलिस की याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित रखा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राउज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली के कानून और न्याय मंत्री और बीजेपी नेता कपिल मिश्रा और दिल्ली पुलिस द्वारा दायर याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। इन याचिकाओं में 2020 के उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगों के पीछे की कथित बड़ी साजिश की आगे की जांच के लिए ट्रायल कोर्ट के निर्देश को चुनौती दी गई थी। कोर्ट अगले महीने 10 नवंबर को अपना फैसला सुना सकता है। एक मजिस्ट्रेट कोर्ट ने मोहम्मद इलियास की शिकायत के आधार पर आगे की जांच का निर्देश जारी किया था, जिसमें खासतौर पर कपिल मिश्रा के दंगों में शामिल होने की बात कही गई थी ।इसके जवाब में दिल्ली पुलिस की तरफ से पेश हुए स्पेशल पब्लिक प्रॉसिक्यूटर अमित प्रसाद कहा कि कपिल मिश्रा की पहले ही जांच हो चुकी है और उन्हें दोषी ठहराने का कोई भी सबूत नहीं मिला है ।अमित प्रसाद ने आगे आरोप लगाया कि कपिल मिश्रा को फंसाने की एक सोची-समझी कोशिश की गई थी, जिसमें वॉट्सऐप ग्रुप चैट जैसे सोशल मीडिया कैंपेन का हवाला देते हुए इसे एक नैरेटिव बनाने की कोशिश का हिस्सा बताया। कोर्ट ने पिछली सुनवाई के दौरान पुलिस को सभी आरोपियों को डिजिटल फॉर्मेट में चार्जशीट देने का निर्देश दिया था। कोर्ट ने आगे की जांच के लिए ट्रायल कोर्ट के आदेश पर अंतरिम रोक भी जारी रखी।

New page 7_page 12 29.05.2025.qxd 26-10-2025 21:19 Page 1



# तिरंगा पार्क छठ घाट का डीसी ने किया निरीक्षण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** आगामी छठ महापर्व के अवसर पर डीसी अजय नाथ झा ने रविवार को तिरंगा पार्क छठ घाट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने घाट की साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध तथा जन सुविधाओं की विस्तृत समीक्षा की। डीसी ने संबंधित पार्क संचालक/पूजा समितियों को निर्देश दिया कि छठ व्रतियों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए तथा घाट पर स्वच्छता एवं सुरक्षा की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। हालांकि, उन्होंने अब तक की गई तैयारियों पर संतोष जताया।

डीसी ने कहा कि छठ महापर्व आस्था और अनुशासन का प्रतीक है। सभी लोग नेम - नेष्ठा और श्रद्धा के साथ इस पर्व को मनाएं। प्रशासन आपके सहयोग के लिए पूरी तरह तत्पर है। आपकी भक्ति और श्रद्धा में प्रशासन की भी आस्था है।

डीसी ने छठ व्रतियों - श्रद्धालुओं से अति उत्साह में गहरे पानी में नहीं जाने की अपील की तथा बताया कि सुरक्षा हेतु सभी घाटों पर चेतावनी बोर्ड एवं साइनेज लगाए गए हैं, ताकि किसी प्रकार की अनहोनी से बचा जा सके।

निरीक्षण के दौरान पूर्व विधायक बोकारो बिरंची नारायण भी उपस्थित रहे। उन्होंने प्रशासनिक तैयारियों की सराहना की। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे स्वच्छता,शांति और अनुशासन का पालन करते हुए इस महान आस्था के पर्व को मिल-जुलकर मनाएं।

# छठ पर्व के अवसर पर भारी वाहनों के परिचालन पर रहेगा अस्थायी प्रतिबंध

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** छठ महापर्व के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुचारू यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु अनुमंडल पदाधिकारी, चास एवं ट्रैफिक डीएसपी की ओर से संयुक्त आदेश जारी किया गया है।

आदेश के तहत छठ घाटों की ओर जाने वाले मुख्य मार्गों पर निर्धारित समयावधि में भारी वाहनों का परिचालन प्रतिबंधित रहेगा।

शहर के प्रमुख घाट- सोलागीडीह तालाब, गरगा पुल, गरगा डैम, सिटी पार्क, जगन्नाथ मंदिर आदि स्थानों पर 27.10.2025 को अपराह्न में अस्ताचलगामी सूर्य एवं 28.10.2025 को प्रातः उदियमान सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा।

इस अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं सुचारू आवागमन सुनिश्चित करने के लिए 27.10.2025 को दोपहर 14:00 बजे से रात 20:00 बजे तक तथा दिनांक 28.10.2025 को प्रातः 03:00 बजे से 09:00 बजे तक मालवाहक भारी वाहनों का परिचालन पूर्णतः बंद रहेगा।

## संयुक्तादेश में श्रद्धालुओं की सुविधा का रखा गया है विशेष ख्याल

प्रतिबंधित मार्ग इस प्रकार हैं:- तेलमच्चो सेक्टर-11 मोड़ से सेक्टर-11 की ओर आने वाली भारी वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।

पुपुनकी टॉल प्लाजा से जोधाडीह मोड़, चास की ओर आने वाले भारी वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा तथा उन्हें पुपुनकी टॉल प्लाजा के पास रोका जायेगा।

तेलगड़ीया मोड़ से जोधाडीह मोड़, चास की ओर आने वाले भारी वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा तथा उन्हें तेलगड़ीया मोड़ के पास रोका जायेगा।

आई.टी.आई. मोड़ (फोरलेन) से जोधाडीह मोड़, धर्मशाला मोड़, पिण्ड्राजोरा एवं उकरीद मोड़ की ओर आने वाले भारी वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा तथा उन्हें आई.टी.आई. मोड़, फोरलेन के पास रोका जायेगा।

पिण्ड्राजोरा चेक पोस्ट से आई.टी.आई. मोड़ की ओर आने वाले भारी वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा तथा उन्हें पिण्ड्राजोरा चेक पोस्ट के पास रोका जायेगा।

बालीडीह से उकरीद मोड़ की ओर आने वाले भारी वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा तथा उन्हें बालीडीह टॉल प्लाजा के पास रोका जायेगा।

बोकारो स्टील प्लांट एवं माराफारी की ओर से बालीडीह की ओर जाने वाले भारी वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा तथा उन्हें उकरीद मोड़ हाईवे के पास रोका जायेगा।

स्टेशन मोड़ बालीडीह से बालीडीह टॉल प्लाजा की ओर जाने वाले छोटे वाहनों का परिचालन सड़क के दाहिने ओर से रहेगा।

तेलगड़ीया मोड़ से जोधाडीह मोड़ की ओर जाने वाले छोटे वाहनों का परिचालन सड़क के दाहिने ओर से रहेगा। इसके अतिरिक्त, सभी थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाले सभी छठ घाटों के पहुंच पथ में बड़ी वाहनों का परिचालन अर्घ्य के समय बंद करना सुनिश्चित करेंगे।

# डीसी - एसपी ने पुलिस लाइन स्थित छठ घाट का किया निरीक्षण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** रविवार शाम को आस्था के महापर्व छठ को लेकर उपायुक्त अजय नाथ झा एवं पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह ने पुलिस लाइन स्थित छठ घाट का निरीक्षण किया। द्वय पदाधिकारियों ने घाट की स्वच्छता, सुरक्षा व्यवस्था एवं आवश्यक सुविधाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान डीसी - एसपी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा घेरा, बैरिकेडिंग एवं सफाई कार्य को समय पर पूरा करने को कहा। ताकि छठ व्रतियों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो। निरीक्षण के उपरांत डीसी एवं एसपी ने पुलिस लाइन परिसर में प्रस्तावित विकास योजनाओं की भी समीक्षा की। उन्होंने पुलिस लाइन परिसर में मल्टीपरपज हॉल, ड्रेनेज सिस्टम, शौचालय निर्माण तथा अन्य बुनियादी ढांचागत सुविधाओं को लेकर संबंधित विभागों को निर्देश दिया। मौके पर डीसी - एसपी ने कहा कि छठ पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखी गई है।

# लैंडस्लाइड में एक की मौत, दो घायल

- हादसे के बाद क्षेत्र में मची रही अफरातफरी
- लोगों ने की आश्रित के नियोजन की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** छठ महापर्व के बीच धनबाद में एक बड़ा हादसा हुआ है। पुटकी थाना क्षेत्र के सिंह नेचुरल आउटसोर्सिंग में रविवार को हुए लैंडस्लाइड में तीन मजदूर मलबे में दब गए। जिसमें से एक मजदूर की मौत हो गई है, जबकि दो मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

इस दर्दनाक हादसे में दीपक पंडित नामक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई है। जबकि गणेश महतो और किशोर महतो गंभीर रूप से घायल हो गए है। दोनों का इलाज एक निजी नर्सिंग होम में चल रहा है। मृतक केंदुआडीह थाना क्षेत्र स्थित राजपूत बस्ती का निवासी था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मृतक दीपक पंडित कंपनी के ऑफिस में कार्यरत था। रविवार की सुबह डीजल टैंकरों में डीजल भरवाने के लिए माइंस गया था। इसी दौरान अचानक ओबी का ढेर धंस गया और तीन मजदूर उसकी चपेट में आ गए। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। सहकर्मी मजदूरों और स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में मलबा हटाकर घायलों को बाहर निकाला, लेकिन दीपक पंडित की मौके पर ही मौत हो चुकी थी।



वही घटना के बाद आक्रोशित परिजनों और लोगों ने मृतक का शव कंपनी गेट के सामने रख कर मुआवजा और आश्रित को नियोजन की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। सूचना मिलते ही पुटकी थाना समेत आसपास के कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझा कर शांत कराने का प्रयास किया गया। बाद में कंपनी प्रबंधन और प्रशासन के हस्तक्षेप से स्थिति नियंत्रित हुई।

बातचीत के बाद कंपनी प्रबंधन ने मृतक के परिजनों को 15 लाख रुपये मुआवजा, एक लाख रुपये क्रिया कर्म के लिए और मृत युवक के आश्रित को एक नौकरी देने पर सहमति बनी, जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

# छठ घाटों पर तैयारियों को दिया जा रहा अंतिम रूप



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** लोक आस्था का महापर्व छठ को लेकर बोकारो में तैयारियां जोरों पर हैं। गरगा पुल के पास स्थित हेल्पिंग हैंड छठ घाट में अंतिम रूप से तैयारियां की जा रही हैं। घाट की साफ-सफाई, सजावट और व्यवस्था को लेकर चास नगर निगम, बोकारो स्टील प्रबंधन और हेल्पिंग हैंड संस्था संयुक्त रूप से कार्य कर रहे हैं ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। संस्था के संस्थापक गोपाल मुरारका ने बताया कि घाट की सफाई कार्य पूरा हो चुका है और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए नगर निगम द्वारा अस्थायी पुल का निर्माण भी कराया गया है। उन्होंने कहा कि संस्था और प्रशासन मिलकर यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि छठ व्रतियों और आगंतुकों को किसी भी तरह की परेशानी न हो। संस्था के कोषाध्यक्ष चंद्रपाल चांदनी ने बताया कि श्रद्धालुओं के लिए सुबह और शाम अर्घ्य देने हेतु दूध की व्यवस्था, प्रकाश की उचित व्यवस्था और एंबुलेंस की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। साथ ही, सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण के लिए वालंटियरों की टीम पूरे क्षेत्र में तैनात रहेगी। वातावरण अब पूरी तरह से आस्था और श्रद्धा से सराबोर है। स्थानीय लोगों में उत्साह देखते ही बनता है। उम्मीद है कि इस बार भी छठ महापर्व शांतिपूर्ण और भव्य तरीके से संपन्न होगा।

## व्रतियों ने विधि-विधान से किया खरना का अनुष्ठान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

खूंटी। खूँटी में सूयोर्पासना के चार दिवसीय महापर्व छठ की शुरूआत के बाद आज खरना का अनुष्ठान किया गया। कल नहाय-खाय अनुष्ठान के साथ छठव्रतियों ने कद्दूभात ग्रहण किया था आज दूसरे दिन खरना का अनुष्ठान किया जाता है। चार दिनों तक चलने वाले लोकआस्था का महापर्व छठ में पवित्रता और शुद्धता के साथ व्रत किया जाता है।

चार दिवसीय छठ के अनुष्ठान में घरों की सफाई का विशेष महत्व है। मिट्टी के चूल्हे पर आम की लकड़ी जलाकर खरना प्रसाद तैयार किया जाता है। आम की लकड़ी का प्रयोग छठ में विशेष रूप से किया जाता है। आम की लकड़ी जलाने से वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचरण होता है। इस दौरान पूरे वातावरण में भक्ति और आस्था का माहौल छाया रहता है। हर घर से छठ गीतों की मधुर धुनें गूंजती रहती हैं। नहाय-खाय के साथ शुरू हुआ ये पर्व अब खरना, संध्या अर्घ्य और उषा अर्घ्य तक चलेगा। श्रद्धालु अगले चार दिनों तक सूर्यदेव और छठी मैया की उपासना कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करते हैं।छठ महापर्व को लेकर आज खूंटी का बाजार में काफी भीड़ रही। छठव्रती परिवार के लोग फल, फूल, प्रसाद, ईख, डम्भा, सूप, नारियल खरीदारी करने पहुँचे। वहीं पूजन सामग्री की दूकानों में भी काफी भीड़ रही । लोग उत्साह पूर्वक बाजार से पूजन सामग्रियों और फल फूल के खरीदारी किये। हालांकि फलों के दामों में कोई इजाफा नहीं हुआ और सामान्य दिनों की भांति फलों के दाम बने रहे।

# छठव्रातियों के बीच विधायक ने बांटी पूजन सामग्री

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जनता दल यूनाइटेड के जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने आज जमशेदपुर पूर्वी में छठव्रतियों के बीच पूजन सामग्री और सूप का वितरण किया।

उन्होंने इस अवसर पर कहा कि छठ हमारे सनातन धर्म में आस्था का महापर्व है। प्रकृति पर्व है। लोग पूजा अर्चना अपने ही करते हैं। इसमें कोई कर्मकांड नहीं है। पूजा करने वालों को फल मिलता है और इसमें सहयोग करने वालों को भी इसका फल मिलता है। हमारा अब तक यह पांचवा कार्यक्रम है और अभी हम बिरसानगर जा रहे हैं।

वहीं जदयू के जिला अध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव ने कहा कि मंदिर प्रांगण में हमारी टीम मिलकर सूप का वितरण कर रही है। यहां पर सरयू राय ने 101 सूप का वितरण किया है। उन्होंने कहा कि भारत ही ऐसा देश है, जहां डूबते हुए सूर्य और उगते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है। इसलिए हमें किसी भी उतार चढ़ाव से घबराना नहीं चाहिए।

वहीं जदयू के सिदगोड़ा मंडल अध्यक्ष राकेश कुमार ने कहा कि हमारी टीम ने यहां पर 101 सूप का वितरण किया है। बारीडी ट्यूब कॉलोनी शिव मंदिर के प्रांगण में यह कार्य कई वर्षों से हम लोग कर रहे हैं।

वहीं एक श्रद्धालु महिला रिंकी शर्मा ने कहा कि नारियल, गन्ना ,केला, सूप हमें मिला है। यह लोग और आगे बढ़े और अधिक बांटे ,हम लोग यही कामना करते हैं।




## जतायी गयी बारिश की संभावना

**जमशेदपुर।** महापर्व छठ के बीच इस बार मौसम का मिजाज बदलने वाला है। बंगाल की खाड़ी में बन रहा निम्न दबाव का क्षेत्र अब धीरे-धीरे ताकत पकड़ रहा है और मौसम विभाग के मुताबिक यह अगले दो दिनों में चक्रवाती तूफान का रूप ले सकता है।

इसका असर कोल्हान प्रमंडल में भी देखने को मिलेगा, जहां 27 अक्टूबर से मौसम करवट लेने लगेगा। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार, बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पूर्वी हिस्से में यह प्रणाली लगातार सक्रिय हो रही है। 26 अक्टूबर तक इसके और गहराने की संभावना है, जबकि 27 अक्टूबर की सुबह तक यह चक्रवाती तूफान बन सकता है।

यह 28 अक्टूबर की शाम या रात के दौरान आंध्र प्रदेश के काकीनाडा के आसपास तट से टकरा सकता है। इसके चलते आंध्र प्रदेश और ओडिशा के तटीय इलाकों में तेज हवाओं और भारी बारिश की संभावना जताई गई है। हवा की रफ्तार 90 से 110 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती है।

# छठ पर धनबाद से पटना के लिए चली स्पेशल ट्रेन, यात्रियों ने की रेलवे की सराहना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** लोक आस्था के महापर्व छठ के मौके पर घर जाने वालों की भारी भीड़ को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने धनबाद से पटना के लिए विशेष ट्रेन चलाई। यात्रियों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए धनबाद रेल मंडल ने स्पेशल ट्रेनें रवाना कीं। ये ट्रेनें गोमो, पारसनाथ, हजारीबाग रोड, कोडरमा, गया, जहानाबाद और तारेगना होते हुए पटना पहुंची। छठ के कारण पहले धनबाद रेलवे स्टेशन पर सुबह से ही यात्रियों की लंबी कतारें देखी गईं। भीड़ को नियंत्रित करने और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रेलवे ने विशेष प्रबंध किए। आरपीएफ और जीआरपी के जवानों को सभी प्लेटफॉर्मों पर तैनात किया गया है। स्टेशन परिसर में स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था और पानी की आपूर्ति पर विशेष ध्यान दिया गया , यात्रियों के लिए पहली बार रेलवे प्रबंधन द्वारा छठ के गाने भी बजाए गए।

धनबाद रेल मंडल के डीआरएम अखिलेश मिश्रा ने बताया कि पटना की ओर जाने वाले यात्रियों की भारी संख्या को देखते हुए विशेष छठ स्पेशल ट्रेनें चलाई गई हैं। छठ पर्व के दौरान कुल 26 जोड़ी विशेष ट्रेनें संचालित की जा रही हैं, जिनमें से 19 ट्रेनों का ठहराव धनबाद रेलवे स्टेशन पर होगा। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो और यात्री सुरक्षित व सुगमता से अपने गंतव्य तक पहुंच सकें।



स्पेशल ट्रेन से यात्रा करने वाले यात्री बेहद खुश दिखे। उन्होंने कहा कि ट्रेन में अपेक्षाकृत कम भीड़ थी, जिससे यात्रा आरामदायक रही। पटना जा रहे बुजुर्ग यात्री विजय कुमार सिंह ने कहा कि शुक्रवार को भीड़ के कारण वे लौट गए थे, पर आज स्पेशल ट्रेन से आसानी से सफर कर पा रहे हैं। वहीं, यात्री मुस्कान ने कहा कि रेलवे का यह कदम सराहनीय है और इससे छठ मनाने जा रहे लोगों को बड़ी राहत मिली है। यात्रियों ने रेलवे प्रशासन के इस त्वरित निर्णय के लिए आभार व्यक्त किया।

# स्टेशनों पर गूंज रहे छठी मईया के गीत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**साहिबगंज।** ***केलवा के पात पर उगेलन सुरुजदेव***
***पहिले पहिल हम कईनी छठ के बरतिया***
***पटना के घाट पर हमहूँ अरगिया देहब हे छठी मैया***

कौने खेत जन्मल धान सुधान हो, जैसे प्रसिद्ध छठ पूजा के गीत साहिबगंज बरहरवा और तीन पहाड़ सहित 30 से अधिक रेलवे स्टेशनों की उद्घोषणा प्रणालियों से गूंज रहे हैं, जो न केवल यात्रियों के मन को छूने वाला अनुभव बन रहा है, बल्कि उन्हें बिहार की संस्कृति से भी जोड़ कर देखा जा रहा है।

इस वर्ष भारतीय रेल ने छठ के इस अवसर को और भी खास बना दिया है। विशेषकर महिला यात्रियों को इन गीतों को गुनगुनाते हुए भी देखा जा सकता है।

भारतीय रेल ने इस प्रकार का प्रयोग पहली बार किया है हर साल छठ पूजा के दौरान लाखों की संख्या में बिहार और उत्तर भारत के विभिन्न हिस्सों में लोग अपने घरों की ओर लौटते हैं।

लेकिन स्टेशनों पर स्टेशन उद्घोषणा प्रणाली के माध्यम से छठ के गीतों के साथ यात्रियों का स्वागत शायद पहली बार हो रहा है। यह कोशिश अपने आप में विशिष्ट है और दूर दराज से आने वाले यात्रियों को बिहार की संस्कृति से जोड़ रही है सुल्तानगंज, भागलपुर, सिमुलतला, मधुपुर, कहलगांव, पीरपैंती, साहिबगंज रांची, पटना, दानापुर, राजेंद्र नगर, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर, हाजीपुर, सोनपुर, 30 से अधिक रेलवे स्टेशनों पर छठ के गीत बजाए जा रहे हैं।

रेलवे इस प्रयोग से छठ पूजा के लिए जा रहे यात्री विशेष कर महिला यात्री काफी खुश नजर आ रही हैं। दूर दराज से ट्रेन पड़कर आ रहे यात्रियों की ट्रेन जब उनके रेलवे स्टेशन पर पहुंची, तो यात्रियों को छठ के गीत सुनाई पड़ने लगे।

# एचआइवी संक्रमित खून चढ़ाने के मामले से विभाग में मचा हड़कम्प

## अधीक्षक, ब्लड बैंक के प्रभारी, अस्पताल मैनेजर, कार्यक्रम प्रबंधक के विरुद्ध होगी कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चाईबासा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने चाईबासा सदर अस्पताल में थैलेसीमिया पीड़ित छह बच्चों को एचआइवी संक्रमित खून चढ़ाने के मामले को गंभीरता से लिया है। उन्होंने इस घटना के लिए जिम्मेदार पश्चिमी सिंहभूम के सिविल सर्जन सहित अन्य सभी पदाधिकारियों को निलंबित करने का आदेश दिया है।

मुख्यमंत्री ने इस घटना को काफी पीड़ादायक बताते हुए प्रभावित बच्चों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये मुआवजा देने की घोषणा की है। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा संक्रमित सभी बच्चों के इलाज का पूरा खर्च उठाने की भी बात कही है। उन्होंने जिम्मेदार अधिकारियों एवं अन्य कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई का आदेश स्वास्थ्य विभाग को दिया है।

मुख्यमंत्री ने इस घटना के बाद राज्य के सभी ब्लड बैंकों का आडिट कराने का भी आदेश स्वास्थ्य विभाग को दिया है।

उन्होंने आडिट कराकर पांच दिनों में रिपोर्ट देने का आदेश विभाग को दिया है। यह कार्रवाई झारखंड राज्य एड्स नियंत्रण समिति द्वारा की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने एक्स पर ट्विट पर मामले में उनके द्वारा की गई कार्रवाई से अवगत कराया है। उन्होंने एक्स पर ही स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी को भी टैग करते हुए इसपर संज्ञान लेने को कहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य में लचर व्यवस्था बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

इस गंभीर लापरवाही के लिए सिविल सर्जन के अलावा चाईबासा सदर अस्पताल के अधीक्षक, अस्पताल मैनेजर, ब्लड बैंक के प्रभारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सभी जिम्मेदार माने गए हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इन सभी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

इस मामले को जांच के लिए चाईबासा गई स्वास्थ्य निदेशालय की टीम ने जांच के बाद कई अधिकारियों की लापरवाही पाई है। जांच टीम ने पाया एक बच्चा के संक्रमित होने के बाद भी वहां के अधिकारी अलर्ट नहीं हुए।

अगर सजगता दिखाते तो इतने बच्चे संक्रमित नहीं होते। इतना ही नहीं, बच्चों के संक्रमित होने की जानकारी स्वास्थ्य विभाग को नहीं दी गई। जांच टीम ने इस मामले में सबसे बड़ी लापरवाही ब्लड बैंक के प्रभारी की पाई है।

साथ ही सिविल सर्जन को निगरानी नहीं रख पाने के लिए जिम्मेदार पाया गया है।

# महारैली की सफलता को ले कुड़मी समन्वय समिति ने की बैठक




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** बृहद झारखण्ड कुड़मी समन्वय समिति धनबाद जिला की एक महत्वपूर्ण बैठक 8 लेन रोड स्थित बिनोद बिहारी महतो चौक के समीप सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता आजसू नेता मंटू महतो ने की।

बैठक में कुड़मी जाति को जनजाति तथा कुड़माली भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर आगामी 2 दिसंबर को महारैली को सफल बनाने का निर्णय लिया गया। वक्ताओं ने रैली में 2 लाख कुड़मी जनजाति समाज की भागेदारी सुनिश्वहित करने पर जोर दिया गया। मंटू महतो ने कहा कि एक बार फिर कुड़मी जनजाति समाज को एसटी में शामिल करने तथा कुड़माली भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर बृहत आंदोलन की तैयारी है। आगामी 2 दिसंबर की रैली की सफलता को लेकर बैठकों का दौर जारी है। धनबाद के अलावे अन्य जिलों से भी समाज के लोग रैली में शामिल होंगे। आगे 11 जनवरी को भी रांची में रैली बुलाई गई है। बृहत झारखण्ड कुड़मी समन्वय समिति अपने हक अधिकार के लिए अब रुकेगी नहीं आगे दिल्ली में भी वृहत आंदोलन होगा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी.कॉर्प.लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लॉट नंबर 31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक: मनोज विशाल फोन नंबर: 9431145865, 8210783623, आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या: JHAHIN/2017/72655, Email : bokaronbt@gmail.com

CMYK